सूर्योदय प्रातः 5:26 | सूर्यास्त संध्या 6:18 | पखवाड़ा श्रावण शु. अष्टमी, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 27° न्यूनतम 23°



# फ्रीडम फाइटर



राष्ट्रहित सर्वोपरि
रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, गुरुवार, 20 अगस्त 2026, वर्ष : 17, अंक : 186, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions

## शेयर बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76,909.68 | -325.78 (-0.42%) |
| निफ्टी | 24,078.30 | -76.60 (-0.32%) |

## सर्राफा बाजार (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 1,51,620.00 |
| चांदी | 2550.00 |

# सेमीकंडक्टर के लिए तैयार हो रहा इकोसिस्टम : ऐसे बनेगा भारत सेमीकंडक्टर में अग्रणी देश

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : मोबाइल से लेकर मिसाइल तक, इलेक्ट्रिक वाहन से लेकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अंतरिक्ष तकनीक तक, आधुनिक दुनिया की ताकत जिस छोटे से चिप में छिपी है। अब भारत उसी चिप की पूरी दुनिया अपने भीतर खड़ी करने की दिशा में बढ़ रहा है। लक्ष्य सेमीकंडक्टर से होते हुए डिजाइन, फैब, पैकेजिंग, परीक्षण, सामग्री, उपकरण, कौशल और अंतिम इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम तक पूरी मूल्य श्रृंखला तैयार करना है। दरअसल, अब 17 से 19 सितंबर 2026 को नयी दिल्ली के यशोभूमि में होने वाला सेमीकॉन इंडिया 2026 इसी महत्वाकांक्षा का वैश्विक प्रदर्शन होगा। वैसे सेमीकंडक्टर निर्माण को लेकर भारत के लिए चुनौती इसलिए बड़ी है, क्योंकि वह विश्व के बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स बाजारों में है, लेकिन चिप निर्माण में लम्बे समय तक आयात पर निर्भर रहता रहा है। अब इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के जरिये तस्वीर बदलने की कोशिश हो रही है। भारत का लक्ष्य चिप का बड़ा बाजार बनने से लेकर अब डिजाइन से निर्माण और चिप से सिस्टम तक वैश्विक स्तर की क्षमता विकसित करना है।

इस बदलाव की शुरुआत सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम के पहले चरण से हुई। सेमीकॉन 1.0 के तहत अब तक 12 सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। इनमें से तीन परियोजनाओं में वाणिज्यिक उत्पादन शुरू हो चुका है। यानी भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा अब केवल नीति और घोषणाओं तक सीमित नहीं रही, बल्कि उत्पादन के स्तर पर पहुंच चुकी है।

इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन इसे लेकर कहते हैं, 'इस वर्ष का सेमीकॉन इंडिया इसलिए विशेष है, क्योंकि यह आयोजन सेमीकॉन कार्यक्रम की 'जमीनी सफलता' की ● शेष पृष्ठ 11 पर




### अब लक्ष्य 'मेड इन इंडिया चिप' से आगे का

**सेमीकॉन** इंडिया अध्यक्ष अशोक चंदक यह भी कहते हैं कि भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा का अगला चरण चिप से सिस्टम और सिस्टम से वैश्विक उत्पाद तक पहुंचने का है। सेमीकॉन 1.0 की 12 परियोजनाएं, उनमें शुरू हो चुका तीन परियोजनाओं का वाणिज्यिक उत्पादन और सेमीकॉन 2.0 का 1,27,500 करोड़ रुपये का विस्तार इस यात्रा की जमीन तैयार कर रहे हैं। सेमीकॉन इंडिया 2026 इसी परिवर्तन को वैश्विक मंच पर सामने रखेगा। उनके अनुसार, भारत के सामने अवसर असाधारण है, वैश्विक मांग अगले वर्षों में दोगुनी होने की उम्मीद है और घरेलू मांग भी 200 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है।

## एक झलक

### भावनगर में जहरीली शराब से 03 की मौत

**भावनगर** : भावनगर जिले में नकली 'रॉयल स्टैग' ब्रांड की शराब का कहर बरपा है। जहरीली शराब के सेवन की आशंका के बीच दो और लोगों की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर तीन पहुंच गयी है। मृतकों की पहचान कार्तिक अश्विनभाई मकवाणा (40), उपेंद्रसिंह चंद्रसिंह गोहिल (25) और मध्य प्रदेश के इंदौर निवासी नरेंद्रसिंह यादव के रूप में हुई है। जिला कलेक्टर के अनुसार फिलहाल सिविल अस्पताल में 08 और निजी अस्पतालों में 09 मरीजों की हालत फिलहाल सामान्य बतायी गयी है।
राज्य सरकार ने घटना की जांच स्टेट मॉनिटरिंग सेल (एसएमसी) को सौंप दी है।

### मानव तस्करी नेटवर्क में शामिल आरोपित को सीबीआई ने दबोचा

**नयी दिल्ली** : केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दक्षिण-पूर्व एशिया के स्कैम कम्पाउंड से जुड़े मानव तस्करी और साइबर स्लेवरी नेटवर्क में शामिल आरोपित हिसार निवासी अंकित को यहां से गिरफ्तार किया है। उसे दक्षिण-पूर्व एशिया के स्कैम कम्पाउंड से जुड़े साइबर स्लेवरी और मानव तस्करी नेटवर्क का हिस्सा बताया जा रहा है।
सीबीआई के मुताबिक जांच में सामने आया है कि आरोपित ने साल 2025 में हिसार इलाके से कम-से-कम चार लोगों को म्यांमार और कम्बोडिया के स्कैम कम्पाउंड भेजा था।

### ईडी के सामने पेश हुईं अभिनेत्री निधि अग्रवाल

**हैदराबाद** : तेलुगु अभिनेत्री निधि अग्रवाल सट्टेबाजी ऐप्स के प्रचार से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को हैदराबाद में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के समक्ष पेश हुईं। ईडी ने सट्टेबाजी ऐप्स के प्रचार के लिए हवाला चैनलों के माध्यम से कथित तौर पर भुगतान प्राप्त करने के आरोपों के सम्बन्ध में अभिनेत्री को पहले नोटिस जारी की थी। हालांकि, निधि अग्रवाल ने पूर्व निर्धारित कार्य प्रतिबद्धताओं का हवाला देते हुए एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए अतिरिक्त समय मांगा था।

# नीट पेपर लीक पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, बोला... यूपीएससी से सीखिए

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : नीट-यूजी पेपर लीक मामले में बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई हुई। केन्द्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि प्रश्न-पत्र तैयार करने से लेकर परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचाने की पूरी प्रक्रिया में कड़ी गोपनीयता बरती जाती है। उन्होंने कहा कि नीट के लिए तैयार की गयी व्यवस्था पूरी तरह सुरक्षित है और इसमें सेंध लगाना बेहद मुश्किल है।
सॉलिसिटर जनरल ने बताया कि प्रश्न-पत्र ले जानेवालीं गाड़ियों में जीपीएस लगाया जाता है और उनकी छोटी से छोटी गतिविधि भी रिकॉर्ड होती है। प्रश्न बैंक तैयार करने के लिए कई मॉडरेटर लगाये जाते हैं और उन्हें यह जानकारी नहीं होती कि उनके तैयार किये गये सवालों में से कौन-से प्रश्न अंतिम प्रश्न-पत्र में शामिल होंगे। सरकार ने इन व्यवस्थाओं के आधार पर परीक्षा प्रणाली को फूलप्रूफ बताया। सरकार के पक्ष को सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इन सुरक्षा उपायों की राधाकृष्णन समिति पहले ही समीक्षा कर चुकी है। अदालत ने कहा कि समिति ने केवल परीक्षा संचालन की तकनीकी कमियों की नहीं, बल्कि संस्थागत समस्याओं की भी पहचान की थी। कोर्ट ने कहा कि वह ऐसा समाधान चाहता है, जिसका असर लम्बे समय तक रहे। पीठ ने कहा ● शेष पृष्ठ 11 पर

■ सरकार ने कहा : परीक्षा व्यवस्था फूलप्रूफ, कोर्ट ने पूछा- राधाकृष्णन समिति की सिफारिशों पर अब तक क्या हुआ ?



नीट की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

### सीबीटी और दो चरणों में परीक्षा पर भी विचार

**पिछली** सुनवाई में केन्द्र सरकार ने हलफनामे के जरिये बताया था कि भविष्य में नीट को कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) के रूप में आयोजित करने और जी की तर्ज पर इसे दो चरणों-मेन और एडवांस्ड-में कराने के विकल्प पर विचार किया जा रहा है। सरकार ने परीक्षा व्यवस्था में अन्य व्यापक सुधार किये जाने की बात भी कही थी।

### केन्द्र से नया हलफनामा मांगा

**सुप्रीम** कोर्ट ने केन्द्र सरकार को नया हलफनामा दाखिल करने के निर्देश दिये हैं। अदालत ने केन्द्र से पूछा कि नीट व्यवस्था में संस्थागत सुधार के लिए राधाकृष्णन समिति की सिफारिशों को लागू करने के लिए अब तक क्या कदम उठाये गये हैं। मामले की अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी। गौरतलब है कि नीट पेपर लीक और परीक्षा व्यवस्था को लेकर सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दाखिल की गयी हैं। इन्हीं पर सुनवाई के दौरान परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधारों पर चर्चा हो रही है।

### दिल्ली से शुरू होगा पायलट प्रोजेक्ट

**बिना** वैध बीमा के वाहन चलानेवालों पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखायी है। कोर्ट ने केन्द्र सरकार से कहा है कि वह ऐसे पायलट प्रोजेक्ट को लागू करे, जिसमें वैध बीमा नहीं होने पर पेट्रोल पम्पों से वाहन को ईन्धन ही न मिले। कोर्ट ने कहा कि इसकी शुरूआत दिल्ली से की जा सकती है। बुधवार को यह मामला जस्टिस संजय करोल और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ के सामने आया। केन्द्र की ओर से पेश वकील ने चार अगस्त के सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला दिया। उन्होंने बताया कि पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय को इस व्यवस्था को लेकर कुछ चिन्ताएं हैं। इस पर पीठ ने साफ कहा कि आपको इसे लागू करना होगा। कोर्ट ने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट दिल्ली से शुरू किया जा सकता है।

# बंगाल बार काउंसिल में टीएमसी समर्थकों का दबदबा, 23 में से 15 सीटों पर जीत

एजेंसी

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद हुए बार काउंसिल चुनाव के नतीजों ने तृणमूल कांग्रेस को राजनीतिक रूप से कुछ राहत दी है। राज्य बार काउंसिल की 23 सीटों में से टीएमसी समर्थित उम्मीदवारों ने 15 सीटों पर जीत दर्ज की है। चुनाव में कुल 75 उम्मीदवार मैदान में थे। इनमें 23 को टीएमसी, 22 को भाजपा और 12 को वाम दलों का समर्थन प्राप्त था।
बार काउंसिल का चुनाव सीधे तौर पर विधानसभा चुनाव जैसा राजनीतिक जनादेश नहीं माना जाता, लेकिन उम्मीदवारों को राजनीतिक दलों का समर्थन मिलने के कारण इसका राजनीतिक महत्त्व बढ़ गया है। खासकर, ऐसे समय में जब 2026 के विधानसभा चुनाव में टीएमसी को बड़ा झटका लगा और भाजपा ने 294 सदस्यीय विधानसभा में 207 सीटें जीत कर बहुमत हासिल किया। टीएमसी 80 सीटों पर सिमट गयी।
विधानसभा चुनाव में सत्ता गंवाने के बाद बार काउंसिल में टीएमसी समर्थित उम्मीदवारों की 15 सीटों पर जीत को पार्टी के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। यह नतीजा पार्टी के समर्थकों और संगठन के लिए मनोवैज्ञानिक राहत देने वाला हो सकता है। राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद राजनीतिक तनाव और नेताओं-कार्यकर्ताओं पर हमलों के आरोपों के बीच टीएमसी खेमे के लिए यह परिणाम इस बात का संकेत माना जा सकता है कि समाज के कुछ प्रभावशाली वर्गों में पार्टी की पकड़ अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है।



### आईएसआई नेटवर्क मामले में तीसरा स्थानीय सहयोगी गिरफ्तार

**कोलकाता** : पाकिस्तानी नागरिक वहाब आलम से जुड़े कथित आईएसआई नेटवर्क की जांच में पश्चिम बंगाल स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को बड़ी सफलता मिली है। एसटीएफ ने मामले में तीसरे स्थानीय सहयोगी जफर शम्स उर्फ सनी को हुगली जिले के रिसड़ा इलाके से गिरफ्तार किया है। वह पूर्वी कोलकाता के तोपसिया इलाके का निवासी बताया जा रहा है। जांच एजेंसियों के अनुसार, वहाब आलम की गिरफ्तारी के बाद सनी फरार था। एसटीएफ की पूछताछ और जांच के दौरान उसका नाम सामने आने के बाद उसकी तलाश की जा रही थी।

## धनबाद-कोयम्बतूर के बीच 22 अगस्त से चलेगी अमृत भारत एक्सप्रेस



■ हर शनिवार धनबाद से और मंगलवार को कोयम्बतूर से होगी वापसी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद** : यात्रियों की सुविधा और लम्बी दूरी की रेल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के उद्देश्य से धनबाद और कोयम्बतूर के बीच नयी अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन शुरू किया जायेगा। ट्रेन संख्या 22363 धनबाद-कोयम्बतूर अमृत भारत एक्सप्रेस 22 अगस्त से प्रत्येक शनिवार को चलेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 22364 कोयम्बतूर-धनबाद अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन 25 अगस्त से प्रत्येक मंगलवार को होगा।
धनबाद से ट्रेन शाम 4.10 बजे रवाना होगी। रास्ते में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जंक्शन गोमो, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गयाजी, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड और दीनदयाल उपाध्याय सहित कई स्टेशनों पर ठहराव के बाद सोमवार शाम 6.30 बजे कोयम्बतूर पहुंचेगी। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## अनशनकारी छात्रों ने सरकार को दो माह में बेहतर तरीके से जांच करने की शर्त पर तोड़ा अनशन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

जेपीएससी प्रकरण

**रांची** : जेपीएससी-जेएसएससी प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितता और भ्रष्टाचार के खिलाफ जेपीएससी-जेएसएससी रिफॉर्म मंच की ओर से जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में 25 जुलाई 2026 से चल रहे छात्र आन्दोलन बुधवार को 26 वें दिन फिलहाल 60 दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया। आन्दोलन के तहत 16 दिनों से जारी आमरण अनशन भी समाप्त कराया गया। कोतवाली थाना प्रभारी सनोज चौधरी ने स्टेडियम में मौजूद अनशनकारी छात्रा सबिता कुमारी, रूपेश कुमार, राहुल क्रांति को जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया। हालांकि, सबिता कुमारी सहित अन्य अनशनकारियों ने दो टूक कहा कि आन्दोलन समाप्त नहीं हुआ है। लेकिन, सरकार ने जेपीएससी-जेएसएससी सीजीएल सहित अन्य ● शेष पृष्ठ 11 पर



### सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के उप लेखा नियंत्रक घूस लेते गिरफ्तार

**नयी दिल्ली** : केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में स्वतंत्र वित्तीय सलाहकार के पद पर कार्यरत उप लेखा नियंत्रक संदीप को 10 लाख रुपये घूस लेते रंगेहाथ पकड़ा है। आरोपी ने एक निजी कम्पनी के अनुबंध के नवीनीकरण की फाइल को जल्द निपटाने के लिए पहले 15 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। बातचीत के बाद वह 10 लाख रुपये लेने पर सहमत हुआ। सीबीआई के अनुसार, आरोपी उप लेखा नियंत्रक संदीप (आईसीएएस : 2020) के खिलाफ मंगलवार को शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया था।

## जेपीएससी परीक्षा रद्द होने के बाद नियुक्त कर्मियों को हटाने के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : झारखंड सरकार की ओर से 11वीं से 13वीं जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के आधार पर नियुक्त कर्मियों को हटाने के आदेश को झारखंड उच्च न्यायालय में चुनौती दी गयी है। याचिकाकर्ता सोनम कुमारी ने सरकार की उस अधिसूचना को चुनौती दी है, जिसमें विज्ञापन संख्या 1/2024 के तहत आयोजित 11वीं से 13वीं जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा को रद्द कर दिया गया है।
याचिका में सोनम कुमारी ने कहा है कि उन्होंने दूसरी जगह की नौकरी छोड़ कर झारखंड में नियुक्ति के बाद योगदान दिया था। उन्हें 24 नवम्बर 2025 को नियुक्ति पत्र मिला था और उन्होंने प्रशिक्षण भी पूरा किया। इसी बीच राज्य सरकार ने 18 अगस्त 2026 को अधिसूचना जारी कर उनकी नियुक्ति रद्द कर दी।
याचिकाकर्ता ने नियुक्ति रद्द करने सम्बन्धी सरकार के आदेश को निरस्त करने का आग्रह उच्च न्यायालय से किया है। बताया गया है कि इस परीक्षा में सफल 342 अभ्यर्थी ● शेष पृष्ठ 11 पर




■ दूसरी नौकरी छोड़ कर किया था योगदान, प्रशिक्षण के बाद नियुक्ति रद्द करना अनुचित : याचिकाकर्ता

## अंदर के पन्नों पर

3 आरटीई के तहत 35 स्कूलों में 89 बच्चों का चयन...
5 सावन में रुद्र महायज्ञ को लेकर निकली भव्य...
7 लाभुकों तक समय पर लाभ पहुंचाने के निर्देश...
9 किसानों की समृद्धि को मिलेगी नयी गति...
10 भारत ने श्रीलंका को 165 रनों से हराया...

## कार्टून कोना




# बंगाल, ओड़िशा, तमिलनाडु व आन्ध्र के 08 जिलों में फैलीं 04 रेल परियोजनाओं को मंजूरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पश्चिम बंगाल, ओड़िशा, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के 08 जिलों में फैलीं 04 मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इससे भारतीय रेलवे नेटवर्क में लगभग 410 किलोमीटर की लम्बाई जुड़ जायेगी। कुल अनुमानित लागत 9,450 करोड़ रुपये है। इन परियोजनाओं को 2030-31 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।
प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की आर्थिक मामलों की समिति ने बुधवार को रेल मंत्रालय की चार परियोजनाओं को मंजूरी दी। प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं से लगभग 6,448 गांवों की कनेक्टिविटी में सुधार होगा, जिनकी आबादी लगभग 60 लाख है। नयी रेल लाइनें इस प्रकार हैं- पश्चिम बंगाल और ओडिशा में खड़गपुर-भद्रक (रानीताल) चौथी लाइन (173 किमी), ओडिशा में भद्रक-हरिदासपुर चौथी लाइन (75 किमी), आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में गुम्मिडिपुंडी-गुदुर तीसरी और चौथी लाइन (90 किमी), ओडिशा में कटक-पारादीप (बड़ाबांधा) तीसरी और चौथी लाइन (72 किमी)।
केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बुधवार को राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित क्षमता वृद्धि से देशभर के कई प्रमुख पर्यटन स्थलों तक रेल कनेक्टिविटी में सुधार होगा। प्रस्तावित परियोजनाएं कोयला, लौह अयस्क, सीमेंट, लोहा और इस्पात, कंटेनर, ऑटोमोबाइल, अनाज आदि जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए आवश्यक मार्ग हैं। क्षमता वृद्धि कार्यों से प्रति वर्ष 76 मिलियन टन माल ढुलाई की अतिरिक्त क्षमता प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि रेलवे पर्यावरण के अनुकूल और ऊर्जा कुशल परिवहन माध्यम होने के कारण जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश की रसद लागत को कम करने में सहायक होगा। साथ ही, तेल आयात (लगभग 13 करोड़ लीटर) को कम करेगा और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन (लगभग 65 करोड़ किलोग्राम) को घटायेगा, जो 26 करोड़ वृक्षारोपण के बराबर है।
रेल कनेक्टिविटी में सुधार पानेवाले प्रमुख पर्यटन स्थलों में कुलडीहा वन्यजीव अभयारण्य, भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान, मां भद्रकाली मंदिर, मां धमराई मंदिर, पंचलिंगेश्वर मंदिर, तलसारी-उदयपुर और चांदीपुर समुद्र तट, पुलिकट झील, नेलपट्टू पक्षी अभयारण्य, भगवान वीरराघव पेरुमल मंदिर, गदा कुजंगा जगन्नाथ मंदिर, सरला मंदिर, धबलेश्वर मंदिर, ललितगिरि (एक बौद्ध स्थल) के नाम शामिल हैं।




### राष्ट्रीय राजमार्ग-22 के मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-सोनबरसा खंड को चार लेन करने को मंजूरी

**केन्द्र** सरकार ने बुधवार को बिहार में राष्ट्रीय राजमार्ग-22 (एनएच-22) के मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-सोनबरसा खंड को चार लेन मानक में उन्नयन की मंजूरी दी है। इस परियोजना का विकास हाइब्रिड एन्युइटी मोड (एचएएम) के तहत किया जायेगा। इसकी कुल पूंजी लागत 3590.73 करोड़ रुपये होगी और इसकी कुल लंबाई 82.578 किलोमीटर है। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने सड़क परिवहन मंत्रालय की परियोजना को मंजूरी प्रदान की। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह एक प्रमुख फीडर कॉरिडोर के रूप में सोनबरसा स्थित भारत-नेपाल सीमा को एनएच-27 (पूर्व-पश्चिम गलियारा) पर स्थित मुजफ्फरपुर जैसे आर्थिक केन्द्रों से जोड़ेगा।

## एक झलक

### ठाकुरगांव में मनसा पूजा श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्पन्न

**बुढ़मू :** रविवार को ठाकुरगांव में पारंपरिक एवं ऐतिहासिक मनसा पूजा श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुई। पूरे प्रखंड क्षेत्र में ठाकुरगांव ही ऐसा गांव है, जहां मनसा माता के दो मंदिर स्थित हैं। दोनों मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। मुख्य मंदिर में उग्रसेन लहरी की देखरेख में बंगाल के कारीगरों द्वारा तैयार की गई मनसा माता की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई, जो श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रही। आचार्य पंडित पद्मेश वैद्य ने विधि-विधान से धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया। पूजा में अमरदीप लहकार यजमान के रूप में शामिल हुए। पूजा के दौरान दर्जनों बकरों तथा सैकड़ो बत्तख और कबूतरों की बलि दी गयी। वहीं, दूसरे मनसा मंदिर में भी बंधन लहरी की देखरेख में विधिवत पूजा-अर्चना की गयी।

### कांग्रेस नेता संतु ठाकुर का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**बुढ़मू :** बुढ़मू प्रखंड के नाई समाज के प्रखंड सचिव एवं कांग्रेस नेता संतु ठाकुर (45) का मंगलवार देर रात निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और रांची में उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बुधवार को स्थानीय मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। संतु ठाकुर अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर नाई समाज के जिलाध्यक्ष रवि ठाकुर, महासचिव सुरेंद्र ठाकुर, अवधेश ठाकुर, प्रखंड अध्यक्ष वैद्यनाथ ठाकुर, विधायक सुरेश कुमार बैठा, विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी, विधायक प्रतिनिधि बबलू उरांव, जाकिर अंसारी समेत कई लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### कार और बाइक की टक्कर में युवक घायल

**भुरकुंडा :** ओपी क्षेत्र अंतर्गत मतकमा चौक के निकट बुधवार की शाम कार और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे स्थानीय निजी क्लीनिक ले जाया गया। घायल की पहचान कुरसे पंचायत के भंडरा गांव निवासी मुकुल मुंडा पिता जगदेव मुंडा के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार कार (जेएच 02 एपी 3107) बिरसा चौक की ओर से मतकमा चौक की तरफ आ रही थी। वहीं दूसरी तरफ बाइक (जेएच 02 डी 7434) पर सवार युवक मतकमा चौक से बिरसा चौक की तरफ जा रहा था। इस क्रम में सांवरिया मॉल के निकट दोनों वाहनों की सीधी भिड़ंत हो गई।

## विभिन्न परियोजनाओं के लिए चिह्नित भूमि का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

# योजनाओं के क्रियान्वयन में लायें तेजी : डीसी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिले में विभिन्न महत्वपूर्ण विकास एवं जनहित से जुड़ी परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से उपायुक्त ऋतुराज ने बुधवार को विभिन्न प्रखंडों में परियोजनाओं के लिए चिह्नित स्थलों का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ परियोजनाओं की प्रगति, स्थल की उपयुक्तता, पहुंच पथ, भूमि के सीमांकन सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं की जानकारी ली तथा कार्यों को निर्धारित मानकों एवं समयसीमा के अनुरूप आगे बढ़ाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने गोला प्रखंड अंतर्गत चाड़ी पंचायत के घासी केनके क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज के निर्माण हेतु चिह्नित भूमि का निरीक्षण



किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थल की भौगोलिक स्थिति, उपलब्ध भूमि एवं परियोजना के दृष्टिकोण से आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को चिह्नित भूमि तक सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए पहुंच पथ के निर्माण सहित अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज जैसी महत्वपूर्ण परियोजना के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूर्ण की जाएं, ताकि परियोजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। इसके उपरांत उपायुक्त ने चितरपुर प्रखंड के भुचुंगडीह पंचायत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण हेतु चिह्नित स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थल की स्थिति एवं उपलब्ध भूमि का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त ने चिह्नित भूमि का नियमानुसार डीमार्केशन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि निर्माण कार्य के लिए भूमि की स्पष्ट पहचान एवं सीमांकन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ आवश्यक प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने को कहा। उपायुक्त ने चितरपुर में नवनिर्मित आवासीय विद्यालय का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पेयजल की समस्या की जानकारी मिलने पर उन्होंने स्थल का जायजा लेते हुए समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को विद्यालय में नियमित एवं पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्य जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पेयजल सहित विद्यालय संचालन के लिए आवश्यक सभी मूलभूत सुविधाएं शीघ्र सुनिश्चित की जाएं, ताकि विद्यालय का संचालन जल्द से जल्द प्रारंभ किया जा सके और विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में जनहित एवं विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए चिह्नित स्थलों से संबंधित सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करते हुए योजनाओं को धरातल पर उतारने की दिशा में तेजी से कार्य करें।

## पतरातू डैम के चार फाटक खुले, नदी का जलस्तर बढ़ा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पतरातू :** पतरातू डैम में जलस्तर उच्चतम सीमा पर पहुंचने के बाद मंगलवार की रात फाटक संख्या 4 और 5 को खोला गया। जिससे डैम से 264 क्यूसेक पानी निकासी होती रही है। वहीं मंगलवार की रात जारी बारिश और बढ़ते जलस्तर के मद्देनजर बुधवार को एहतियातन फाटक संख्या 3 और 6 को भी खोल दिया गया है। जिससे फिलहाल 800 क्यूसेक पानी की निकासी हो रही है। जिला प्रशासन रामगढ़ स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और लोगों से सतर्क रहने की अपील की जा रही है। वहीं संपदा पदाधिकारी शेष परिसंपत्ति पीटीपीएस विवेक कुमार ने बताया कि बारिश से जलस्तर उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। माइकिंग से एनाउंसमेट के बाद फाटक खोले गए। फिलहाल चार फाटक खोले गए हैं, जिससे बढ़े हुए पानी की निकासी की जा रही है। इससे नदियों और अन्य जलस्त्रोतों में पानी का स्तर बढ़ा है। स्थिति सामान्य होने तक लोग नदी और जलस्त्रोतों के आसपास बिल्कुल भी नहीं जायें।

## उपायुक्त ने पीएम पोषण योजना, ऑनलाइन उपस्थिति और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों की ली जानकारी

# बच्चों को मेन्यू के अनुसार पौष्टिक भोजन उपलब्ध करायें : डीसी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** समाहरणालय सभागार में बुधवार को उपायुक्त मो. जावेद हुसैन की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था, पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना और विद्यार्थियों के स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न विषयों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि बच्चों को मध्याह्न भोजन समय पर, निर्धारित मेनू के अनुसार और पौष्टिक रूप से उपलब्ध कराया जाए। पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत विद्यालयों में पोषण वाटिका विकसित करने तथा मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता और व्यवस्था का नियमित निरीक्षण करने को कहा। खाद्यान्न के उचित रख-रखाव और सुरक्षित भंडारण



पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। बैठक में शिक्षकों और छात्र-छात्राओं की प्रतिदिन ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने, विद्यालयों में नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा विद्यार्थियों के बीच आईएफए की गोलियों का वितरण सुनिश्चित करने को कहा गया। दिव्यांग बच्चों को चिह्नित कर विशेष कैंप आयोजित करने और पात्र बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने पर भी जोर दिया गया। साथ ही छात्रों का आधार और अपार आईडी निर्माण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि शिक्षक अपनी जिम्मेदारियों और दायित्वों को समझते हुए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण बनाने के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने विद्यार्थियों में अनुशासन बनाए रखने और उन्हें नियमित रूप से स्कूल यूनिफॉर्म में विद्यालय आने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने रेल टेस्ट की तैयारियों और प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिक से अधिक योग्य विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। नीट सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और ऑनलाइन कक्षाओं के संचालन पर भी चर्चा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रधानाध्यापक और शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## ओरमांझी में कैम्प के माध्यम से सभी शिक्षकों का सेवा सत्यापन कार्य सम्पन्न

# मूल सेवा पुस्तिका में हुआ सत्यापन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के निर्देश पर कैम्प आयोजित कर प्रखंड के प्राथमिक एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालयों में कार्यरत सभी शिक्षकों की मूल सेवा पुस्तिका में सेवा सत्यापन का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। कैम्प के माध्यम से एक साथ सेवा सत्यापन कार्य पूरा होने से शिक्षकों को भी सुविधा मिली। सेवा सत्यापन कार्य की तैयारी और सफल संचालन में डीडीओ डॉ. नसीम अहमद, शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक एवं युधिष्ठिर महतो की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं, संघ के प्रखंड सचिव संतोष कुमार तिवारी, सहायक शिक्षिका संगीता कुमारी, दिनेश कुमार कच्छप सहित अन्य



शिक्षकों ने भी कार्य में सहयोग किया। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने कैम्प के माध्यम से सेवा सत्यापन कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं डीडीओ डॉ. नसीम अहमद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए साधुवाद दिया। संघ ने कहा कि इस पहल से शिक्षकों के सेवा संबंधी अभिलेखों को अद्यतन एवं व्यवस्थित रखने में मदद मिलेगी।

## छात्र आन्दोलन खत्म होने से भाजपा की राजनीतिक दुकानदारी पर लगा ताला : सोनाल शांति

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने छात्रों द्वारा आंदोलन समाप्त करने की घोषणा का स्वागत करते हुए भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि धर्म, जाति, घुसपैठ और छात्र आंदोलन जैसे मुद्दे हाथ से निकलने के बाद झारखंड भाजपा एक बार फिर राजनीतिक रूप से बेरोजगार हो गई है और अब नए मुद्दे की तलाश में है। सोनाल शांति ने आरोप लगाया कि छात्र आंदोलन की समाप्ति से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदित्य साहू को झटका लगा है। उन्होंने कहा कि सीबीआई जांच के बहाने सरकार को अस्थिर करने की भाजपा की मंशा पर पानी फिर गया है। उनके अनुसार, आंदोलनकारी छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने, आंदोलन को बदनाम करने और उसे राजनीतिक रूप से



हाईजैक करने की कोशिश भाजपा नेताओं ने की, लेकिन छात्रों के संयम और संवेदनशीलता के कारण भाजपा अपने प्रयास में सफल नहीं हो सकी। कांग्रेस प्रवक्ता ने दावा किया कि आंदोलन समाप्त होने के बाद भाजपा नेतृत्व ने झारखंड भाजपा के नेताओं को दिल्ली तलब किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेतृत्व को अब अपने प्रदेश नेताओं से जवाब मांगना पड़ रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के उस बयान पर भी सोनाल शांति ने सवाल उठाया, जिसमें उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान किसी परीक्षा में गड़बड़ी नहीं होने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि यह बयान भाजपा शासनकाल में हुई परीक्षाओं की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े करता है और 2014 से 2019 के बीच हुई परीक्षाओं की निष्पक्ष जांच की आवश्यकता को रेखांकित करता है।

## जनकल्याण समर्पण संस्थान फुटबॉल टीम बनी चैम्पियन

### फाइनल में रेंडो पतरातू को 3-0 से हराया

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** यूनाइटेड यूथ क्लब, तुरमली ठाकुरगाँव के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का रोमांचक फाइनल मुकाबला जनकल्याण समर्पण संस्थान और रेंडो पतरातू की टीम के बीच खेला गया।



शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जनकल्याण समर्पण संस्थान की टीम ने रेंडो पतरातू को 3-0 से करारी शिकस्त देकर टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने नाम कर ली।फाइनल मुकाबले की शुरूआत से ही जनकल्याण समर्पण संस्थान के खिलाड़ियों ने आक्रामक और संगठित खेल का प्रदर्शन किया। टीम की ओर से मैच के 5वें मिनट में शानदार गोल कर टीम को शुरूआती बढ़त दिलाई गई। इसके बाद 13वें मिनट में एक और बेहतरीन गोल कर टीम ने अपनी स्थिति मजबूत कर ली। लगातार दबाव बना रही जनकल्याण समर्पण संस्थान की टीम के लिए 23वें मिनट में संतोष ने शानदार गोल करते हुए स्कोर 3-0 कर दिया। इसके बाद रेंडो पतरातू की टीम ने वापसी की कई कोशिशें कीं, लेकिन जनकल्याण समर्पण संस्थान के खिलाड़ियों की मजबूत रक्षापंक्ति और बेहतरीन तालमेल के सामने उसकी एक नहीं चली। अंततः जनकल्याण समर्पण संस्थान ने 3-0 की निर्णायक जीत दर्ज करते हुए खिताब पर कब्जा कर लिया। विजेता टीम को आयोजकों की ओर से बड़ी ट्रॉफी एवं 51 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। टूर्नामेंट में जनकल्याण समर्पण संस्थान के प्रेम बेदिया के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच के साथ-साथ प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनके प्रदर्शन ने टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम की शानदार जीत पर जनकल्याण समर्पण संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने हर्ष व्यक्त करते हुए पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि टीम के सभी खिलाड़ी टीम मेंटर नीतीश कुमार और कोच विवेक बेदिया की देखरेख में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान अनुशासन, मेहनत और टीम भावना के साथ खेल का प्रदर्शन किया, जिसका सुखद परिणाम चैंपियन बनने के रूप में सामने आया है।

## देवेन्द्र नाथ महतो से मिले बेड़ो मूलवासी सदान मोर्चा के प्रतिनिधि

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में हुई कथित धांधली और अनियमितताओं के विरोध में रांची में भूख हड़ताल पर बैठकर छात्रों की मांगों को मनवाने वाले देवेन्द्र नाथ महतो से बुधवार को बेड़ो प्रखंड रांची व रांची जिला मूलवासी सदान मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल रांची राजकीय आरोग्य शाला पहुंचकर देवेन्द्र नाथ महतो से मुलाकात की। पदाधिकारियों ने उनके संघर्ष का पूर्ण समर्थन किया और आंदोलन की सफलता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।




**छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : धनंजय कुमार राय**

**इस** दौरान प्रखंड अध्यक्ष धनंजय कुमार राय ने कहा युवाओं के हक और अधिकार की लड़ाई में सदान मोर्चा हर कदम पर छात्रों के साथ खड़ा है। छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में पारदर्शी प्रक्रिया के तहत निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। मौके पर विश्वनाथ गोप,उमेरा खातून, बसंती देवी, मुमताज खान, विशाल, अरविंद प्रसाद, चंदन प्रसाद सहित सदान मोर्चा के प्रखंड व जिला स्तरीय कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे।

# वर्षा से रांची-गुमला मार्ग हुआ बदहाल

## गड्ढों में तब्दील सड़क, जलजमाव से बाइक चालक और दुकानदार परेशान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**बेड़ो :** रांची-गुमला फोरलेन बनने के बाद बेड़ो केशा मोड़ से बारीडीह तक गुजरने वाली मुख्य सड़क पूरी तरह बदहाल हो गई है। यह सड़क जगह- जगह जर्जर होकर बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। वहीं वर्षा के बाद इन गड्ढों में जलजमाव हो जाने से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**04 किलोमीटर का हिस्सा सबसे खराब**

**केशा** मोड़ से बारीडीह गांव तक करीब 4 किलोमीटर का यह हिस्सा सबसे ज्यादा क्षतिग्रस्त है। इस मार्ग सेज प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान, व्यापारी, स्कूल और कॉलेज के छात्र आवागमन करते हैं। जर्जर सड़क के कारण वाहन चालकों को संतुलन बनाए रखने में कठिनाई होती है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है।

**मरम्मत के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति**

**स्थानीय** दुकानदारों, छात्रों और ग्रामीणों का कहना है कि सड़क का निर्माण कई वर्ष पहले हुआ था। उसके बाद इसकी कभी मरम्मत नहीं हुई। समय के साथ ऊपरी परत उखड़ गई और अब सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। आरोप है कि एनएचआई द्वारा गड्ढों में डस्ट व बोल्डर डालकर भर दिया जाता है। जो वर्षा होते ही फिर से गड्ढे में तब्दील हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारी केवल आश्वासन देते हैं। इसके बाद समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया जाता, जिसके कारण आमजन को रोज परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**तत्काल मरम्मत की मांग**

**प्रखंड** के ग्रामीणों, छात्रों और दुकानदारों ने जनहित में बेड़ो से गुजरने वाली इस मार्ग की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि आवागमन सुगम हो सके और हादसों पर लगाम लग सके।

## फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग की श्वेता स्मृति एक्का ने जीएनएम परीक्षा में पूरे राज्य में पाया तीसरा स्थान

■ राज्यस्तरीय सफलता से फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग में खुशी, कॉलेज प्रबंधन व शिक्षकों ने दी बधाई



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** झारखंड नर्सेज रजिस्ट्रेशन काउंसिल द्वारा घोषित जीएनएम तृतीय वर्ष की परीक्षा के परिणाम में फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग, इरबा की छात्रा श्वेता स्मृति एक्का ने पूरे राज्य में तीसरा स्थान हासिल कर कॉलेज और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से कॉलेज परिसर में खुशी का माहौल है। परिणाम जारी होने के बाद कॉलेज प्रबंधन, शिक्षकों और सहपाठियों ने श्वेता स्मृति एक्का को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राज्यस्तरीय रैंक हासिल करने पर संस्थान के शिक्षकों ने इसे छात्रा की मेहनत, लगन और अनुशासन का परिणाम बताया। फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग की सचिव श्रीमती जीनत कौशर ने श्वेता की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह कॉलेज और पूरे प्रबंधन के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि संस्थान के विद्यार्थी लगातार राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहे हैं। यह सफलता शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है।

## सोसो खुर्द टोल प्लाजा में प्रवासी मजदूरों के प्रति कुछ लोगों ने पेश की मानवता की मिसाल, सेवा भाव से जीता दिल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** गोला प्रखंड क्षेत्र के सोसो खुर्द टोल प्लाजा पर प्रवासी मजदूरों के बीच कुछ लोगों ने मानवता और सेवा भावना की अनूठी मिसाल पेश की। बालीडीह से 14 दिनों तक काम कर घर लौट रहे प्रवासी मजदूर जो झमाझम बारिश में खुले हाईवा ट्रक में सवार होकर अपने गाँव चतरा के लिए निकले थे न उनलोगों के पास किराया था न ही खाने पीने कोई साधन इस बीच रात के अंधेरे में हाईवा चालक मजदूरों को सोसो खुर्द टोल प्लाजा में उतार दिया। यहां रुकने के पश्चात मानवता से जुड़े मेंटेनेंस विभाग के क्रेन चालक महादेव महतो और पत्रकार सह समाज सेवी अशफाक अहमद, आकाश चौबे



ने उन्हें उनकी कुशलक्षेम पूछा जहाँ मजदूरों ने बताया कि हमलोगों को एक ठीकेदार बालीडीह के इंडस्ट्रीयल एरिया में छोटे बड़े वाहनों के टायर की कटिंग करने के काम से ले गया था जहां 14 दिनों तक काम कराने के बाद उन मजदूरों के पैसे को ठिकेदार लेकर चंपत हो गया। मजदूरों की दास्तां सुनने के बाद महादेव महतो व टोल कर्मियों की मदद से सम्मानपूर्वक भोजन कराया गया। सुबह होने के बाद उनलोगों को सुरक्षित घर जाने के लिए विदा किया गया। इस दौरान मजदूरों में संतोष भारती, सुनील भारती, छोटन भारती, सुधीर भारती, परमेश्वर भारती के चेहरों पर संतोष और अपनापन साफ नजर आया। सेवा करने वाले लोगों ने कहा कि इंसान की पहचान केवल उसकी हैसियत से नहीं, बल्कि जरूरतमंद के प्रति उसके व्यवहार और संवेदनशीलता से होती है।

## अबुआ अधिकार मंच ने की रांची विश्वविद्यालय के बी.एड. द्वितीय वर्ष (सत्र 2024-26) का परीक्षा परिणाम शीघ्र जारी करने की मांग

# छात्र हित में अविलम्ब परीक्षा फल जारी करे विश्वविद्यालय : विपिन कुमार यादव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** अबुआ अधिकार मंच का एक प्रतिनिधिमंडल मंच के रांची विश्वविद्यालय संयोजक विपिन कुमार यादव के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर संजय कुमार सिंह से मुलाकात कर उन्हें इ.एर्ि के छात्र-छात्राओं के परेशानियों से अवगत कराया विपिन कुमार ने कहा कि छात्र-छात्राओं ने निर्धारित समय पर द्वितीय वर्ष की परीक्षा दे दी है, लेकिन अभी तक परीक्षा परिणाम जारी नहीं किया गया है। परिणाम में देरी के कारण बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के सामने शैक्षणिक एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने परीक्षा नियंत्रक को डॉ संजय कुमार सिंह को बताया कि बिहार शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET) के लिए आवेदन प्रक्रिया 17 अगस्त 2026 से शुरू हो चुकी है तथा आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2026 निर्धारित है। STET सहित अन्य शिक्षक भर्ती एवं



प्रतियोगी परीक्षाओं में बी.एड. उत्तीर्ण होने से संबंधित परिणाम अथवा प्रमाण-पत्र आवश्यक होता है। ऐसे में यदि रांची विश्वविद्यालय समय रहते बी.एड. द्वितीय वर्ष का परिणाम जारी नहीं करता है, तो अनेक विद्यार्थी निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन करने से वंचित हो सकते हैं। विद्यार्थियों का कहना है की समय पर परिणाम उपलब्ध नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को अपनी शैक्षणिक योग्यता से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने में परेशानी होगी और महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने का अवसर भी हाथ से निकल सकता है। इससे विद्यार्थियों का एक पूरा वर्ष प्रभावित होने की आशंका है। बिपिन कुमार यादव ने रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक से मांग की है कि बी.एड. द्वितीय वर्ष (सत्र 2024-26) का परीक्षा परिणाम प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द जारी किया जाए, ताकि विद्यार्थी बिहार रळएळ एवं अन्य आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन कर सकें। परीक्षा नियत्रक ने कहा के जल्द ही छात्र हित मे सकारात्मक निर्णय लिया जायेगा। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से अपर्णा आकृति संचार के अलावा कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

## करमचंद भगत कॉलेज में सत्र 2026-30 के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का भव्य अभिनन्दन समारोह आयोजित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** करमचंद भगत कॉलेज बुधवार को सत्र 2026-30 के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के अभिनंदन समारोह का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में नए छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मौके पर प्राचार्य डा प्रसेनजित मुखर्जी ने नवागंतुक विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा आप कॉलेज के साथ दो कदम चलें, हम आपके साथ चार कदम चलेंगे। उन्होंने छात्रों को भविष्य की बेहतर तैयारी करने और जीवन में शिक्षा के महत्व पर प्रेरणादायी संदेश दिया। साथ ही उन्होंने नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहने का निर्देश भी दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. प्रसेनजीत



मुखर्जी संचालन डा नेहा टोप्पो व धन्यवाद ज्ञापन डा रितेश सिंह ने किया। मौके पर ब्रह्मानंद साहू, अभिनीत तिर्की, डा संतोष कुमार भगत, अरविंद राणा बिलुंग, डा मीना पूर्ति, धीरज उरांव, प्रवीण दास, डा साधना कुमारी, डा सवार्णी चक्रवर्ती, डा स्मिता गुप्ता, उम्मे कुलसुम, डा सुजाता बाला,डा प्रमिला उरांव, डा अल्पना मेहता, निरु कुमारी, सुनीता उरांव, डा जेडी राम, डा बदीउज्जमाँ, साईनाथ एवं अजय कुमारसहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## एक झलक

### रांची के बीपीसीएल आउटलेट में घटना, जांच जारी

**रांची :** बीपीसीएल को झारखंड के रांची के कोकर इलाके में स्थित भारत पेट्रोलियम के एक रिटेल आउटलेट पर हुई घटना की जानकारी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, रिटेल आउटलेट परिसर में हुई इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। स्थिति को तुरंत नियंत्रण में लेते हुए सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय किए गए। बीपीसीएल के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर घटना की परिस्थितियों और इसके कारणों की जांच कर रहे हैं। शुरुआती रिपोर्ट में बिजली के शॉर्ट सर्किट की संभावना जताई गई है। हालांकि, घटना का सही कारण सक्षम अधिकारियों की विस्तृत जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। ग्राहकों, कर्मचारियों, डीलरों और आम लोगों की सुरक्षा बीपीसीएल की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कंपनी जांच में संबंधित अधिकारियों को हरसंभव सहयोग दे रही है और जांच के निष्कर्षों के आधार पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। बीपीसीएल सभी से अपील करता है कि जांच पूरी होने तक घटना के कारण को लेकर किसी भी तरह की अटकलों या अपुष्ट जानकारी से बचें।

### वामदल राज्य भर में एमएमडीआर विधेयक की 25 से जलाएंगे प्रतियां

**रांची :** राज्य के सभी छह वामदलों भाकपा, माकपा, भाकपा (माले), एसयूसीआई (सी), फारवर्ड ब्लाक और आरएसपी खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक (एमएमडीआर)–2026 के खिलाफ पूरे राज्य में सड़कों पर उतरेंगे। यह निर्णय बुधवार को माकपा राज्य कार्यालय में आयोजित वामदलों की संयुक्त बैठक में लिया गया। बैठक में तय किया है कि 25 से 31 अगस्त के बीच राज्य के सभी जिलों के प्रखंडों, पंचायतों और नगर निकायों में संयुक्त रूप से इस विधेयक की प्रतियां जलायी जायेंगी। सार्वजनिक स्थानों पर नुक्कड़ सभा होगी और राजधानी रांची के लोकभवन पर प्रदर्शन आयोजित कर राज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा जाएगा। आंदोलन के अगले चरण में केंद्र सरकार के प्रतिष्ठानों का घेराव और झारखंड बंद की घोषणा की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता भाकपा (माले) के राज्य सचिव मनोज भक्त ने की। बैठक में भाकपा के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, अशोक यादव, माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, प्रफुल्ल लिंडा, समीर दास, सुखनाथ लोहरा, अमल आजाद बीना, भाकपा (माले) के शुभेंदु सेन, सुदामा खलखो, एसयूसीआई (सी) के मिंटू पासवान और दिलीप कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### धन शोधन मामले में मधु कोड़ा की याचिका पर हाई कोर्ट में सुनवाई

**रांची :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की ओर से धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) मामले में आरोपपत्र में दर्ज राशि में बदलाव को चुनौती देने वाली याचिका पर बुधवार को झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से अदालत में अपना जवाब दाखिल किया गया। ईडी के जवाब के बाद अदालत ने प्रार्थी मधु कोड़ा को अपना प्रतिउत्तर दाखिल करने का निर्देश दिया। दरअसल, धन शोधन मामले में ईडी की ओर से दाखिल आरोपपत्र में कथित तौर पर दर्ज धन शोधन की राशि में बदलाव किया गया था।

### रांची जिला में आरटीई के तहत नि:शुल्क नामांकन को लेकर दूसरे चरण की ऑनलाइन लॉटरी सम्पन्न

# आरटीई के तहत 35 स्कूलों में 89 बच्चों का चयन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12(1)(ब) के तहत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों की प्रवेश कक्षा में 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर नामांकन के लिए दूसरे चरण की ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया संपन्न हुई। उप विकास आयुक्त रांची संजय कुमार भगत की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार में लॉटरी करायी गयी। जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजंत्री के निर्देशानुसार पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न की गयी। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी वसीम अहमद, जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज, सहायक जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रीमा कुजूर, एडीपीओ सहित शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। वर्ष 2026-27 के लिए दूसरे चरण में आरटीई के तहत नामांकन हेतु कुल 224 आवेदन प्राप्त हुए थे। जांच एवं सत्यापन के बाद सभी 224 आवेदनों को ऑनलाइन लॉटरी के लिए योग्य पाया गया। जिले के 39 मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में उपलब्ध 183 सीटों पर चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से 35 विद्यालयों में 89 बच्चों का चयन किया गया। दोनों चरणों को मिलाकर अब तक कुल 722 सीटों पर नामांकन सुनिश्चित किया जा चुका है। चयनित बच्चों को संबंधित विद्यालयों में बिना किसी शुल्क के नामांकन मिलेगा और कक्षा आठवीं तक की शिक्षा पूरी तरह नि:शुल्क होगी। सभी संबंधित विद्यालयों को चयनित बच्चों का नामांकन एक सप्ताह के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन ने कहा कि आरटीई के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से समाज के वंचित एवं कमजोर वर्ग के बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है।



## झारखंड में अब तक सामान्य से 10 प्रतिशत कम बारिश, 23 अगस्त तक येलो अलर्ट

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में एक जून से 19 अगस्त के बीच 700.5 मिलीमीटर के मुकाबले 633.7 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। यह सामान्य से 10 प्रतिशत कम है। मौसम विभाग ने बुधवार को बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों में 23 अगस्त तक गरज के साथ बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, झारखंड के ऊपर बना निम्न दबाव का क्षेत्र अब कमजोर पड़ गया है। हालांकि, अगले एक-दो दिनों तक राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक 190 मिलीमीटर बारिश रामगढ़ जिले के पतरातू में रिकॉर्ड की गई। इस दौरान चाईबासा में अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और लातेहार में न्यूनतम तापमान 21.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर, बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से हल्की बारिश होती रही। दिनभर बादल छाए रहने और बारिश के कारण वातावरण में ठंडक महसूस की गई। रांची में अधिकतम तापमान 24.5 डिग्री और न्यूनतम 22.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 26.8 और न्यूनतम 25 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 27.3 और न्यूनतम 25.5 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 29.2 और न्यूनतम 23.5 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 32 और न्यूनतम 23.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## झारखण्ड चैम्बर की कार्यकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारिणी समिति की तेरहवीं बैठक अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा की अध्यक्षता में आज चैंबर भवन में हुई। बैठक में वर्तमान सत्र की गतिविधियों एवं उपलब्धियों की समीक्षा के साथ-साथ आगामी वार्षिक आमसभा एवं चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। चैंबर अध्यक्ष ने 12 सितंबर को झारखण्ड चैंबर की 62वीं वार्षिक आमसभा और सत्र 2026-27 के कार्यकारिणी समिति/क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का चुनाव 13 सितंबर 2026 को कराने की घोषणा की। वार्षिक आमसभा चैंबर भवन में और चुनाव मारवाडी भवन, हरमू रोड, रांची में कराया जायेगा। चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए कार्यकारिणी समिति द्वारा पूर्व अध्यक्ष अंचल किंगर को चुनाव चेयरमैन तथा पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा को को-चेयरमैन मनोनीत किया गया। महासचिव रोहित अग्रवाल ने बताया कि झारखण्ड चैम्बर की वार्षिक आमसभा-सह राज्यस्तरीय बैठक में माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री की सहमति प्राप्त होने पर आमसभा के द्वितीय सत्र का आयोजन मारवाड़ी भवन में किया जाएगा। चैंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने वर्तमान सत्र में राज्य सरकार, जिला प्रशासन, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मीडिया और प्रदेश के व्यापारियों और उद्यमियों की ओर से मिले सहयोग के लिए आभार जताया। यह भी कहा कि सामूहिक सहयोग और सहभागिता के कारण ही चैंबर का यह कार्यकाल प्रभावी एवं उपलब्धियों से भरा रहा। बैठक में कार्यकारिणी समिति के सदस्यों ने वर्तमान सत्र की उपलब्धियों के लिए चैंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा के नेतृत्व एवं प्रयासों की सराहना की। साथ ही क्षेत्रीय उपाध्यक्षों द्वारा वर्षभर किए गए कार्यों एवं सक्रिय सहभागिता की भी प्रशंसा की गई। इस अवसर पर बैठक में उपस्थित क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल एवं रमेश कुमार को वर्षभर में उनके उत्कृष्ट योगदान एवं सक्रिय प्रयासों के लिए कार्यकारिणी समिति द्वारा सम्मानित किया गया। महासचिव रोहित अग्रवाल ने वर्तमान सत्र की वार्षिक रिपोर्ट कार्यकारिणी समिति के समक्ष प्रस्तुत की, जिसे समिति द्वारा अनुमोदित किया गया। वहीं, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने सत्र 2025-26 की ऑडिटेड बैलेंस शीट प्रस्तुत की, जिसे कार्यकारिणी समिति ने अनुमोदित किया। उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया एवं राम बांगड़ ने संयुक्त रूप से सभी उप समितियों के चेयरमैन द्वारा वर्षभर की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया। यह कहा एक वर्ष के दौरान 216 बैठकों का आयोजन चैम्बर के लिए एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड है।




## बोकारो ट्रेजरी घोटाला मामले में अन्नू पांडेय को हाई कोर्ट से नहीं मिली अग्रिम जमानत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड उच्च न्यायालय ने बोकारो कोषागार के पुलिस विभाग के वेतन मद से कथित तौर पर 3.15 करोड़ रुपये की निकासी के मामले में आरोपित अन्नू पांडेय को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। अदालत ने अन्नू पांडेय की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। यह मामला सीआईडी केस नंबर 06/2026 से संबंधित है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि बोकारो कोषागार से सब-इंस्पेक्टर उपेंद्र सिंह के वेतन मद से करीब 20 महीने की अवधि में कथित तौर पर 3.15 करोड़ रुपये की निकासी की गई। अधिवक्ता ने दलील दी कि इस कथित वित्तीय गतिविधि से अन्नू पांडेय का कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है और यह पूरा काम उनके पति कौशल कुमार पांडेय ने किया है। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में कहा गया कि कौशल कुमार पांडेय ने अन्नू पांडेय के नाम पर बैंक खाता खुलवाया और कथित तौर पर निकाली गई राशि उसमें स्थानांतरित की गई। बाद में रकम पति के खाते में ट्रांसफर किए जाने की बात भी अदालत के समक्ष रखी गई। मामले में बेनामी लेन-देन का आरोप भी बताया गया। बचाव पक्ष ने यह भी दलील दी कि अन्नू पांडेय नवजात बच्चे की मां हैं। वहीं, राज्य सरकार की ओर से अग्रिम जमानत का विरोध किया गया। सरकारी पक्ष ने आरोप लगाया कि अन्नू पांडेय अपने पति कौशल कुमार पांडेय के साथ संबंधित बैंक खाते का संचालन कर रही थीं। आरोप है कि दोनों ने बोकारो पुलिस विभाग के कोषागार के वेतन मद से निकाली गई राशि को उक्त खाते में जमा कराया और खाते में 3.15 करोड़ रुपये से अधिक की रकम पहुंची। उच्च न्यायालय ने एफआईआर का अवलोकन करने के बाद पाया कि याचिकाकर्ता कौशल कुमार पांडेय की पत्नी हैं और उनके संबंध में बोकारो पुलिस विभाग के कोषागार के वेतन मद से निकाली गई करीब 3.15 करोड़ रुपये की राशि उनके खाते में जमा होने का गंभीर आरोप है। इन परिस्थितियों को देखते हुए अदालत ने अन्नू पांडेय को अग्रिम जमानत देने से इनकार करते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी।




## भगवान महावीर मणिपाल हॉस्पिटल ने की झारखंड की पहली ब्रेन ए.वी.एम माईक्रोसर्जरी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** भगवान महावीर मणिपाल हॉस्पिटल, रांची की न्यूरोसर्जरी टीम ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए छत्तीसगढ़ के एक छः साल के बच्चे के ब्रेन आर्टेरियोवेनस मैलफॉर्मेशन (ए.वी.एम) निकालने के लिए झारखंड की पहली माईक्रोसर्जरी की है। बच्चे को गंभीर हालत में हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। उसे ए.वी.एम फटने के कारण जानलेवा ब्रेन हैमरेज हो गया था। इमरजेंसी सर्जरी के बाद बच्चे की हालत में तेजी से सुधार हुआ। जब बच्चे को इमरजेंसी विभाग में लाया गया था, तब उसे सिर में तेज दर्द हो रहा था, उसे बार-बार उल्टी होती थी और वह होश में नहीं रह पा रहा था। इमरजेंसी स्कैन में सामने आया कि उसके ब्रेन में आर्टेरियोवेनस मैलफॉर्मेशन (ए.वी.एम) फट गया था। यह एक जन्मजात गड़बड़ी होती है, जिसमें आर्टरी सीधे वेन्स से जुड़ जाती हैं, जिससे ब्रेन में ब्लीडिंग का खतरा बढ़ जाता है। ए.वी.एम जन्म से मौजूद होता है, लेकिन उसका पता तब तक नहीं चलता है, जब तक वह फट न जाए। बच्चे को गंभीर ब्लीडिंग हो रही थी, इसलिए न्यूरोसर्जरी की टीम ने तुरंत कॉम्प्लेक्स माईक्रोसर्जिकल प्रक्रिया शुरू कर दी, ताकि ब्रेन के आसपास के अन्य टिश्यू को सुरक्षित रखते हुए ए.वी.एम को पूरी तरह से हटाया जा सके और खून के थक्कों को बाहर निकाला जा सके। ऑपरेशन के बाद स्कैन करके इस बात की पुष्टि कर ली गई कि ए.वी.एम पूरी तरह से हट गया है और बच्चा बिना किसी न्यूरोलॉजिकल कमी के पूरी तरह से स्वस्थ हो गया है। डॉ. विक्रम सिंह, कंसल्टेंट - न्यूरोसर्जरी, भगवान महावीर मणिपाल हॉस्पिटल, रांची ने कहा, ह्यद्वयह एक बहुत मुश्किल केस था।

### रोटरी क्लब ऑफ रांची वेस्ट का इंस्टॉलेशन समारोह सम्पन्न

# पंकज कुमार ने सम्भाला अध्यक्ष पद

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रोटरी क्लब ऑफ रांची वेस्ट का इंस्टॉलेशन समारोह एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का आधिकारिक क्लब दौरा मंगलवार, 18 अगस्त 2026 को राजश्री बैंक्विट हॉल, रातू में सम्पन्न हुआ। समारोह में रोटरी क्लब के सदस्य, विशिष्ट अतिथि एवं आमंत्रित लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई, जिसके बाद मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। समारोह में निवर्तमान पदाधिकारियों ने अपने कार्यकाल की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कॉलर एक्सचेंज सेरेमनी के माध्यम से वर्ष 2026-27 के लिए रोटेरियन पंकज कुमार ने अध्यक्ष और रोटेरियन सुनील कुमार ने सचिव पद का औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अनु नारंग मुख्य अतिथि तथा पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन संदीप नारंग विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। दोनों अतिथियों को सम्मानित किया गया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने अपने संबोधन में क्लब सदस्यों को सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। असिस्टेंट गवर्नर अशोक कुमार शाह ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर क्लब के नए अध्यक्ष पंकज कुमार ने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर को आश्वासन दिया कि क्लब को 100 प्रतिशत पॉल हैरिस फेलो सदस्य बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

**जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें**

**समारोह** के दौरान रोटरी क्लब ऑफ रांची वेस्ट की ओर से पांच जरूरतमंद महिलाओं—गीता देवी, मीना सिंह, डिजाइन कुमारी, प्रीति कुमारी और जीत देवी—को सिलाई मशीनें वितरित की गईं। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। नए अध्यक्ष ने बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के सदस्यों चंदन कुमार, जीवत कुमार, नितेश कुमार, दीपक कुमार शाह, प्रणय कुमार गुप्ता, मोहन प्रसाद, विभूति शरण और तारकेश्वर कुमार को शपथ दिलाई।



## मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के आवास से पवित्र रक्षाबंधन व खुशी प्राप्त अभियान की शुरुआत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से पवित्र रक्षाबंधन एवं खुशी प्राप्त अभियान की शुरुआत बुधवार को झारखंड सरकार के खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के आवास से हुई। अभियान का उद्देश्य समाज में शांति, पवित्रता, सकारात्मक सोच और खुशहाल जीवन का संदेश पहुंचाना है। इस अवसर पर संस्था की संचालिका बीके राजमती दीदी ने मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को ईश्वरीय रक्षासूत्र बांधा और अंगवस्त्र भेंट किया। उन्होंने मंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और सफल जनसेवा के लिए मंगलकामना की। बीके राजमती दीदी ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते का पर्व नहीं, बल्कि पवित्रता, प्रेम, शांति और आत्मिक शक्ति का संदेश देने वाला पर्व भी है। अभियान के माध्यम से लोगों को सकारात्मक सोच और तनावमुक्त जीवन के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 19 से 30 अगस्त 2026 तक चलने वाले इस अभियान के दौरान रांची के अलावा रामगढ़, हजारीबाग, बड़कागांव, बोकारो सहित विभिन्न जिलों और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को ईश्वरीय रक्षासूत्र बांधा जाएगा। साथ ही राजयोग मेडिटेशन और आध्यात्मिक ज्ञान के बारे में जानकारी दी जाएगी।



## फोटोग्राफी कला, विज्ञान व दर्शन का अद्भुत संगम : डॉ. प्रदीप वर्मा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** सरला बिरला विश्वविद्यालय (एसबीयू), रांची में विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर दो दिवसीय फोटोग्राफी कार्यक्रम 'पिक्सेल स्पंदन 2026' का आयोजन किया जा रहा है। 19 एवं 20 अगस्त को आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन पत्रकारिता एवं जनसंचार संकाय तथा शटरबग्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में फोटोग्राफी, दृश्य संचार एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति के प्रति रुचि विकसित करना तथा उन्हें इस क्षेत्र की व्यावहारिक एवं तकनीकी जानकारी प्रदान करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन सरला बिरला विश्वविद्यालय के जी. डी. बिरला सभागार में विशिष्ट अतिथियों, शिक्षाविदों एवं प्रख्यात फोटोग्राफी विशेषज्ञों की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात विश्वविद्यालय के कुलगीत की प्रस्तुति दी गई। इसके बाद गणेश वंदना, सरस्वती वंदना एवं शिव शक्ति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति तथा पारंपरिक जनजातीय स्वागत नृत्य ने कार्यक्रम में सांस्कृतिक गरिमा का समावेश किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में फोटोग्राफी को कला, विज्ञान एवं दर्शन का अद्भुत संगम करार दिया। फोटोग्राफी एवं पेंटिंग को उन्होंने अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम बताते हुए स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी, बिरसा मुंडा जैसे कई महापुरुषों का दृष्टांत भी दिया। अपने स्वागत संबोधन में प्रो. अजय कुमार, डीन, पत्रकारिता एवं जनसंचार संकाय ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए फोटोग्राफी को संचार का एक प्रभावशाली माध्यम बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने, अभ्यास करने और अपनी रचनात्मक क्षमताओं को विकसित करने के लिए प्रेरित किया।




### कामिल बुल्के जयंती पर 01 सितम्बर को विशेष लेक्चर सीरीज

# गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज का चयन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. कुमार संजय झा ने प्रसिद्ध हिंदी विद्वान, भाषाविद् एवं साहित्यकार फादर कामिल बुल्के की जयंती के अवसर पर 1 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली विशेष लेक्चर सीरीज के लिए गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, कांके, रांची का चयन किया है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर क्षेत्रीय निदेशक डॉ. कुमार संजय झा ने महाविद्यालय पहुंचकर आयोजन स्थल एवं उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा, विषय-वस्तु, अकादमिक सहभागिता और आयोजन की तैयारियों को लेकर महाविद्यालय के प्राध्यापकों के साथ विस्तार से चर्चा की। बैठक में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. चंद्र माधव सिंह, डॉ. ओम प्रकाश तथा संत जेवियर कॉलेज, रांची के हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. कमल बॉस उपस्थित रहे। इस दौरान कामिल बुल्के के हिंदी भाषा एवं साहित्य में योगदान, भाषायी अवदान, हिंदी-अंग्रेजी शब्दकोश निर्माण तथा भारतीय भाषाओं के प्रति उनके समर्पण जैसे विषयों पर अकादमिक चर्चा हुई। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. ओम प्रकाश ने बताया कि संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित यह विशेष लेक्चर सीरीज महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. रमण कुमार झा के निर्देशन में होगी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। इसके माध्यम से प्रशिक्षु शिक्षकों को कामिल बुल्के के व्यक्तित्व एवं कृतित्व तथा हिंदी भाषा और साहित्य के विकास में उनके योगदान को समझने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि लेक्चर सीरीज में गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्राध्यापकों एवं प्रशिक्षु शिक्षकों के अलावा अन्य महाविद्यालयों के शिक्षक, विद्यार्थी और शिक्षाविद् भी शामिल होंगे।



# श्री रामलला पूजा समिति ने किया खूंटी पूजन

### इस बार स्वरवेद महामंदिर धाम के प्रारूप में सजेगा पूजा पंडाल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** श्री रामलला पूजा समिति, रांची के तत्वावधान में बुधवार को रांची जिला स्कूल परिसर में श्री दुर्गा पूजा के लिए खूंटी पूजन कार्यक्रम विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे आयोजित किया गया। समिति के संरक्षक चंद्रदेव प्रसाद सिंह और अध्यक्ष अशोक चौधरी की अध्यक्षता में तथा महासचिव कुणाल अजमानी के नेतृत्व में हुए इस पूजन में समिति के सैकड़ों पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए। इस अवसर पर अध्यक्ष अशोक चौधरी और महासचिव कुणाल अजमानी ने बताया कि समिति पिछले दो वर्षों से भव्य रूप से श्री दुर्गा पूजा का आयोजन करती आ रही है। इस वर्ष भी पूरे उत्साह और समर्पण के साथ पूजा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। समिति के तृतीय वर्ष में रांची जिला स्कूल परिसर में वाराणसी स्थित स्वरवेद महामंदिर धाम के प्रारूप पर आधारित भव्य पूजा पंडाल तैयार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में समिति ने दुर्गा पूजा के प्रथम वर्ष में अयोध्या के श्रीराम मंदिर के प्रारूप पर पूजा पंडाल बनाया था। वहीं 2025 में द्वितीय वर्ष के दौरान गुजरात के भुज स्थित स्वामीनारायण मंदिर के प्रारूप को पंडाल के रूप में प्रस्तुत किया गया था। दोनों वर्षों में लाखों श्रद्धालुओं ने पूजा पंडाल का अवलोकन किया और समिति के प्रयासों की सराहना की।

**60 दिनों में तैयार होगा भव्य पंडाल**

**अध्यक्ष** अशोक चौधरी ने बताया कि स्वरवेद महामंदिर के प्रारूप पर आधारित पंडाल के निर्माण में करीब 60 दिन लगेंगे। उन्होंने कहा कि पंडाल को भव्य एवं आकर्षक स्वरूप देने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। समिति की ओर से बताया गया कि वाराणसी के सारनाथ से करीब चार किलोमीटर की दूरी पर उमरा गांव में स्थित स्वरवेद महामंदिर धाम लगभग तीन लाख वर्गफुट क्षेत्र में फैला सात मंजिला विशाल परिसर है। इसकी ऊंचाई करीब 180 फीट बताई गई है। मंदिर की वास्तुकला में मकराना संगमरमर और गुलाबी बलुआ पत्थर का प्रयोग किया गया है तथा इसकी दीवारों पर स्वरवेद के श्लोक अंकित हैं। समिति पदाधिकारियों के अनुसार, मंदिर परिसर में एक साथ बड़ी संख्या में लोग ध्यान कर सकते हैं।



## वरिष्ठ अखबार विक्रेता कलीम अंसारी के निधन पर दी श्रद्धांजलि



**रांची :** मेन रोड सेंटर के वरिष्ठ अखबार विक्रेता कलीम अंसारी के निधन पर अखबार विक्रेता संयुक्त संघर्ष मोर्चा, झारखंड समाचार पत्र विक्रेता संघ एवं सिटी समाचार पत्र विक्रेता संघ, रांची के सदस्यों ने गहरा शोक व्यक्त किया। संघ के पदाधिकारी एवं वितरक साथियों ने कलीम अंसारी के आवास पर पहुंचकर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस दौरान संघ की ओर से परिवार को तत्काल आर्थिक सहयोग के रूप में 5,500 रुपये की सहायता राशि उनके पुत्र नूर अंसारी एवं इस्माइल अंसारी को सौंपी गई। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि कलीम अंसारी के परिवार की मदद के लिए मेन रोड सेंटर सहित रांची के सभी अखबार वितरण केंद्रों से प्रत्येक वितरक से 100 रुपये सहयोग राशि एकत्र की जाएगी।

## गजराज पूजा महासमिति की बैठक में गणेश पूजा की तैयारियों पर मंथन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** कचहरी रोड स्थित गजराज पूजा महासमिति की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को अटल स्मृति वेंडर मार्केट में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष विक्की वर्मा ने की। बैठक में आगामी गणेश पूजा महोत्सव को इस वर्ष और अधिक आकर्षक, भव्य एवं दिव्य रूप से आयोजित करने को लेकर तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पूजा पंडाल के निर्माण, विद्युत सज्जा, सुरक्षा व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं समेत विभिन्न व्यवस्थाओं की रूपरेखा तैयार की गई। समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने महोत्सव को बेहतर और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने को लेकर अपने सुझाव भी रखे। बैठक में मुख्य संरक्षक कुमार राजा, प्रियेश सिंह, टुना सिंह, संतोष कुमार सिंह, लल्लू सिंह, अजय वर्मा, सबलू मुंडा, दिलीप (डीके), पिंकू साहू, राहुल सिंह, राजेश वर्मा, अभिषेक सिंह, विकास सिंह, सौरव वर्मा, मनीष वर्मा, अनिल वर्मा, प्रकाश कुमार, रिकी वर्मा, शुभम वर्मा, आकाश कुमार, हीरो सिंह, अमन कुमार, राज वर्मा सहित समिति के कई अन्य सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।



## एक झलक

### चोरों ने खुली चुनौती देते हुए परियोजना के भीतर घुस कर डीजल चुराने का किया प्रयास

**चरही** : सीसीएल हजारीबाग एरिया के तापिन नॉर्थ परियोजना इन दिनों सुरक्षा कर्मियों की लापरवाही और डीजल चोरों के बढ़ते दुस्साहस की गवाह बन चुकी है। मंगलवार की मध्य रात्रि परियोजना परिसर में एक बार फिर चोरों का कारनामा देखने को मिला। तीन की संख्या में पहुंचे बेखौफ चोरों ने खुली चुनौती देते हुए परियोजना के भीतर घुसकर डीजल उड़ाने का प्रयास किया। हैरान करने वाली बात यह रही कि जिनकी कंधों पर करोड़ों रुपये की सरकारी संपत्ति की हिफाजत का जिम्मा है, वे सुरक्षा कर्मी घटना के वक्त सोते रहे। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, क्षेत्र में डीजल चोरों के चार अलग-अलग गिरोह बेहद सक्रिय हैं, जो रोजाना बड़े पैमाने पर डीजल चोरी के खेल को अंजाम देते हैं। मंगलवार रात तीन चोरों ने जब चोरी का प्रयास किया, तो इलाके में वर्चस्व जमाए अन्य सक्रिय गिरोहों को यह बात रास नहीं आई। गिरोहों के आपसी विवाद और हलचल के बीच ग्रामीणों की नजर चोरों पर पड़ गई। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी की और एक चोर को रंगे हाथों दबोच लिया, जबकि उसके अन्य साथी भागने में सफल रहे। बाद में ग्रामीणों ने पकड़े गए चोर को स्थानीय पुलिस के सुपुर्द कर दिया। घटना के बाद से सुरक्षा व्यवस्था और चार गिरोहों के इस संगठित नेटवर्क को लेकर सीसीएल प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रबंधन की इस संदिग्ध भूमिका की उच्चस्तरीय जांच होनी ही चाहिए, ताकि इस सिंडिकेट के असली सरगना बेनकाब हो सकें। ज्ञात हो कि बीते वर्ष इसी परियोजना में हथियार से लैस अपराधियों ने बड़ी चोरी को अंजाम दिया था। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह से लगातार हो रही डीजल चोरी जैसी घटना और आपसी वर्चस्व की लड़ाई डीजल चोरी को किसी बड़ी घटना में तब्दील कर सकती है।

### चोरदाहा में 14 चक्का ट्रक से दो टायर चोरी, ट्रक मालिक ने थाने में दिया आवेदन

**चौपारण** : चौपारण थाना क्षेत्र के चोरदाहा में घर के सामने खड़े 14 चक्का ट्रक से दो टायर चोरी हो गई। घटना को लेकर भरत रविदास ने चौपारण थाना में लिखित आवेदन देकर पुलिस को जानकारी दी है। आवेदन में भरत रविदास ने बताया है कि ट्रक संख्या 3G 15 AC 5507 को उनके घर के सामने बॉर्डर रोड में खड़ा था करात में घर में सो रहे थे सुबह उठकर जब बाहर आकर ट्रक को देखा तो उसके दो टायर गायब मिले। इसके बाद उन्होंने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन चोरी हुए दोनों टायरों का कोई पता नहीं चल। घटना के बाद भरत रविदास ने चौपारण थाना पहुंचकर लिखित आवेदन दिया और पुलिस से कार्रवाई की मांग की।

### ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों ने वृद्धाश्रम में की नि:शुल्क सेवा

**हजारीबाग** : ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों ने सामाजिक सेवा एवं मानवीय मूल्यों का परिचय देते हुए एक वृद्धाश्रम का भ्रमण किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने वहां रह रहे बुजुर्गों से मुलाकात कर उनकी सेवा की तथा उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान किया। कॉलेज के विद्यार्थियों ने बुजुर्गों के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उनकी देखभाल और सेवा में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बुजुर्गों के साथ समय बिताया, उनका हालचाल जाना और उन्हें अपनापन एवं सम्मान का अनुभव कराया। इस सेवा कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा भाव, करुणा, सामाजिक जिम्मेदारी और बुजुर्गों के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करना था। कॉलेज प्रबंधन ने विद्यार्थियों के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। कार्यक्रम में कॉलेज की शिक्षिका एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस पहल ने यह संदेश दिया कि समाज के बुजुर्गों की सेवा और सम्मान करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

---

उपायुक्त ने नगर निगम क्षेत्र की वर्तमान नगरीय व्यवस्था व संचालित कार्यों की समीक्षा को लेकर की बैठक

# नगरीय व्यवस्था दुरुस्त करें : डीसी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**हजारीबाग** : उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में नगर निगम क्षेत्र की वर्तमान नगरीय व्यवस्था एवं संचालित कार्यों की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था, जल निकासी, भवन निर्माण, अतिक्रमण, स्ट्रीट लाइट, पार्किंग, वेंडिंग जोन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने बरसात के दिनों में शहर के विभिन्न इलाकों में होने वाले जलजमाव की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने ऐसे क्षेत्रों को चिह्नित कर प्रभावी जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही जहां बिना समुचित जल निकासी व्यवस्था के निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, वहां नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा। उपायुक्त ने नगर निगम अधिकारियों एवं टाउन प्लानर से बहुमंजिला एवं अन्य भवनों के निर्माण की स्थिति की जानकारी लेते हुए बिना विधिवत नक्शा स्वीकृत कराए तथा नियमों का उल्लंघन कर निर्मित भवनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। ऐसे भवनों के स्वामियों को नोटिस निर्गत करने को कहा गया। उन्होंने निर्देश दिया कि नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी प्रतिष्ठान, व्यावसायिक भवन, बहुमंजिला इमारत एवं अन्य प्रकार के निर्माणाधीन भवन सात दिनों के अंदर भवन चित्र, भूमि प्रतिवेदन, अग्निशमन यंत्र से संबंधित दस्तावेज, पार्किंग तथा वाहनों के आगमन-निर्गमन की व्यवस्था सहित आवश्यक दस्तावेज नगर निगम कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने की स्थिति में यह माना जाएगा कि संबंधित भू-स्वामी के पास वैध अनुमति प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं है तथा भवन उपविधि यथा संशोधित एवं नगर निगम अधिनियम के प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने सहायक नगर आयुक्त से उनके कार्यों की जानकारी लेते हुए नगरीय व्यवस्था को ठोस कार्ययोजना के साथ दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने गलत तरीके से निर्मित भवनों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए ऐसे निर्माणों पर रोक लगाने का स्पष्ट संदेश देने को कहा। उन्होंने शहर में नालियों की नियमित एवं प्रभावी सफाई, स्ट्रीट लाइट की समुचित व्यवस्था तथा अवैध एवं बड़े भवनों के विरुद्ध कार्रवाई को प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी प्रमुख मार्गों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार कर 15 दिनों के अंदर प्रस्ताव समर्पित करने को कहा।

**शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की भी हुई समीक्षा**

**बैठक** में शहरी क्षेत्र में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने इन केंद्रों में चिकित्सकों की उपलब्धता, दवाइयों की आपूर्ति एवं मानव संसाधन की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों एवं आवश्यक मानव संसाधन के अभाव में इन स्वास्थ्य केंद्रों का समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है।

---

## हजारीबाग में घर-घर कचरा संग्रहण की नयी पहल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**हजारीबाग** : शहर में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने के लिए हजारीबाग नगर निगम नई पहल शुरू करने जा रहा है। इसके तहत शहर के प्रत्येक घर को एक विशेष कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। यह कार्ड घर से नियमित कचरा संग्रहण की निगरानी का माध्यम बनेगा। नगर निगम ने लोगों से कार्ड को सुरक्षित रखने की अपील की है। कचरा संग्रहण वाहन जब किसी घर तक पहुंचेगा, तब संबंधित कार्ड को स्कैन किया जायेगा। कार्ड स्कैन होते ही उस घर से कचरा उठाने की जानकारी नगर निगम के रिकॉर्ड में दर्ज हो जायेगी। इससे निगम को यह पता चल सकेगा कि कचरा संग्रहण वाहन वास्तव में किन-किन घरों तक पहुंचा और वहां से नियमित रूप से कचरा उठाया गया या नहीं। नई व्यवस्था से प्रतिदिन घर-घर कचरा संग्रहण की निगरानी संभव होगी। किसी घर से कचरा नहीं उठने या संग्रहण में अनियमितता की स्थिति में इसकी जानकारी रिकॉर्ड के माध्यम से आसानी से मिल सकेगी। इससे संबंधित समस्या का समय पर समाधान कर व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जा सकेगा। नगर निगम का उद्देश्य शहर के प्रत्येक घर से नियमित कचरा संग्रहण सुनिश्चित करना, गलियों और सड़कों को स्वच्छ रखना तथा स्वच्छता व्यवस्था में पारदर्शिता लाना है। महापौर अरविंद कुमार राणा ने कहा कि स्वच्छ और सुंदर हजारीबाग के निर्माण में नगर निगम के साथ शहरवासियों की सहभागिता भी जरूरी है। उन्होंने लोगों से कचरा निर्धारित व्यवस्था के तहत देने और कार्ड को सुरक्षित रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ हजारीबाग, स्वस्थ हजारीबाग–हर घर से स्वच्छता की शुरूआत के संकल्प के साथ नगर निगम आगे बढ़ रहा है।

---

# विधायक ने बसरिया विद्यालय में छात्र-छात्राओं के बीच बांटीं 75 साइकिलें



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बसरिया के प्रांगण में छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव उपस्थित हुए। उन्होंने अपने कर-कमलों द्वारा विद्यालय के लगभग 75 विद्यार्थियों को साइकिलें सौंपी। साइकिल प्राप्त कर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विधायक को विद्यालय की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया, जिसमें सबसे प्रमुख समस्या शिक्षकों की कमी थी। विधायक मनोज कुमार यादव ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मौके से ही हजारीबाग के डीडीसी से दूरभाष (टेलीफोन) पर वार्ता की और विद्यालय में जल्द से जल्द शिक्षकों की कमी को दूर करने का स्पष्ट निर्देश दिया। इससे पूर्व, विद्यालय परिवार एवं समस्त छात्र-छात्राओं की ओर से मुख्य अतिथि सहित सभी आगंतुकों का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। मौके पर सुनील सिंह, गजाधर प्रसाद, पूर्व मुखिया नरेश पासवान, नेमधारी यादव, मनीष सिंह, पिंटू सोनी, शिक्षक भुनेश्वर साव, रामधानी दांगी, कपिल यादव, विजय साव, नितेश गुप्ता, लखन प्रजापति, प्रदीप केशरी, देओकी रविदास, उमेश भुइयां सहित कई अन्य गणमान्य ग्रामीण एवं शिक्षक उपस्थित थे।

## भुनेश्वर नारायण सिंह का निधन



**कटकमसांडी** : कटकमसांडी प्रखंड के पूर्व पैक्स अध्यक्ष, समाजसेवी एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजकिशोर सिंह के पिता भुनेश्वर नारायण सिंह का बुधवार की अहले सुबह करीब 90 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना देते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते नजर आये। उनका अंतिम संस्कार बुधवार दोपहर करीब 12 बजे कटकमसांडी श्मशान घाट में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजनों के साथ क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोग, जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक एवं ग्रामीण शामिल हुए। बताया जाता है कि भुनेश्वर नारायण सिंह सीसीएल प्रोजेक्ट में कार्यरत थे। सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने अपना जीवन सामाजिक कार्यों के लिए समर्पित कर दिया।

# हजारीबाग में खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**हजारीबाग** : उपायुक्त हेमंत सती के आदेशानुसार एवं अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशि जायसवाल के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मंजर हुसैन के नेतृत्व में हजारीबाग शहरी क्षेत्र के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों एवं दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में कल्लू चौक स्थित वी-मार्ट, ठाकुरबाड़ी मंदिर स्थित रिटेल शॉप, विवेक कुमार केशरी की दुकान, कृष्णा फास्ट फूड, मालवीय मार्ग, विक्की स्ट्रीट फूड (विक्की गुप्ता), पुराना बस स्टैंड स्थित निहारिका रिटेल शॉप, दिनेश जनरल स्टोर, संतोष कुमार की दुकान एवं सुनील कुमार की दुकान का निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त बोड्डम बाजार स्थित उत्सव फूड एंड कैफे (अंकित जैन) तथा सुभाष मार्ग, बोड्डम बाजार स्थित बिनोद डेयरी का भी औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारियों एवं रिटेल दुकानदारों को निर्देश दिया गया कि किसी भी खाद्य सामग्री की बिक्री से पूर्व उसकी निर्माण तिथि, पैकिंग विवरण, बैच नंबर एवं समाप्ति तिथि की अनिवार्य रूप से जांच करें। समाप्ति तिथि पार कर चुकी अथवा निर्धारित मानकों के विपरीत खाद्य सामग्री की बिक्री करते पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं नियमों के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मिठाई एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों को विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि खाद्य पदार्थों को अखबार में लपेटकर अथवा अखबार पर रखकर ग्राहकों को न परोसा जाये। अखबार की स्याही एवं अन्य तत्वों के कारण खाद्य पदार्थों के दूषित होने की संभावना रहती है। साथ ही मिठाइयों एवं अन्य खाद्य पदार्थों में मेटानिल येलो जैसे प्रतिबंधित रंगों का उपयोग नहीं करने का सख्त निर्देश दिया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने सभी खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता के निर्धारित मानकों का पूर्ण रूप से पालन करने, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं स्वच्छता बनाए रखने तथा आमजनों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया कि खाद्य सामग्री के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं बिक्री के दौरान निर्धारित खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित खाद्य कारोबारियों के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी।

---

# मेहनती अभ्यर्थियों की नौकरी छीनने का अधिकार किसी को नहीं : किशोरी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**हजारीबाग** : झारखंड में JSSC-CGL परीक्षा रद्द किये जाने के फैसले के बाद छात्रों से लेकर सफल अभ्यर्थियों और उनके परिवारों के बीच चिंता और बहस तेज हो गई है। एक ओर आंदोलनकारी छात्र इसे अपनी बड़ी जीत बता रहे हैं, वहीं दूसरी ओर परीक्षा में सफलता हासिल कर सरकारी नौकरी पा चुके अभ्यर्थियों के सामने अब अपने भविष्य को लेकर गंभीर संकट खड़ा हो गया है। इस पूरे मामले पर नव झारखंड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने सरकार के फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यदि परीक्षा में गड़बड़ी हुई है तो दोषियों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन उसकी सजा उन गरीब और मेहनती युवाओं को क्यों मिले, जिन्होंने वर्षों तक संघर्ष कर अपनी योग्यता के दम पर सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा, हर किसी ने सीट नहीं खरीदी है और न ही हर किसी ने सेटिंग के सहारे नौकरी हासिल की है। बहुत से अभ्यर्थियों ने अपनी मेहनत, प्रतिभा और संघर्ष के बल पर मुकाम हासिल किया है। किशोरी राणा ने कहा कि हजारों अभ्यर्थियों ने आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद वर्षों तक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की। कई युवाओं ने दूसरी नौकरियां तक छोड़कर JSSC-CGL से मिली सरकारी नौकरी को अपने भविष्य का आधार बनाया। ऐसे में पूरी परीक्षा रद्द होना उनके लिए सिर्फ नौकरी जाने का सवाल नहीं है, बल्कि वर्षों की मेहनत, परिवार की उम्मीदों और भविष्य के सपनों पर सीधा आघात है। उन्होंने कहा कि कई ऐसे अभ्यर्थी भी हैं जिनकी सरकारी नौकरी की निर्धारित उम्र अब निकल चुकी है। उनके लिए दोबारा परीक्षा देना भी आसान नहीं होगा। ऐसे में यदि कोई अनियमितता हुई है तो उसकी जांच और कार्रवाई जरूर होनी चाहिए, लेकिन निर्दोष अभ्यर्थियों के भविष्य की कीमत पर नहीं। किशोरी राणा ने कहा कि यदि परीक्षा प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई है तो पूरे मामले की उइकसे निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जानी चाहिए। जांच में जो भी अधिकारी, कर्मचारी या अभ्यर्थी दोषी पाए जाएं, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई हो।

बारिश के बीच देवघर जा रहे 150 से अधिक कांवड़ियों व शिवभक्तों को मिला सेवा का संबल

# सावन में शिवभक्तों की सेवा में हजारीबाग यूथ विंग ने बांटे रेनकोट



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**हजारीबाग** : सावन मास के पावन अवसर पर बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर की यात्रा पर निकलने वाले शिवभक्तों की सेवा के लिए हजारीबाग यूथ विंग ने बुधवार को सेवा एवं समर्पण की मिसाल पेश की। भारत माता चौक के समीप संस्था की ओर से देवघर जा रहे 150 से अधिक कांवड़ियों एवं शिवभक्तों के बीच रेनकोट का वितरण किया गया। बारिश के मौसम में श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान होने वाली परेशानी से राहत दिलाने और उनकी यात्रा को सुरक्षित एवं सुगम बनाने के उद्देश्य से यह सेवा कार्य किया गया। रेनकोट वितरण के दौरान हर-हर महादेव और ॐ नमः शिवाय के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। रेनकोट प्राप्त करने वाले शिवभक्तों ने हजारीबाग यूथ विंग के इस सेवा प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि बारिश के बीच देवघर की यात्रा में यह सहयोग उनके लिए काफी उपयोगी साबित होगा। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि सावन के पावन महीने में शिवभक्तों की सेवा करने का अवसर मिलना अपने आप में सौभाग्य की बात है। बाबा बैद्यनाथ के दर्शन के लिए निकलने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा थोड़ी भी सहज और सुरक्षित हो सके, यही इस पहल का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग यूथ विंग सेवा को महज एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और संस्कार के रूप में देखता है। सावन में सेवा का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। वहीं संस्था के अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि भगवान शिव के भक्तों की राह आसान करने का छोटा-सा प्रयास भी हमारे लिए बड़ी सेवा है। सच्ची भक्ति केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरत के समय किसी के काम आना भी भक्ति का ही एक रूप है। हजारीबाग यूथ विंग जरूरतमंदों और समाज के लोगों की सहायता के लिए सदैव तत्पर है तथा आगे भी सामाजिक एवं मानवीय सेवा के कार्य पूरी प्रतिबद्धता के साथ जारी रखेगा। उक्त अवसर पर संस्था के सचिव रितेश खण्डेलवाल, मार्गदर्शक जयप्रकाश खंडेलवाल, विकास केशरी, कार्यकारिणी सदस्य प्रणीत जैन, सेजल सिंह, वर्षा डे, मोहम्मद ताजुद्दीन एवं राजेश जैन सहित संस्था के कई सदस्य मौजूद रहे।

# एस.आई.आर. विषय पर सेमिनार का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**ईचाक** : जी.एम. संध्याकालीन महाविद्यालय, इचाक द्वारा एस.आई.आर. विषय पर एक दिवसीय शैक्षणिक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को एस.आई.आर. से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्यों, अवधारणाओं एवं समसामयिक संदर्भों की जानकारी प्रदान करना तथा उनमें विषय के प्रति रुचि एवं जागरूकता विकसित करना था। इस अवसर उपस्थित हेल्प डेस्क मैनेजर जिला निर्वाचन कार्यालय से राजेश पंडित ने एस.आई.आर. के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को विषय की उपयोगिता एवं वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता से अवगत कराया। महाविद्यालय प्रभारी सह नोडल अधिकारी पंकज कुमार ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के ज्ञान को पाठ्यक्रम तक सीमित न रखकर उन्हें व्यावहारिक एवं समसामयिक विषयों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सेमिनार के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा प्रश्नोत्तर सत्र में विषय से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे गए। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। महाविद्यालय प्रशासन ने कहा कि भविष्य में भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं शैक्षणिक उन्नयन के लिए इस प्रकार के ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

---

# कोरियाडीह में भव्य महावीर मंदिर निर्माण को लेकर हुआ भूमि पूजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**बरही** : प्रखंडक्षेत्र अंतर्गत कोरियाडीह में बुधवार को आस्था और उत्साह के बीच करीब 44 वर्ष पुराने महावीर मंदिर के पुनर्निर्माण को लेकर विधिवत भूमि पूजन किया गया। गांव के बीचों-बीच स्थित मंदिर को अब नए एवं भव्य स्वरूप में विकसित करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। भूमि पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु शामिल हुए और मंदिर निर्माण में सहयोग का संकल्प लिया। धार्मिक अनुष्ठान आचार्य डोमन पांडेय, विकास पांडेय एवं दिलीप पांडेय ने विधि-विधान से संपन्न कराया। मुख्य पुजारी के रूप में नरेश प्रसाद मौजूद रहे। पूजा-अर्चना एवं भूमि पूजन के बाद ग्रामीणों ने मंदिर निर्माण कार्य की शुरूआत की। कार्यक्रम की खास बात रही कि ग्रामीण अपने-अपने घरों से कुदाल, गेता, कड़ाही सहित अन्य सामान लेकर पहुंचे और श्रमदान कर निर्माण कार्य में सहभागिता निभाई। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों पुराने मंदिर का अब भव्य एवं आकर्षक निर्माण कराया जाएगा। मंदिर परिसर को भी बेहतर तरीके से विकसित करने की योजना है। मंदिर निर्माण कार्य को 31 जनवरी 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। ग्रामीणों ने निर्धारित समय-सीमा के भीतर निर्माण कार्य पूरा करने के लिए सामूहिक सहयोग एवं श्रमदान जारी रखने की बात कही। इसके साथ ही मंदिर परिसर में स्थित पुराने शिव मंदिर के जीर्णोद्धार कराने का भी निर्णय लिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि महावीर मंदिर और शिव मंदिर दोनों गांव की धार्मिक आस्था के प्रमुख केंद्र हैं। इनके निर्माण एवं जीर्णोद्धार से गांव का धार्मिक वातावरण और मजबूत होगा। आचार्य डोमन पांडेय ने कहा कि मंदिर निर्माण केवल ईंट-पत्थर का निर्माण नहीं, बल्कि ग्रामीणों की आस्था, श्रद्धा और सामूहिक सहभागिता का प्रतीक है।

## रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनी

**बरही** : गोस्वामी तुलसीदास जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के शिक्षा प्रकोष्ठ ने उनके साहित्य और आदर्शों का गुणगान किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ सत्येंद्र कुमार शर्मा एवं महासचिव मिथलेश सिंह ने तुलसीदास जी के जीवन और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने रामचरितमानस के माध्यम से समाज को धर्म, सत्य, मयार्दा और मानवता का संदेश दिया। सत्येंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि तुलसीदास जी केवल संत और कवि ही नहीं थे, बल्कि वे महान समाज सुधारक भी थे। उनकी रचनाएं आज भी नैतिक मूल्यों और सामाजिक समरसता की प्रेरणा देती हैं।

# संत शिरोमणि महाकवि तुलसीदास जी की जयंती मनी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**हजारीबाग** : संत शिरोमणी महाकवि तुलसीदास की जयंती सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। वंदना स्थल पर पुष्पार्चन करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने उनकी अमर जीवनी पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उनकी कालजयी रचना रामचरितमानस हमें जीवन की हर चुनौतियों से लड़ने की ताकत देता है। साथ ही उनके कृत्यों को आत्मसात करने की बात कही। उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास जी को समाज के पथ प्रदर्शक के रूप में कहा। समाज को एक धागे में पिरोने का कार्य तुलसीदास जी ने किया है। यदि उनके सोच के अनुरूप हमारी समाज संरचना होगी तो हम अनंत समय तक विश्व गुरु बने रहेंगे। विद्यालय के आचार्य तारकेश्वर राय ने गोस्वामी तुलसीदास के जीवन परिचय पर प्रकाशडाला। इस अवसर पर विद्यालय में प्रांतीय योजना के अनुसार प्रांतीय निबंध, चित्रकला और सुलेख प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। इस आयोजन से बच्चों में हिंदी के प्रति रुचि तथा विभिन्न प्रकार का कौशल संवर्द्धन होगा। कक्षा द्वितीय-तृतीय में सुलेख, चतुर्थ - पंचम में चित्रकला तथा कक्षा षष्ठ से द्वादश तक विभिन्न प्रकार की विषयों पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।इस अवसर पर भैया-बहनों की शत प्रतिशत उपस्थिति उनकी हिंदी के प्रति अभिरुचि को दशार्ता है। मौके पर विद्यालय के आचार्य बंधु /भगिनी उपस्थित थे।

---

# जर्जर सड़क पर कांग्रेस ने धान रोपनी कर जताया विरोध



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**बरही** : गया रोड की जर्जर स्थिति के विरोध में बुधवार को युवा कांग्रेसियों जर्जर सड़क पर धनरोपनी कर पीडब्लूडी का विरोध किया और नारेबाजी की। धनरोपनी में स्थानीय लोगों के साथ स्कूली छात्र भी शामिल हुए। इस दौरान कांग्रेसियों ने कहा कि बरही से गया जाने वाली सड़क पर कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। बारिश के बाद गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क की स्थिति और खराब हो गई है। इससे राहगीरों और भारी वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। हाल के दिनों में इसी सड़क पर एक ट्रेलर भी पलट गया था, जिसमें कई लोग बाल-बाल बच गये। मौके पर प्रखंड प्रभारी सह जिला कांग्रेस महासचिव दीपक गुप्ता, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, जिला कांग्रेस सचिव सुनील साव, विधानसभा युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष फिरदौस खान, कांग्रेस नेता तौकीर रजा, मो सरफराज, समाजसेवी राज कुमार केशरी, पंकज कुमार, व्यवसायी मनोज कुमार, राकेश कुमार, उपेंद्र कुमार, कुंदन कुमार, सत्यप्रकाश गुप्ता, अफजल खान सहित अन्य लोग मौजूद थे। प्रखंड प्रभारी सह जिला कांग्रेस महासचिव दीपक गुप्ता ने कहा कि सड़क की बदहाली अब आवागमन की समस्या नहीं, बल्कि लोगों की सुरक्षा का सवाल बन गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा ओल्ड जीटी रोड की विशेष मरम्मत के नाम पर करीब 50 लाख रुपये का टेंडर किया गया था। विभाग को जनता के सामने यह स्पष्ट करना चाहिए कि उक्त राशि से सड़क पर कहां और कितना काम कराया गया। उन्होंने कहा कि यदि मरम्मत के नाम पर राशि खर्च हुई है तो सड़क की वर्तमान स्थिति ऐसी क्यों है। जनता के पैसे का पूरा हिसाब देना होगा। सड़क की स्थिति में जल्द सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक किया जायेगा।

## जर्जर सड़क की बरही विधायक ने ली सुध



**बरही** : गया रोड स्थित ओल्ड जीटी रोड की जर्जर स्थिति को लेकर बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने बुधवार को पहल करते हुए हजारीबाग उपायुक्त को मामले की जानकारी दी। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मामले की जानकारी मिलने के बाद उपायुक्त के निर्देश पर पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता सुभाष कुमार ने बुधवार को स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान बरही विधायक मनोज कुमार यादव भी मौजूद रहे।निरीक्षण के दौरान विधायक ने कार्यपालक अभियंता को सड़क की बदहाल स्थिति से अवगत कराया और तत्काल सड़क को दुरुस्त कर आवागमन योग्य बनाने की मांग की। इस पर कार्यपालक अभियंता सुभाष कुमार ने कहा कि बुधवार से ही सड़क को चलने लायक बनाने का काम शुरू कर दिया जायेगा और तत्काल आवागमन की समस्या दूर करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बारिश कम होने के बाद सड़क की स्थायी मरम्मत कराई जाएगी। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि पथ निर्माण विभाग की ओर से सड़क के निर्माण एवं मरम्मत कार्य के लिए करीब 25 लाख रुपये की लागत निर्धारित की गई है। इसके लिए टेंडर भी बुधवार को खोला गया है। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया पूरी होने के बाद सड़क की स्थायी मरम्मत का कार्य कराया जायेगा।

# ढोकरा में प्रस्तावित खेल स्टेडियम के लिए प्रशासनिक सर्वे शुरू



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**बलियापुर (धनबाद)** : सिन्दरी विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित खेल स्टेडियम के निर्माण की दिशा में प्रशासनिक स्तर पर पहल शुरू हो गई है। सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो के प्रयास से खेल विभाग, झारखंड सरकार के सर्वेयर नाजिम अंसारी ने बुधवार को ढोकरा स्थित चिन्हित सरकारी भूमि का स्थलीय निरीक्षण कर तकनीकी सर्वे का काम शुरू किया। स्टेडियम के निर्माण से क्षेत्र के युवाओं, खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों को बेहतर सुविधाएं मिलने की उम्मीद है। सर्वे के दौरान चिन्हित जमीन की मापी, स्थल की स्थिति का आकलन और आवश्यक तकनीकी डेटा जुटाने का कार्य किया गया। सर्वेयर नाजिम अंसारी ने बताया कि स्थल की मापी और डेटा संग्रह की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अगले एक-दो दिनों में आवश्यक आंकड़े एकत्र कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इसके बाद रिपोर्ट खेल विभाग को सौंपी जाएगी, जिसके आधार पर आगे की प्रशासनिक एवं वित्तीय प्रक्रिया पूरी की जायेगी। सर्वे शुरू होने से आमटाल, ढोकरा और आसपास के क्षेत्रों में खेल स्टेडियम के निर्माण को लेकर उम्मीदें बढ़ गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्टेडियम बनने से क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को अभ्यास और प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर मंच मिलेगा।

## एक झलक

### आवास किराये में बढ़ोतरी का नगर कांग्रेस ने किया विरोध, आम सहमति से नीति बनाने की मांग

**सिन्दरी (धनबाद) :** एफसीआईओएल की नई आवासीय नीति और आवासों के किराये में बढ़ोतरी के निर्णय का सिंदरी नगर कांग्रेस ने कड़ा विरोध किया है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष राज बिहारी यादव ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि किराया बढ़ाने का फैसला एफसीआईओएल के पूर्व कर्मचारियों के आश्रितों, मजदूरों और निम्न आय वर्ग के परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालेगा। ऐसे परिवार पिछले 30-40 वर्षों से सिंदरी में रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि महंगाई के दौर में लोग पहले से ही शिक्षा, स्वास्थ्य और दैनिक जरूरतों के बढ़ते खर्च से परेशान हैं। ऐसे में आवास किराये में भारी वृद्धि से उनकी मुश्किलें और बढ़ेंगी। उन्होंने प्रबंधन से मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की मांग की। राज बिहारी यादव ने प्रबंधन को चार सूत्री मांग पत्र सौंपते हुए बढ़ा हुआ किराया तत्काल वापस लेने, नई आवासीय नीति लागू करने से पहले आम सहमति बनाने, गरीब एवं निम्न आय वर्ग के हितों की रक्षा करने तथा आवासों की स्थिति सुधारने का खर्च आवंटियों पर अतिरिक्त बोझ के रूप में नहीं डालने की मांग की। उन्होंने कहा कि नीति बनाने में प्रभावित परिवारों की राय को भी शामिल किया जाना चाहिए।

### कुस्तौर 04 नम्बर में मुफ्त आयुष्मान आरोग्य स्वास्थ्य शिविर

**केन्दुआ (धनबाद) :** सावन के पावन महीने में मां मनसा पूजा के अवसर पर कुस्तौर 4 नंबर में आयुष्मान आरोग्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आयुष्मान आरोग्य उप स्वास्थ्य केंद्र गंसाडीह के सौजन्य और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एन एच एम) के तहत आयोजित इस एक दिवसीय शिविर में दर्जनों महिला और पुरुष मरीजों ने स्वास्थ्य जांच कराई। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सपना कुमारी ने मरीजों की जांच की। इस दौरान लोगों का ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर लेवल निःशुल्क जांचा गया। जांच के बाद मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श दिया गया तथा जरूरत के अनुसार दवाएं भी मुफ्त उपलब्ध कराई गईं। स्थानीय लोगों ने कहा कि पूजा के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर लगाए जाने से लोगों को एक साथ धार्मिक आयोजन के साथ स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिला। विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए निःशुल्क जांच और दवा की सुविधा काफी उपयोगी रही। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की।

### बाघमारा कॉलेज में फोर एसीआर भवन का विधायक ने किया शिलान्यास

**बाघमारा (धनबाद) :** बाघमारा कॉलेज परिसर में बुधवार को छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए फोर एसीआर (अतिरिक्त कक्षा कक्ष) भवन निर्माण का शिलान्यास बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने किया। भवन का निर्माण भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल धनबाद की ओर से लाखों रुपये की लागत से कराया जाएगा। भवन बनने के बाद कॉलेज में कक्षा संचालन के लिए अतिरिक्त स्थान उपलब्ध होगा, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिल सकेगा। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक शत्रुघ्न महतो ने कहा कि बाघमारा कॉलेज के विकास के लिए आगे भी हरसंभव सहयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और सुविधाजनक शिक्षा उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रंजन कुमार ने विद्यार्थियों की सुविधा और शैक्षणिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए दो-तीन अन्य मांगें भी विधायक के समक्ष रखीं। विधायक ने इन मांगों को जल्द पूरा कराने का प्रयास करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कॉलेज में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होने से ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा। पर्याप्त संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध होने पर विद्यार्थी अपनी प्रतिभा को निखारकर बाघमारा क्षेत्र का नाम रोशन कर सकेंगे। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रंजन कुमार, गिरिडीह सांसद प्रतिनिधि सुभाष रवानी, बब्लू राय, बबलू मिश्रा, गोपाल सिंह, बंटी हरी, अशोक कुमार, चितरंजन पांडेय, प्रो. रामसुचित सिंह, प्रो. पीएन पांडेय, प्रो. राजीव पांडेय, प्रो. बीएन पांडेय सहित कॉलेज के शिक्षक, कर्मी एवं अन्य लोग मौजूद थे।

### तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने स्कूटी को रौंदा, चालक फरार

**बाघमारा (धनबाद) :** कतरास में तेज रफ्तार वाहन से दुर्घटना का मामला सामने आया है। लिलोरी स्थान की ओर से आ रहे काले रंग के चार पहिया वाहन ने झिंझिपहाड़ी बस्ती में घर के बाहर सड़क किनारे खड़ी नरेंद्र महतो की स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी वाहन के नीचे फंस गई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद वाहन चालक छोड़कर फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि चालक नशे की हालत में तेज रफ्तार से वाहन चला रहा था।

# सावन में रुद्र महायज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**पाथरडीह (धनबाद) :** सावन के पावन माह में सुदामडीह रिवर साइड दामोदर नदी किनारे स्थित शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित नौ दिवसीय श्रीश्री रुद्र महायज्ञ को लेकर बुधवार को भव्य शोभा कलश जल यात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे के साथ निकली यात्रा में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। श्रद्धालु हाथों में केसरिया धर्म ध्वज लेकर जय श्रीराम, जय बजरंगबली और हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। इससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। धरा धाम प्रयागराज से पधारे यज्ञाधीश श्रीश्री 1008 बाल योगी महंत परशुराम दास महात्यागी महाराज के निर्देशन में निकली कलश यात्रा यज्ञ मंडप से शुरू होकर सुदामडीह लाल मैदान, न्यू माइंस कॉलोनी, चासनाला सात नंबर, चासनाला साउथ कॉलोनी और इंद्रा चौक होते हुए चासनाला रिवर साइड स्थित दामोदर नदी के सूर्य मंदिर धाम घाट पहुंची। घाट पर काशी विश्वनाथ से पधारे यज्ञाचार्य पंडित रंजीत शास्त्री एवं सहयोगी आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दामोदरनाथ एवं देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर जलभरनी की रस्म पूरी कराई। इसके बाद श्रद्धालु कलश में पवित्र जल लेकर वापस यज्ञ मंडप पहुंचे और कलश स्थापित किया। यात्रा में यज्ञमान संजय गिरी, डिगवाडीह श्रीराम मंदिर के पुजारी रामदास जी महाराज, पंकज मिश्रा, वार्ड 51 के पार्षद डॉ. वीरेंद्र कुमार, बमभोली सिंह, अमित गिरी, नागेंद्र सिंह, संजय सिंह, राम बालक सिंह, सुदर्शन ओझा, रंजीत महतो, प्रकाश चंद्र सरकार, सोनू सिंह समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## जयरामपुर कोलियरी में नौ दिवसीय रामचरितमानस नवाह पारायण यज्ञ शुरू, भक्तिमय हुआ क्षेत्र



**अलकडीहा/धनबाद :** जयरामपुर कोलियरी स्थित ऐतिहासिक बूढ़ा बाबा मंदिर प्रांगण में सावन माह के पावन अवसर पर बुधवार से नौ दिवसीय रामचरितमानस नवाह पारायण यज्ञ का शुभारंभ हुआ। यज्ञ के आरंभ होते ही पूरा जयरामपुर क्षेत्र धार्मिक मंत्रोच्चार, पूजा-पाठ और भक्ति के माहौल से सराबोर हो गया। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया। गिरिडीह से पहुंचे रामानंद शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ यज्ञ का शुभारंभ कराया। यजमान के रूप में अशोक मिश्रा सपरिवार शामिल हुए और श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की। नौ दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान का समापन 27 अगस्त को होगा। इस दौरान प्रतिदिन रामचरितमानस का पाठ, पूजा-अर्चना सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यज्ञ को लेकर बूढ़ा बाबा यज्ञ कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, पूजा-अर्चना और श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। कमेटी के सदस्यों के प्रयास और स्थानीय लोगों के सहयोग से यह आयोजन प्रत्येक वर्ष धार्मिक आस्था के साथ संपन्न होता है।

**सावन में विशेष पूजा से बढ़ती है मंदिर की रौनक**

**बूढ़ा** बाबा मंदिर के पुजारी सुशील कुमार झा के नेतृत्व में सावन के प्रत्येक सोमवार को यजमानों के सहयोग से भगवान बूढ़ा बाबा की विशेष श्रृंगार पूजा भी की जाती है। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर सुख-समृद्धि, शांति और क्षेत्र की खुशहाली की कामना करते हैं। जयरामपुर कोलियरी के कर्मियों के साथ आसपास के ग्रामीणों की भी बूढ़ा बाबा मंदिर के प्रति गहरी आस्था है।

## धूमधाम से मनायी गयी मां मनसा की पूजा श्रद्धालुओं ने की सुख-समृद्धि की कामना




**धनबाद :** सर्पों की देवी मां मनसा की पूजा धनबाद जिले के विभिन्न क्षेत्रों में श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ धूमधाम से मनाई गई। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक जगह-जगह मां मनसा की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की दीघार्यु और सर्पदंश सहित अन्य संकटों से रक्षा की कामना की। मनसा पूजा को लेकर जिले के झरिया, कतरास, सिजुआ, बलियापुर, बाघमारा सहित विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उत्साह देखा गया। झरिया के कई मोहल्लों में श्रद्धालुओं ने पारंपरिक रूप से जल भरकर गाजे-बाजे के साथ पूजा स्थलों तक पहुंचकर मां की आराधना की। वहीं सिजुआ क्षेत्र के टाटा सिजुआ, भेलाटांड़, चंदौर बस्ती, नगरीकला, न्यू पांडेयडीह, तेतुलमारी और आसपास के इलाकों में भी पूजा-अर्चना हुई। बलियापुर और आसपास के गांवों में प्रतिकूल मौसम के बावजूद श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा मंडपों में उमड़ी। पारंपरिक और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा संपन्न हुई। कई स्थानों पर मंदिर व पूजा मंडपों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। कतरास के तिलाटांड़ स्थित रवानी टोला में भी मां मनसा की पूजा हर्षोल्लास के साथ हुई। पूजा के दौरान महिलाओं ने मंगल गीत गाकर मां मनसा की महिमा का गुणगान किया। कई पूजा समितियों की ओर से भक्ति जागरण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। देर रात तक पूजा स्थलों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। कुछ स्थानों पर मध्यरात्रि में निशी पूजा का आयोजन किया गया।

### विशेष पुनरीक्षण में दावा-आपत्ति की नोटिस सुनवाई 24 अगस्त से

# अधिकारियों को दिया ऑनलाइन प्रशिक्षण


**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**धनबाद :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत प्राप्त दावा-आपत्तियों की नोटिस सुनवाई और संबंधित दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया 24 अगस्त से शुरू होगी। इसे लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन ने बुधवार को जिले के सभी ईआरओ, एईआरओ और अतिरिक्त एईआरओ को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दावा-आपत्ति से संबंधित मामलों की नोटिस सुनवाई, साक्ष्यों का सत्यापन और दावों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए। पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और त्रुटिरहित होनी चाहिए। उपायुक्त ने नोटिस सुनवाई, दस्तावेजों एवं साक्ष्यों के सत्यापन तथा दावों के निष्पादन से जुड़े तकनीकी और विधिक पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों की शंकाओं का भी समाधान किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप प्रत्येक मामले की जांच पूरी गंभीरता और निष्पक्षता के साथ की जाये।
ऑनलाइन प्रशिक्षण में सिंदरी के ईआरओ सह अपर समाहर्ता प्रदीप कुमार शुक्ला, निरसा के ईआरओ सह एडीएम सप्लाई पंकज कुमार, धनबाद के ईआरओ सह अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे, झरिया के ईआरओ सह एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार ओझा, टुंडी के ईआरओ सह डीसीएलआर दिलीप कुमार महतो तथा बाघमारा के ईआरओ सह निदेशक डीआरडीबी राजीव रंजन सहित सभी एईआरओ एवं अतिरिक्त एईआरओ शामिल हुए।

# आईआईटी (आईएसएम) फैकल्टी की हाइपरस्पेक्ट्रल रिसर्च से मिनरल एक्सप्लोरेशन और माइन-वेस्ट मॉनिटरिंग को मिलेगी नयी दिशा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**धनबाद :** आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के डिपार्टमेंट ऑफ माइनिंग इंजीनियरिंग के फैकल्टी ने बॉक्साइट और रेड मड की हाइपरस्पेक्ट्रल कैरेक्टराइजेशन पर अपनी रिसर्च को 2026 आईईईई इंटरनेशनल जियोसाइंस एंड रिमोट सेंसिंग सिम्पोजियम (आईजीएआरएसएस 2026) में प्रस्तुत किया। दुनिया के प्रमुख जियोसाइंस और रिमोट सेंसिंग सिम्पोजियम में शामिल आईजीएआरएसएस 2026 का आयोजन 09 से 14 अगस्त तक वॉशिंगटन डीसी, अमेरिका में हुआ। पोस्टर प्रेजेंटेशन के जरिए सामने लायी गयी इस स्टडी में एनमैप (एनवायरनमेंटल मैपिंग एंड एनालिसिस प्रोग्राम) से मिले सैटेलाइट-बेस्ड हाइपरस्पेक्ट्रल ऑब्जर्वेशन का इस्तेमाल किया गया। एनमैप एक हाइपरस्पेक्ट्रल अर्थ-ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट मिशन है, जिसके जरिये अलग-अलग मैटेरियल्स की स्पेक्ट्रल प्रॉपर्टीज को डिटेल में समझा जा सकता है।
रिसर्च में विजिबल और इंफ्रारेड वेवलेंथ रेंज में बॉक्साइट और रेड मड के स्पेक्ट्रल कैरेक्टरिस्टिक्स और उनकी सेपरेबिलिटी का अध्ययन किया गया। खास तौर पर एल्युमिनियम और आयरन हाइड्रॉक्सिल से जुड़े डायग्नोस्टिक स्पेक्ट्रल फीचर्स और इलेक्ट्रॉनिक ट्रांजिशन पर फोकस किया गया, जिससे दोनों मैटेरियल्स के स्पेक्ट्रल बिहेवियर को समझने में मदद मिली। हाइपरस्पेक्ट्रल रिमोट सेंसिंग की मदद से मिनरल और माइन-वेस्ट मैटेरियल्स को उनकी स्पेक्ट्रल प्रॉपर्टीज के आधार पर पहचानना और अलग करना सम्भव है। यह टेक्नोलॉजी मिनरल एक्सप्लोरेशन, माइन-वेस्ट कैरेक्टराइजेशन और एनवायरनमेंटल मॉनिटरिंग के लिए एक नॉन-इनवेसिव और इफेक्टिव तरीका उपलब्ध करा सकती है, रिसर्चर ने कहा। स्टडी के मुताबिक, इस रिसर्च का इस्तेमाल मिनरल एक्सप्लोरेशन, माइन-वेस्ट कैरेक्टराइजेशन और एनवायरनमेंटल मॉनिटरिंग में किया जा सकता है। रिमोट सेंसिंग डेटा के जरिए मिनरल्स में होने वाले बदलाव और माइन-वेस्ट की कम्पोजिशन को समझने में भी यह तकनीक उपयोगी हो सकती है। रिसर्चर के स्पेशलाइजेशन में रिमोट सेंसिंग, जियोग्राफिक इन्फॉर्मेशन सिस्टम (जीआईएस), डिजिटल इमेज प्रोसेसिंग, जियोलॉजिकल स्पेक्ट्रोस्कोपी और स्पेक्ट्रल मिक्सिंग एवं अनमिक्सिंग शामिल हैं। उनके रिसर्च इंटरेस्ट में मिनरल मैपिंग, ओअर एस्टिमेशन और स्मार्ट माइनिंग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व मशीन लर्निंग का इस्तेमाल भी शामिल है।
उन्होंने 2016 में एनआईटी राउरकेला से माइनिंग इंजीनियरिंग में ऑनर्स किया और 2024 में आईआईटी बॉम्बे के सेंटर ऑफ स्टडीज इन रिसोर्सेज इंजीनियरिंग से जियोइन्फॉर्मेटिक्स एंड नेचुरल रिसोर्सेज इंजीनियरिंग में पीएचडी पूरी की। उन्होंने प्राइम मिनिस्टर रिसर्च फेलोशिप (पीएमआरएफ) के तहत अपनी पीएचडी की। इसके अलावा उन्होंने इजरायल की हिब्रू यूनिवर्सिटी ऑफ जेरूसलम में एडवांस्ड रिमोट सेंसिंग रिसर्च का अनुभव हासिल किया है और कोल इंडिया लिमिटेड में भी काम कर चुके हैं।

## कलियासोल-बाघमारा के होमगार्ड अभ्यर्थियों का मेडिकल व दस्तावेज सत्यापन पूरा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** होमगार्ड बहाली के तहत चयनित कलियासोल और बाघमारा प्रखंड के अभ्यर्थियों का बुधवार को मेडिकल जांच और दस्तावेज सत्यापन कराया गया। इस दौरान अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण-पत्रों की जांच, चिकित्सीय परीक्षण, पुलिस चरित्र सत्यापन और बॉण्ड निष्पादन की प्रक्रिया पूरी की गई। जिला प्रशासन ने पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने का दावा किया है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों के मेडिकल और दस्तावेज सत्यापन के लिए अलग-अलग तिथियां निर्धारित की गई हैं। 20 अगस्त को निरसा और गोविंदपुर के चयनित अभ्यर्थियों का सत्यापन किया जाएगा। प्रक्रिया के लिए चार जांच टीमों के साथ एक मेडिकल टीम भी तैनात की गई है। अभ्यर्थियों को आवेदन के दौरान जमा किए गए सभी प्रमाण-पत्रों की मूल प्रति, स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति और नाम व रोल नंबर अंकित चार पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो के साथ स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य किया गया है। उपायुक्त ने चेतावनी दी कि फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करने या किसी तरह की धोखाधड़ी का प्रयास करने वालों के खिलाफ झारखंड प्रतियोगी परीक्षा अधिनियम, 2023 और भारतीय न्याय संहिता के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों से बिचौलियों के झांसे में नहीं आने की अपील की। किसी व्यक्ति द्वारा पैसे लेकर काम कराने का प्रलोभन देने पर होमगार्ड डीएसपी के मोबाइल नंबर 6299226344 पर सूचना देने को कहा गया है। साथ ही अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की गई। सत्यापन के दौरान होमगार्ड कमांडेंट सूर्यकांत कुमार, बाघमारा अंचल अधिकारी गिरजानंद किस्कू समेत जांच और मेडिकल टीम के सदस्य मौजूद थे।

## धनबाद के पंचायत सचिवालयों में 31 अगस्त तक लगेंगे फसल बीमा के विशेष शिविर

**धनबाद :** धनबाद जिले में खरीफ मौसम 2026 के लिए बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को लेकर जिला प्रशासन ने विशेष अभियान शुरू किया है। किसानों को योजना से जोड़ने के लिए जिले के सभी पंचायत सचिवालयों में 31 अगस्त तक विशेष शिविर लगाए जाएंगे। जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक किसानों से शिविर में पहुंचकर अपनी खरीफ फसलों का बीमा कराने की अपील की है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने बताया कि धनबाद जिले में कुल 1,54,058 किसानों को फसल बीमा योजना से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। भारत सरकार का एनसीआईपी पोर्टल 24 जुलाई से ही निबंधन के लिए खुला है। हालांकि, समीक्षा के दौरान अब तक मात्र 7,217 किसानों के निबंधन की जानकारी सामने आई है। लक्ष्य की तुलना में निबंधन की संख्या कम होने के कारण जिला प्रशासन ने विशेष शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है।

# एसडीपीओ ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचाव के बताये उपाय

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**सिन्दरी (धनबाद) :** सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी में बुधवार को विद्यार्थियों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में सिंदरी के एसडीपीओ प्रकाश चंद्र महतो ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध के बढ़ते मामलों और उनसे बचाव के उपायों की विस्तार से जानकारी दी। एसडीपीओ ने कहा कि वर्तमान समय में इंटरनेट, मोबाइल फोन और डिजिटल माध्यमों का उपयोग तेजी से बढ़ा है। इसके साथ ही ऑनलाइन ठगी और अन्य साइबर अपराधों के मामले भी बढ़ रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति का सतर्क और जागरूक रहना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनजान नंबर से आए लिंक पर क्लिक नहीं करने, संदिग्ध संदेशों का जवाब नहीं देने तथा किसी भी व्यक्ति के साथ ओटीपी, पासवर्ड, पिन, बैंक खाते से संबंधित जानकारी या अन्य गोपनीय सूचनाएं साझा नहीं करने की सलाह दी। उन्होंने ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया अपराध, फर्जी वेबसाइट और लिंक, डिजिटल भुगतान में धोखाधड़ी तथा सोशल मीडिया अकाउंट की सुरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। बताया कि साइबर अपराधी अक्सर लालच, डर या जल्दबाजी का माहौल बनाकर लोगों से गलती करवाते हैं। इसलिए किसी भी संदिग्ध स्थिति में घबराने के बजाय पहले पूरी जानकारी का सत्यापन करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि साइबर सुरक्षा केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। साइबर ठगी का शिकार होने पर तत्काल अभिभावकों, शिक्षकों अथवा पुलिस को सूचना देनी चाहिए।

## डीएवी स्कूल में साइबर सुरक्षा की पाठशाला, बच्चों को बताये ऑनलाइन ठगी से बचने के उपाय



**धनबाद :** साइबर अपराध के बढ़ते मामलों के बीच बच्चों को ऑनलाइन ठगी और डिजिटल धोखाधड़ी से बचाने के उद्देश्य से बुधवार को डीएवी स्कूल, कोयला नगर में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण एसपी एस. मोहम्मद याकूब ने सैकड़ों छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के विभिन्न स्वरूपों और उससे बचाव के उपाय बताए। ग्रामीण एसपी ने कहा कि डिजिटल तकनीक ने जीवन को आसान बनाया है, लेकिन साइबर अपराधियों ने भी ठगी के नए तरीके विकसित कर लिए हैं। अपराधी कभी बैंक अधिकारी, पुलिसकर्मी, रिश्तेदार या किसी प्रतिष्ठित संस्थान का कर्मचारी बनकर लोगों को झांसे में लेते हैं। इनाम, नौकरी, लोन, निवेश, केवाईसी अपडेट और बिजली बिल के नाम पर फर्जी लिंक भेजकर ठगी की जा रही है। उन्होंने छात्रों से अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने तथा ओटीपी, एटीएम/डेबिट कार्ड, बैंक खाता, पासवर्ड और अन्य गोपनीय जानकारी साझा नहीं करने की अपील की। सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल पर जोर देते हुए उन्होंने अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार नहीं करने और निजी फोटो-वीडियो सार्वजनिक नहीं करने की सलाह दी। कहा कि साइबर ठगी होने पर घबराएं नहीं, बल्कि तत्काल पुलिस को सूचना दें। समय पर शिकायत मिलने से रकम को रोकने की संभावना बढ़ती है। साइबर डीएसपी प्रदीप कुमार साव ने फर्जी प्रोफाइल, ऑनलाइन उत्पीड़न और पहचान की धोखाधड़ी से भी सावधान किया।

# धनबाद में धूमधाम से मना 187वां विश्व फोटोग्राफी दिवस, उत्कृष्ट फोटोग्राफरों को मिला सम्मान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन की ओर से बुधवार को ठाकुरकुल्ही स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 187वां विश्व फोटोग्राफी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला खेल सह पर्यटन नोडल पदाधिकारी उमेश लोहरा और विशिष्ट अतिथि जिला स्तरीय पर्यटन विशेषज्ञ संतोष कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान जिले के फोटोग्राफरों की कला और योगदान को रेखांकित करते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। एसोसिएशन के सचिव रंजीत कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष सुभाष सरावगी व रत्नेश कुमार, कोषाध्यक्ष प्रकाश कुमार तथा सलाहकार मृत्युंजय प्रसाद ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर किया। उमेश लोहरा ने कहा कि एक तस्वीर बिना शब्दों के भी पूरी कहानी कहने की क्षमता रखती है। संतोष कुमार ने पर्यटन स्थलों पर फोटोग्राफी के लिए झारखंड सरकार की विशेष पंजीकरण व्यवस्था की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 300 रुपये शुल्क देकर तीन वर्ष के लिए पंजीकरण कराया जा सकता है। समारोह में मीडिया प्रभारी रंजीत जायसवाल को प्रमाण पत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। वहीं, हमारा धनबाद, वेडिंग और पोर्ट्रेट श्रेणी में हुई फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। हमारा धनबाद में रोहित गुप्ता, वेडिंग में बंटी कुमार और पोर्ट्रेट में इसरार उल हक ने प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के अंत में केक कटिंग, सामूहिक फोटोग्राफी और भोज का आयोजन हुआ। इसमें जिलेभर के बड़ी संख्या में फोटोग्राफरों ने हिस्सा लिया।

## खेलो इंडिया अस्मिता वुशु लीग में रागिनी सिंह ने बढ़ाया महिला खिलाड़ियों का हौसला



**झरिया (धनबाद) :** डीएवी जामाडोबा में आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता वुशु लीग में झरिया विधायक रागिनी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग ले रही महिला खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनके प्रदर्शन और खेल के प्रति समर्पण की सराहना की तथा उनका उत्साहवर्धन किया।इस दौरान रागिनी सिंह ने कहा कि महिला खिलाड़ियों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और खेल के प्रति समर्पण प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि बेटियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत उन्हें उचित मंच, प्रोत्साहन और बेहतर अवसर देने की है। खेलो इंडिया अस्मिता जैसी प्रतियोगिताएं महिला खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध कराती हैं।विधायक रागिनी सिंह ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वे निरंतर अभ्यास, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ें। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभावान खिलाड़ी भविष्य में झरिया और धनबाद के साथ पूरे झारखंड एवं देश का नाम रोशन करेंगी।उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों और आयोजकों में उत्साह का माहौल रहा। रागिनी सिंह की मौजूदगी से महिला खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा और उन्होंने प्रतिभागियों से पूरी मेहनत एवं समर्पण के साथ खेल में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

## आयुष चिकित्सकों के चयन के लिए वॉक-इन इंटरव्यू सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने तथा आम लोगों तक पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों की बेहतर सुविधा पहुंचाने के उद्देश्य से आयुष चिकित्सक एवं सहायक चिकित्सक के रिक्त पदों पर चयन के लिए बुधवार को वॉक-इन इंटरव्यू आयोजित किया गया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर आयोजित साक्षात्कार में जिले और आसपास के क्षेत्रों से कुल 19 आयुष चिकित्सकों ने हिस्सा लिया। चयन समिति ने अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता, कायानुर्भव, संबंधित क्षेत्र में दक्षता समेत विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से साक्षात्कार लिया। चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पूरे साक्षात्कार की वीडियोग्राफी भी कराई गई। चयन समिति में अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे, अपर समाहर्ता प्रदीप कुमार शुक्ला, सिविल सर्जन डॉ. आलोक विश्वकर्मा, जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ. रोहित गौतम, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सचिव डॉ. राकेश इंदर, डॉ. मंजु दास, सिविल सर्जन कार्यालय की मेडिकल ऑफिसर डॉ. रेखा कुमारी, मेडिकल ऑफिसर आयुष डॉ. अमरेन्द्र पाठक, होमियोपैथी फिजिशियन डॉ. जयश्री तथा आपदा प्रबंधन पदाधिकारी संजय कुमार झा शामिल थे। अधिकारियों ने बताया कि आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति से जिले में आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी और होमियोपैथी जैसी पारंपरिक चिकित्सा सेवाओं को और मजबूती मिलेगी। इससे ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में भी मदद मिलेगी।

# म्यूल बैंक खातों पर पुलिस का शिकंजा, 43 बैंक प्रबंधकों को दिये सख्त निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**




**धनबाद :** जिले में बढ़ते वित्तीय साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए धनबाद पुलिस ने अब बैंकिंग व्यवस्था पर निगरानी और पुलिस-बैंक समन्वय को मजबूत करने की कवायद शुरू कर दी है। बुधवार को समाहरणालय स्थित पुलिस सभागार में सिंदरी अंचल के 43 सरकारी व निजी बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता ग्रामीण एसपी एस मोहम्मद याकूब ने की। बैठक में साइबर डीएसपी प्रदीप कुमार साव और सिंदरी एसडीपीओ प्रकाश चंद्र महतो भी मौजूद रहे। बैठक में म्यूल बैंक खातों को साइबर अपराध की बड़ी कड़ी बताते हुए उनकी पहचान कर निष्क्रिय करने पर विशेष जोर दिया गया। ग्रामीण एसपी ने कहा कि साइबर ठगी की रकम को एक खाते से दूसरे खाते में पहुंचाने के लिए अपराधी अक्सर दूसरे लोगों के बैंक खातों का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे खातों की समय रहते पहचान जरूरी है।
बैंकों को निर्देश दिया गया कि किसी खाते में अचानक बड़ी रकम का लेनदेन शुरू होने, अलग-अलग स्थानों से बड़ी संख्या में रकम आने या थोड़े समय में रकम दूसरे खातों में भेजे जाने पर तत्काल नजर रखें और संदिग्ध गतिविधि मिलने पर पुलिस को सूचना दें। नए खुले खातों में असामान्य ट्रांजैक्शन की भी निगरानी होगी।
इसके अलावा खाताधारकों के फिजिकल वेरिफिकेशन और लिंक मोबाइल नंबर के सत्यापन पर जोर दिया गया। किसी इलाके से बड़ी संख्या में खाते खुलने या कोई व्यक्ति लगातार अलग-अलग लोगों को बैंक लाकर खाते खुलवाने में सक्रिय दिखे तो इसकी जानकारी पुलिस को देने को कहा गया। ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी से जुड़े संदिग्ध खातों पर भी नजर रखने का निर्देश दिया गया।

## एसएसपी ने सिन्दरी थाना का किया निरीक्षण, कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के दिये निर्देश



**सिन्दरी (धनबाद) :** धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बुधवार को सिंदरी थाना का निरीक्षण कर थाना की व्यवस्थाओं और पुलिस कार्यप्रणाली का जायजा लिया। थाना पहुंचने पर पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों ने एसएसपी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने थाना परिसर के अलावा कार्यालयों, अभिलेखों, विभिन्न रजिस्टरों तथा अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों से थाना क्षेत्र में दर्ज मामलों, अनुसंधान की स्थिति और कानून व्यवस्था से संबंधित जानकारी भी ली। निरीक्षण के दौरान थाना की समग्र व्यवस्था को उन्होंने संतोषजनक पाया। एसएसपी प्रभात कुमार ने पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सड़क यातायात को व्यवस्थित रखने तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए भी विशेष सतर्कता बरतने को कहा। संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्त बढ़ाने और आम लोगों के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्यों का पूरी जिम्मेदारी और सजगता के साथ निर्वहन करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान सिंदरी थाना प्रभारी राजेश कुमार, एसआई प्रभुदान कुजूर, मुकेश हेंब्रम, एएसआई शेषनाथ सिंह खरवार, शैलेश कुमार, विनोद टोप्पो तथा हवलदार अजीत तिवारी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# लोबीन रजक की मौत मामले में हत्या का आरोप, मंटू साव पर नामजद केस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा :** सिंगड़ा पंचायत के पाण्डेडीह गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में लोबीन रजक (40) का शव मिलने के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतक की बहन सारू देवी ने सोमवार देर शाम महुदा थाना में लिखित शिकायत देकर पाण्डेडीह निवासी मंटू साव पर अपने भाई की हत्या करने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मंटू साव के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सारू देवी ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि जिस स्थान के समीप लोबीन का शव मिला था, वहां से कुछ दूरी पर स्थित मंटू साव के अर्धनिर्मित मकान में लोबीन की चप्पल मिली है। परिजनों के अनुसार, लोबीन प्रतिदिन मंटू साव के घर शराब पीने के लिए जाता था। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद होने और विवाद के क्रम में मंटू साव द्वारा लोबीन की हत्या किए जाने की आशंका जताई गई है। घटना के बाद से परिजनों में आक्रोश है। उन्होंने पुलिस से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करते हुए दोषी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के आधार पर महुदा थाना में कांड संख्या 50/2026 के तहत बीएनएस की धारा 103(1) में मामला दर्ज किया गया है। इधर, पुलिस घटनास्थल से मिले साक्ष्यों और परिस्थितिजन्य तथ्यों की जांच कर रही है। पुलिस मंटू साव समेत अन्य संभावित लोगों से पूछताछ कर रही है। साथ ही शव मिलने के स्थान और अर्धनिर्मित मकान से जुड़े साक्ष्यों को भी जांच के दायरे में लिया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, पूछताछ और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर ही लोबीन रजक की मौत के वास्तविक कारण का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

## सम्पादकीय.....

# जंतर-मंतर आन्दोलन पर सुप्रीम निर्देश

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर जेन जी का आन्दोलन निरन्तर दिलचस्प होता जा रहा है। अब यह प्रकरण सर्वोच्च न्यायालय में चला गया है। शीर्ष न्यायालय ने दिल्ली पुलिस की कार्रवाई को लेकर कई महत्त्वपूर्ण निर्देश जारी किये हैं। वहीं, दिल्ली पुलिस ने भी हलफनामा दिया है। कहना गलत नहीं होगा कि जंतर-मंतर पर स्टूडेंट्स प्रोटेस्ट के बाद पूरे देश में एक बदलाव देखा जा रहा है। नयी पीढ़ी अपने अधिकारों, विशेषतः, एजुकेशन सिस्टम में बेहतरी के लिए सड़कों पर उतर रही है। जेन जी के साथ इसमें अब जेन अल्फा सड़क पर उतरने लगा है। दरअसल, ये विरोध-प्रदर्शन व्यवस्था की खामियों को तो उजागर कर ही रहे हैं, यह भी दर्शा रहे हैं कि नयी पीढ़ी जागरूक है और उसे पता है कि सरकार से सवाल पूछना उसका अधिकार है। ऐसे में छात्र प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस की कथित ज्यादती को लेकर सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हो जाते हैं। इससे जनता के अधिकारों को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। शीर्ष न्यायालय ने दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संसद मार्च के दौरान पुलिस के अत्यधिक बल प्रयोग की जांच के लिए एक हाईपावर कमिटी गठित करने के निर्देश दिये हैं। वैसे, दिल्ली पुलिस ने इससे इनकार किया है। जबकि, बिहार सरकार ने माना है कि एक घटना में एके-47 का इस्तेमाल किया गया, लेकिन कोई घायल नहीं हुआ। दिल्ली पुलिस ने अपने हलफनामे में जो पॉइंट्स बताये हैं, उनमें यह बात महत्त्वपूर्ण है कि प्रदर्शन में आपराधिक रिकॉर्ड वाले भी घुस आये थे। इसके बावजूद ज्यादतियों के आरोपों की जांच आवश्यक है, क्योंकि यह आम लोगों के संवैधानिक अधिकारों से जुड़ा मामला है। संविधान का अनुच्छेद 19(1)(a) नागरिकों को बोलने और अपनी बात रखने की आजादी देता है। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने पिछले कई निर्णयों में स्पष्ट किया है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन लोकतंत्र का जरूरी हिस्सा है। जनता में सरकार की नीतियों, उसके कामकाज या किसी और वजह से असंतोष है, तो वह अपनी बात विरोध-प्रदर्शनों के माध्यम से रख सकती है। यद्यपि, ये अधिकार असीमित नहीं और सार्वजनिक व्यवस्था व सुरक्षा के मद्देनजर इन पर उचित प्रतिबंध लगाये जा सकते हैं, तथापि उसका भी स्पष्ट कारण और तरीका होना चाहिए। यदि कानून-व्यवस्था का कोई संदर्भ है, तो समाधान भी कानून के दायरे में ही होना चाहिए। प्रशासन की जिम्मेदारी किसी आन्दोलन-प्रदर्शन में अड़चन डालना नहीं, उसे व्यवस्थित बनाना है। प्रकरण में महत्त्वपूर्ण यह है कि समिति महिला प्रदर्शनकारियों को निशाना बनाने के आरोपों की भी जांच करेगी। यह मामला महिला सम्मान और गरिमा से जुड़ा हुआ है। प्रदर्शन के दौरान आये कुछ विडियो विचलित करनेवाले हैं और उनकी तह तक जाना अत्यन्त आवश्यक है। कुल मिला कर, इस जांच को केवल इस मामले में पुलिस की भूमिका तक सीमित करके नहीं देखा जाना चाहिए। इसका प्रभाव आगे भी देखने को मिलेगा। नयी पीढ़ी के सवालों का जवाब संवाद है, लाठी नहीं। यह बात शासन-प्रशासन; दोनों को ही समझने की आवश्यकता है।

## ● किसने क्या कहा



वन, वन्यजीव और समुदायों की रक्षा को सफलता का पैमाना बनायें

सीपी राधाकृष्णन
उपराष्ट्रपति



भारत और जापान साझा विकास, तकनीक और साझा समृद्धि के साझेदार

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री (उत्तर प्रदेश)

# 'वंदे मातरम्' प्रेम : हकीकत या फसाना

विशेष — निर्मल रानी



विपक्ष सहित कुछ अन्य संगठन इस अनिवार्य प्रोटोकॉल को संविधान के अनुच्छेद 25 अर्थात व्यक्तिगत और धार्मिक स्वतंत्रता के विरुद्ध बताते हैं। बहरहाल, इन सब के बावजूद 'वंदेमातरम्' को संसद में और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री की मौजूदगी में लाल किले पर गाया गया। बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा1875 में मूल रूप से बांग्ला और संस्कृत भाषा में लिखे इस गीत के शब्द काफी कठिन हैं। 06 छंदों पर आधारित यह गीत काफी लम्बा भी है। चूंकि, आम तौर पर केवल इसके पहले दो छंदों को ही आधिकारिक तौर पर गाया जाता रहा है, इसलिए देश के अधिकांश राजनेताओं और आम नागरिकों को भी इसके बाद के 04 छंद कंठस्थ याद नहीं होते हैं।

**राष्ट्रीय** गीत 'वंदेमातरम' के 150 साल पूरे होने के अवसर पर 2026 के नये सरकारी प्रोटोकॉल के अनुसार गृह मंत्रालय द्वारा जारी नए दिशा-निदेशों के तहत सरकारी कार्यक्रमों में राष्ट्रगान से पहले वंदे मातरम बजाना और सभी के लिए सम्मान में खड़ा होना अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही औपचारिक अवसरों पर इसके सभी छह छंदों को गाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। विपक्ष सहित कुछ अन्य संगठन इस अनिवार्य प्रोटोकॉल को संविधान के अनुच्छेद 25 अर्थात व्यक्तिगत और धार्मिक स्वतंत्रता के विरुद्ध बताते हैं। बहरहाल, इन सब के बावजूद 'वंदेमातरम ' को संसद में और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पर प्रधानमंत्री की मौजूदगी में लाल किले पर गाया गया कबंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा1875 में मूल रूप से बांग्ला और संस्कृत भाषा में लिखे इस गीत के शब्द काफी कठिन हैं। 6 छंदों पर आधारित यह गीत काफी लंबा भी है। चूँकि आम तौर पर केवल इसके पहले दो छंदों को ही आधिकारिक तौर पर गाया जाता रहा है, इसलिए देश के अधिकांश राजनेताओं और आम नागरिकों को भी इसके बाद के 4 छंद कंठस्थ याद नहीं होते हैं। लेकिन भाजपा के मामले में यह विवाद इसलिए भी बड़ा हो जाता है क्योंकि वह अन्य दलों पर राष्ट्रगीत के अपमान का तो आरोप लगाती है, जबकि खुद उसके अपने नेता इसे सही ढंग से प्रस्तुत करने में चूक जाते हैं।

समय-समय पर भाजपा के नेताओं की इस गीत को लेकर अज्ञानता कैमरे पर भी उजागर हुई है। एक टेलीविजन लाइव डिबेट के दौरान, जब भाजपा प्रवक्ता नवीन कुमार सिंह दूसरों को 'वंदे मातरम' गाने की चुनौती दे रहे थे, तो एंकर ने उनसे स्वयं इसे गाने को कह दिया। वे अपने मोबाइल फोन में देखने के बावजूद गीत की गलत पंक्तियाँ गाने लगे और धुन भी पूरी तरह भूल गए। इसी तरह उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के पूर्व मंत्री बलदेव सिंह औलख से जब पत्रकारों ने 'वंदे मातरम' की कुछ पंक्तियाँ सुनाने को कहा, तो वे बेहद असहज हो गए। उन्होंने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि उन्हें इस समय पूरा याद नहीं है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जयपुर में भाजपा के मुख्य स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान, मंच पर राष्ट्रगीत गाते समय गलत धुन और गलत वर्जन बज गया। कांग्रेस द्वारा इस बड़ी चूक पर हमला किए जाने के बाद राजस्थान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी पड़ी। कोटा, मेरठ और ग्वालियर जैसे कई शहरों में भाजपा के स्थानीय विधायकों और सांसदों के ऐसे अनेक वीडियो सामने आ चुके हैं, जहाँ वे वंदे मातरम् और राष्ट्रगान (जन गण मन) के बीच अंतर करने में भ्रमित हो जाते हैं या गीत की पंक्तियों को आपस में मिला देते हैं। हाल ही में गुजरे संसद के मॉनसून सत्र के दौरान जब 'वंदे मातरम्' को लेकर नया कानून और राष्ट्रगीत विवाद गरमाया, तो विपक्ष ने भाजपा को घेरते हुए कहा कि 'जिन्होंने वंदे मातरम् को लेकर कड़े कानून बनाये हैं, हक़ीकत यह है कि उनके अपने नेताओं और मंत्रियों को भी यह गीत पूरा याद नहीं है। उधर मुस्लिम समुदाय के भीतर इस गीत को लेकर अलग-अलग दृष्टिकोण और विचार हैं। हालाँकि समग्र मुस्लिम समाज 'वंदे मातरम्' गायन का विरोध नहीं करता है परन्तु समाज के कुछ लोग या कुछ धार्मिक संगठन इसके पूरे पाठ या कुछ विशिष्ट छंदों का विरोध करते हैं। जबकि अनेक अन्य मुस्लिम नागरिक,प्रतिष्ठित लोग और कलाकार इसे देशभक्ति के प्रतीक के रूप में सहजता से गाते भी हैं। दरअसल मुसलमानों के एक वर्ग के वंदे मातरम् का विरोध करने के पीछे मुख्य रूप से धार्मिक, साहित्यिक और ऐतिहासिक कारण हैं। एकेश्वरवाद के सिद्धांत पर आधारित इस्लाम धर्म में केवल एक अल्लाह की इबादत की अनुमति है। जबकि वंदे मातरम् का शाब्दिक अर्थ 'माँ, मैं आपकी वंदना/पूजा करता हूँ' होता है जहाँ देश को एक देवी दुर्गा के रूप में चित्रित किया गया है। जमीयत उलेमा-ए-हिंद जैसे धार्मिक संगठनों का मानना है कि अल्लाह के अलावा किसी भी अन्य सत्ता, भूमि या मूर्ति के सामने झुकना या उसकी पूजा करना उनके धार्मिक सिद्धांतों के विरुद्ध है। कुछ इतिहासकारों और मुस्लिम विचारकों का मानना है कि इस उपन्यास की पृष्ठभूमि और कुछ अंशों में मुस्लिम विरोधी भावनाएं निहित थीं, जिससे इस गीत को लेकर ऐतिहासिक रूप से एक संशय पैदा हुआ। कई मुस्लिम नेताओं और कानूनी विशेषज्ञों का यह तर्क भी है कि भारत का संविधान अनुच्छेद 19 और 25 नागरिकों को अभिव्यक्ति और धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार देता है। उनका कहना है कि देशभक्ति साबित करने के लिए किसी को भी ऐसा गीत गाने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए जो उनकी धार्मिक आस्था से टकराता हो। हालांकि इस विषय पर मुस्लिम समाज भी एकमत नहीं है। कुछ उलेमाओं का मानना है कि इसके छंदों में मूर्तिपूजा और देवी स्वरूप की स्तुति शामिल है, इसलिए वे इसे गाने से परहेज करते हैं। यही वजह थी कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान वर्ष 1937 में कांग्रेस ने मुस्लिम समुदाय की आपत्तियों को ध्यान में रखते हुए ही इस गीत के केवल शुरुआती दो छंदों को ही राष्ट्रगीत के रूप में अपनाया था।

# भारत के ऊर्जा भविष्य की नयी तस्वीर

गौरतलब — योगेश कुमार गोयल



किसी भी राष्ट्र को विकसित बनाने के लिए आज प्रदूषणरहित अक्षय ऊर्जा स्रोतों का समुचित उपयोग किये जाने की आवश्यकता भी है। देश में अक्षय ऊर्जा के विकास और उपयोग को लेकर जागरूकता पैदा करने के लिए ही वर्ष 2004 से हर साल 20 अगस्त को 'अक्षय ऊर्जा दिवस' भी मनाया जाता है।

**पृथ्वी** पर ऊर्जा के परम्परागत साधन बहुत सीमित मात्रा में उपलब्ध हैं, ऐसे में खतरा मंडरा रहा है कि यदि ऊर्जा के इन पारम्परिक स्रोतों का इसी प्रकार दोहन किया जाता रहा तो इन परम्परागत स्रोतों के समाप्त होने पर गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाएगी। यही कारण है कि पूरी दुनिया में गैर परम्परागत ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने की जरूरत महसूस की जाने लगी और इसी कारण अक्षय ऊर्जा स्रोतों से ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति करने के प्रयास शुरू हुए। अक्षय का अर्थ है, जिसका कभी क्षय न हो अर्थात् अक्षय ऊर्जा वास्तव में ऊर्जा का असीम और अनंत विकल्प है और आज के समय में यह किसी भी राष्ट्र के अक्षय विकास का प्रमुख स्तंभ भी है। पिछले कुछ वर्षों से पर्यावरणीय चिंताओं को देखते हुए ऐसी ऊर्जा तथा तकनीकें विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिनसे ग्लोबल वार्मिंग की विकराल होती समस्या से दुनिया को कुछ राहत मिल सके। किसी भी राष्ट्र को विकसित बनाने के लिए आज प्रदूषणरहित अक्षय ऊर्जा स्रोतों का समुचित उपयोग किए जाने की आवश्यकता भी है। देश में अक्षय ऊर्जा के विकास और उपयोग को लेकर जागरूकता पैदा करने के लिए ही वर्ष 2004 से हर साल 20 अगस्त को 'अक्षय ऊर्जा दिवस' भी मनाया जाता है। आज न केवल भारत में बल्कि समूची दुनिया के समक्ष बिजली जैसी ऊर्जा की महत्वपूर्ण जरूरतों को पूरा करने के लिए सीमित प्राकृतिक संसाधन हैं, साथ ही पर्यावरण असंतुलन और विस्थापन जैसी गंभीर चुनौतियां भी हैं। चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के अनुसार इन गंभीर समस्याओं और चुनौतियों से निपटने के लिए अक्षय ऊर्जा ही एक ऐसा बेहतरीन विकल्प है, जो पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के साथ-साथ ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने में भी कारगर साबित होगी लेकिन अक्षय ऊर्जा की राह में भी कई चुनौतियां मुंह बाये सामने खड़ी हैं। अक्षय ऊर्जा उत्पादन की देशभर में कई छोटी-छोटी इकाईयां हैं, जिन्हें एक ग्रिड में लाना बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य है। इससे बिजली की गुणवत्ता प्रभावित होती है। भारत में अक्षय ऊर्जा के विविध स्रोतों का अपार भंडार मौजूद है लेकिन इनसे ऊर्जा उत्पादन करने वाले अधिकांश उपकरण विदेशों से आयात किए जाते हैं। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के अनुसार, कुछ साल पहले सौर ऊर्जा के लिए करीब 90 प्रतिशत उपकरण विदेशों से आयात किए गए थे, जिससे बिजली उत्पादन की लागत काफी बढ़ गई।

## अंकजाल - 8364

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.



अंकजाल 8363 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्राणवान प्रतिभाओं की खोज

**प्रगति** पथ पर अग्रसर होने के लिए तदनुरूप योग्यता एवं कर्मनिष्ठा उत्पन्न करनी पड़ती है। साधन जुटाने पड़ते हैं। कठिनाइयों से जूझने, अड़चनों को निरस्त करने और मार्ग रोककर बैठे हुए अवरोधों को हटाने के लिए साहस, शौर्य और सूझबूझ का परिचय देना पड़ता है। जो कठिनाइयों से जूझ सकता है और प्रगति की दिशा में बढ़ चलने के साधन जुटा सकता है, उसी को प्रतिभावान कहते हैं। सामुदायिक सार्वजनिक क्षेत्र में सुव्यवस्था बनाने के लिए और भी अधिक प्रखरता चाहिए। यह विशाल क्षेत्र, आवश्यकताओं और गुत्थियों की दृष्टि से तो और भी बढ़ा-चढ़ा होता है। हीन वर्ग अपने साधनों के लिए, मार्गदर्शन के लिए दूसरों पर निर्भर रहता है। यह परजीवी वर्ग ही मनुष्यों में बहुलता के साथ पाया जाता है। अनुकरण और आश्रय ही उसका स्वभाव होता है। ऐसे लोग निजी निर्धारण कदाचित ही कभी कर पाते हैं। दूसरा वर्ग-समझदार होते हुए भी संकीर्ण स्वार्थपरता से घिरा रहता है। योग्यता और तत्परता जैसी विशेषताएं होते हुए भी ऐसे लोग अपने को लोभ, अहंकार की पूर्ति के लिए ही नियोजित किए रहते हैं। वे कृपणता और कायरता के दबाव में वे पुण्य-परमार्थ की बात सोच ही नहीं पाते। अवसर मिलने पर अनुचित कर बैठते हैं और महत्व न मिलने पर अनर्थ कर बैठते हैं।

## आज का इतिहास

- उत्तरी इजीरयली शहर अक्को में राजा रिचर्ड प्रथम ने 20 अगस्त 1191 में 3000 मुस्लिम कैदियों की हत्या करायी।
- पूर्वी एशिया से डच ईस्ट इंडिया कंपनी का पहला जहाज 1597 में वापस आया।
- इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच 20 अगस्त 1641 में शांति समझौता हुआ।
- राजा राम मोहन राय के ब्रह्म समाज के पहले सत्र का आयोजन 1828 में कलकत्ता (अब कोलकाता) में सम्पन्न हुआ।
- रोनाल्ड रॉस ने 1897 में कलकत्ता (अब कोलकाता) के प्रेसिडेंसी जनरल हॉस्पिटल में काम करने के दौरान मलेरिया के कारक एनोफिलीज मच्छर की पहचान की।
- फ्रांस के एडोल्फ 1913 में पेगोड पैराशूट के जरिये विमान से उतरने वाले पहले पाइलट बने।
- मोप्ला विद्रोह 1921 में केरल के मालाबार क्षेत्र में शुरू हुआ।
- यूरोपीय देश हंगरी में संविधान को 1949 में अंगीकार किया गया।
- फ्रांसीसी सेनाओं ने 1953 में मोरक्को के सुल्तान सीदी मोहम्मद बिन यूसुफ को गददी से हटाया।
- मोरक्को और अल्जीरिया में 1955 को फ्रांस-विरोधी दंगों में सैकडों लोग मारे गये।
- ओहियो में विल्बरफोर्स यूनिवर्सिटी की स्थापना 1856 में हुई।
- सोवियत संघ ने 1962 में नोवाया जेमल्या में परमाणु परीक्षण किया।
- तत्कालीन सोवियत रुस ने 1972 में भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- अमेरिका के वोयागेर दो अंतरिक्षयान को 1977 में प्रक्षेपित किया गया।
- प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने 1979 में अपने पद से इस्तीफा दिया।
- पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल जिया उल हक का 1988 में हवाई दुर्घटना में निधन एवं सीनेट के सभापति गुलाम इशहाक खान राष्ट्रपति बने।
- भारत और नेपाल में 1988 को 6.5 की तीव्रता वाले भूकम्प से एक हजार लोगों की मौत हुई।

## सुविचार

इस दुनिया में आजाद कौन है? वह व्यक्ति, जो खुद पर नियंत्रण रखता है।
**होरेस**

शुरुआत करने का तरीका है कि बातें बंद करें और काम शुरू करें।
**वाल्ट डिज्नी**

# एक देश, हजार दफ्तर और हर काम की एक 'कीमत'



प्रो. आरके जैन

**भारत** में रिश्वत अब जेब से निकलकर व्यवस्था की आदत बन चुकी है; कई बार सामान्य नागरिक का काम बिना इस 'अतिरिक्त कीमत' के आगे बढ़ता ही नहीं। थाने की मेज से तहसील की फाइल, आरटीओ की खिड़की से पासपोर्ट कार्यालय तक–'कुछ करना पड़ेगा' जैसे वाक्यों ने भ्रष्टाचार को चुपचाप सामाजिक स्वीकृति दे दी है। इसी जड़ खामोशी को 2 जुलाई 2026 में दिल्ली के महाराजा अग्रसेन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के बीटेक छात्र आर्यन निषाद ने डिजिटल चुनौती दी। उन्होंने Bribes.fyi (ब्राइब्स डॉट एफवाईआई) बनाया–एक मंच, जहां नागरिक पहचान छिपाकर रिश्वत की मांग दर्ज कर सकते हैं। विभाग, शहर, रकम और रिश्वत दी या ठुकराई–इतनी जानकारी से ही भ्रष्टाचार का नया नक्शा उभरने लगा।

इस पहल की असली धार उसकी सादगी में थी। न लंबी शिकायत प्रक्रिया, न दफ्तरों की दौड़, न पहचान उजागर करने की मजबूरी। नागरिक के अनुभव को सीधे आंकड़े में ढाल दिया गया। शुरूआती रिपोर्टों में पुलिस विभाग सबसे आगे रहा; उसके बाद आरटीओ, राजस्व एवं भूमि रिकॉर्ड और पासपोर्ट कार्यालय सामने आए। 250 से अधिक शहरों से शिकायतें जुड़ीं और कई मामलों में मांगी गई रकम हजारों रुपये तक बताई गई। वेबसाइट ने स्पष्ट किया कि आंकड़े स्वैच्छिक रिपोर्टों पर आधारित हैं, पूरे भारत का वैज्ञानिक सर्वेक्षण नहीं। फिर भी सीमित दायरे ने इसका महत्व कम नहीं किया। पहली बार लोगों की बिखरी पीड़ा एक साझा, सार्वजनिक डिजिटल तस्वीर में उभरने लगी। सबसे चुभता संकेत शायद आंकड़ों के बीच छिपा वही सच था–कई लोगों ने रिश्वत देने से इनकार किया और फिर भी उनका काम हो गया। यह भ्रष्टाचार की उस पुरानी दलील पर सीधा सवाल है कि रिश्वत हर बार 'मजबूरी' होती है। जब बिना पैसे काम हो सकता है, तो फिर पैसे की मांग क्यों? Bribes.fyi ने यही सवाल समाज के सामने रख दिया। यहां भ्रष्टाचार अब धुंधली चर्चा नहीं, बल्कि रकम, विभाग और स्थान के साथ दर्ज अनुभव था। मानचित्र पर उभरते बिंदु महज शिकायतें नहीं थे; वे उस नागरिक आक्रोश के निशान थे, जिसे सरकारी फाइलें और मौखिक शिकायतें अक्सर निगल जाती हैं।

किसी छोटे डिजिटल प्रयोग का इतनी तेजी से सार्वजनिक बहस बन जाना असाधारण था। कुछ ही घंटों में लाखों क्लिक और 50 लाख से अधिक (करीब 5 मिलियन) रिक्वेस्ट की खबरों ने Bribes.fyi को राष्ट्रीय चर्चा में ला दिया। सोशल मीडिया पर छात्रों, नागरिकों और तकनीक से जुड़े लोगों में चर्चा तेज हुई। एंजेल इन्वेस्टर डॉ. अनिरुद्ध मालपानी की 30,000 की मदद ने इसके आगे बढ़ने की संभावना दिखाई। लेकिन लोकप्रियता के साथ दुरुपयोग, शिकायतों की विश्वसनीयता, कानूनी सुरक्षा और वित्तीय ढांचे के सवाल उठे। वेबसाइट स्वेच्छा से ऑफलाइन कर दी गई। टीम ने इसे सावधानी का कदम बताया। बाद में अनिश्चितकालीन ब्रेक की घोषणा करते हुए डेटा स्थायी रूप से डिलीट करने और वेबसाइट हमेशा के लिए बंद करने की बात कही गई; फिर भी डेटा और कानूनी ढांचे पर सवाल बने रहे। Bribes.fyi की असली कहानी कोड से आगे, लोकतंत्र की उस जमीन पर शुरू होती है जहां नागरिक और व्यवस्था आमने-सामने होते हैं।

# डोनाल्ड ट्रम्प को क्यों भा गया भारतीय निर्वाचन आयोग ?

गौरतलब — सौरभ वार्ष्णेय



सवाल इसलिए महत्वपूर्ण है कि आखिर भारत की चुनाव व्यवस्था में ऐसा क्या है, जो दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्रों में से एक अमेरिका के राष्ट्रपति को आकर्षित कर रहा है? भारत का निर्वाचन आयोग कोई सामान्य प्रशासनिक संस्था नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत उसे संसद, राज्य विधानसभाओं तथा राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनावों की देखरेख, निर्देशन और नियंत्रण का संवैधानिक दायित्व प्राप्त है।

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जो भारत के साथ टैरिफ पर टैरिफ खेल रहे थे अचानक युद्ध छोड़कर भारत की चुनाव व्यवस्था और मतदाता पहचान प्रणाली यानी भारतीय निर्वाचन आयोग को पंसद कर रहे हैं। ज्ञात रहे कि हाल ही में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी चुनाव व्यवस्था की तुलना भारतीय चुनाव मतदाता पहचान प्रणाली से की है। ट्रंप ने भारत के विशाल चुनावी तंत्र, फोटो पहचान-पत्र की व्यवस्था और सीमित डाक मतपत्र व्यवस्था को अमेरिका के लिए उदाहरण के रूप में पेश किया। उन्होंने भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार से कथित बातचीत का भी उल्लेख किया, हालांकि इस बातचीत का स्वतंत्र सार्वजनिक रिकॉर्ड अभी स्पष्ट रूप से सामने नहीं आया है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह बयान केवल भारत की चुनाव प्रणाली की प्रशंसा भर नहीं है। इसके पीछे अमेरिकी राजनीति, मतदाता पहचान, चुनावी पारदर्शिता और आगामी अमेरिकी मध्यावधि चुनावों की राजनीति भी दिखाई देती है। सवाल इसलिए महत्वपूर्ण है कि आखिर भारत की चुनाव व्यवस्था में ऐसा क्या है जो दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्रों में से एक अमेरिका के राष्ट्रपति को आकर्षित कर रहा है? भारत का निर्वाचन आयोग कोई सामान्य प्रशासनिक संस्था नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत उसे संसद, राज्य विधानसभाओं तथा राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनावों की देखरेख, निर्देशन और नियंत्रण का संवैधानिक दायित्व प्राप्त है। निर्वाचन आयोग स्वयं भी इसे स्वतंत्र संवैधानिक प्राधिकरण के रूप में वर्णित करता है।

भारत में चुनाव कराना अपने आप में दुनिया का एक असाधारण प्रशासनिक अभियान है। करोड़ों मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक पहुंचाना, मतदाता सूची तैयार करना, पहचान सुनिश्चित करना, राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के लिए समान अवसर बनाए रखना तथा परिणामों को घोषित करना–यह पूरा तंत्र विशाल स्तर पर काम करता है। ट्रंप ने भारत के हालिया आम चुनाव में लगभग 646 मिलियन मतदाताओं का उल्लेख करते हुए भारतीय फोटो पहचान व्यवस्था को अमेरिका के संदर्भ में उपयोगी बताया। यहीं से भारत और अमेरिका के चुनावी मॉडल में एक महत्वपूर्ण अंतर सामने आता है। अमेरिका में चुनावों का संचालन काफी हद तक राज्यों के स्तर पर होता है और नियमों में राज्यवार अंतर दिखाई देता है। इसके विपरीत भारत में निर्वाचन आयोग एक केंद्रीय संवैधानिक संस्था के रूप में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों के लिए व्यापक अधिकार रखता है। ट्रंप की नजर में यही केंद्रीकृत चुनाव प्रबंधन एक आकर्षक मॉडल हो सकता है। ट्रंप की टिप्पणी को समझने के लिए अमेरिकी राजनीति को समझना आवश्यक है। अमेरिका में मतदाता पहचान और नागरिकता सत्यापन लंबे समय से राजनीतिक बहस का विषय रहे हैं। ट्रंप लगातार यह तर्क देते रहे हैं कि चुनावी प्रक्रिया में पहचान और नागरिकता की पर्याप्त जांच होनी चाहिए।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देनेवाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जायेगा। | **तुला** कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। |
| **वृष** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। | **वृश्चिक** नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें, तो ज्यादा उत्तम है। व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। |
| **मिथुन** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। समय ठीक है। | **धनु** कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। |
| **कर्क** सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। | **मकर** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। समय अच्छा है। |
| **सिंह** अपने हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। | **कुंभ** जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जायेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जायेगी। |
| **कन्या** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। बुरी संगति से बचे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। | **मीन** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। |

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड) :** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### चोरी की वारदात में संलिप्त छह आरोपी गिरफ्तार

**चास** : बोकारो के चास थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं का पुलिस ने खुलासा करते हुए 6 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है।

यह गिरोह घर की खिड़की तोड़कर जेवरात, नकदी और मोबाइल सहित महंगे सामन उड़ा लिया करता था। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी के सामान भी बरामद किया हैं। प्रेस वार्ता में चास सदर सहायक पुलिस अधीक्षक वेदांत शंकर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में से एक का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास भी रहा है।22 जुलाई, 11 अगस्त और 15 अगस्त की रात चास थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने घरों की खिड़की तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इन घटनाओं को लेकर चास थाना में मामला दर्ज किया गया था।घटनाओं के उद्भेदन के लिए बोकारो के पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चास सदर सहायक पुलिस अधीक्षक,वेदांत शंकर के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया था इसी विशेष टीम को यह सफलता हाथ लगी है। सहायक पुलिस अधीक्षक वेदांत शंकर ने बताया कि मानवीय और तकनीकी सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए छह संदिग्ध आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस गिरफ्त में आए आरोपियों की पहचान गौतम बाउरी उर्फ मिरीण्डा, राहुल कुमार बाउरी, रवि कुमार पाण्डेय, प्रिंस कुमार उर्फ कृष, अमन राज उर्फ मनीष कुमार और कृष्णा कुमार पॉल के रूप में हुई है।सभी आरोपी चास थाना क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों के रहने वाले बताए गए हैं। इधर चास एसपी वेदांत शंकर ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ के दौरान चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

### बीएसएल में 28 क्वालिटी सर्किल टीमों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बोकारो** : बोकारो स्टील प्लांट में 'डायरेक्टर-इन-चार्ज क्वालिटी सर्किल ट्रॉफी 2026' का आयोजन किया गया। प्लांट स्तर पर आयोजित क्वालिटी सर्किल प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में यह दूसरी प्रतियोगिता थी। इस प्रतियोगिता में बीएसएल के विभिन्न विभागों की कुल 28 क्वालिटी सर्किल टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी टीमों ने अपने-अपने कार्यक्षेत्र में किए गए अभिनव सुधार कार्यों, समस्या-समाधान की क्षमता और निरंतर सुधार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। सभी टीमों ने निर्णायक मंडल के समक्ष अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। प्रस्तुतियों के दौरान टीमों ने कार्यस्थल की समस्याओं की पहचान, उनके मूल कारणों का विश्लेषण तथा प्रभावी एवं टिकाऊ समाधान लागू करने की अपनी व्यवस्थित कार्यप्रणाली को प्रदर्शित किया। प्रत्येक टीम का प्रयास यह दशार्ता है कि हमारे कर्मचारी अपने कार्यक्षेत्र में सुधार के नए अवसरों की पहचान करने और उन्हें प्रभावी समाधान में बदलने के लिए कितने सजग एवं प्रतिबद्ध हैं।प्रतियोगिता अंतर्गत आयोजित 'मॉडल प्रतियोगिता' में भी टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और क्वालिटी सर्किल टीमों द्वारा विकसित बेहतर प्रक्रियाओं एवं सुधार पहलों को प्रदर्शित किया।

## कृषि-पशुपालन योजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा

# लाभुकों तक समय पर लाभ पहुंचाने के निर्देश




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : समाहरणालय सभागार में बुधवार को उपायुक्त संदीप कुमार की अध्यक्षता में कृषि, पशुपालन, गव्य विकास एवं सहकारिता विभाग की योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक हुई। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान वषार्पात, बीज वितरण, बिरसा फसल विस्तार योजना 2026-27, किसान प्रशिक्षण, फसल उत्पादन और मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता कार्यक्रम की जानकारी ली गई। इसके अलावा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, झारखंड राज्य मिलेट्स मिशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड और फसल बीमा योजना की भी समीक्षा हुई। उपायुक्त ने अधिकारियों को योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य को समय पर पूरा करने और ज्यादा से ज्यादा किसानों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का निर्देश दिया। बैठक में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित मिले एक वैज्ञानिक के प्रति उपायुक्त ने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित वैज्ञानिक को शोकॉज नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग की समीक्षा में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की प्रगति पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य के अनुसार शत-प्रतिशत पात्र लाभुकों को पशु उपलब्ध कराने को कहा। लंबित मामलों का जल्द निपटारा करने और पात्र लोगों को समय पर योजना का लाभ देने का निर्देश भी दिया गया। उन्होंने पशुओं के नियमित टीकाकरण और कृत्रिम गभार्धान की गति बढ़ाने के साथ पशुपालकों के बीच जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया।सहकारिता विभाग की योजनाओं की समीक्षा में निमार्णाधीन गोदाम, लैम्प्स में बने गोदाम, पंजीकृत समितियों तथा सौर और विद्युत ऊर्जा से संचालित कोल्ड रूम की स्थिति की जानकारी ली गई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने कहा कि सरकारी योजनाओं का उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब उनका लाभ वास्तविक पात्र लोगों तक समय पर पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से काम में पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्धता बनाए रखने को कहा।बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी नेहा निश्चा, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. सुषमा प्रधिया, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला गव्य विकास पदाधिकारी हरि कृष्ण, जिला सहकारिता पदाधिकारी आशा टोप्पो समेत संबंधित पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

## सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग की बड़ी कार्रवाई

# चैनपुर में चला सघन जांच अभियान वसूला गया 56 हजार का जुर्माना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिला परिवहन विभाग ने बुधवार को सख्त रुख अपनाया। जिला परिवहन पदाधिकारी सत्येन्द्र महतो के निदेर्शानुसार, चैनपुर थाना क्षेत्र में एक विशेष सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई की गई। मौके पर मौजूद अधिकारी और कार्रवाई,इस अभियान का नेतृत्व मोटरयान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह और प्रदीप कुमार तिर्की ने किया। जांच दल ने चैनपुर थाना के पास चेकनाका लगाकर आने-जाने वाले वाहनों की सघन तलाशी ली। इस औचक निरीक्षण से नियम तोड़ने वाले चालकों में हड़कंप मच गया। विभाग द्वारा की गई इस कार्रवाई में कुल 56,000 (छप्पन हजार) रुपये का जुमार्ना वसूला गया। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया कि अभियान का प्राथमिक लक्ष्य सिर्फ जुमार्ना वसूलना नहीं, बल्कि उन गलतियों को सुधारना था जो अक्सर जानलेवा दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं। जाँच के दौरान निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष सख्ती बरती गई ।

## तुलसी जयंती पर राम-सीता और तुलसीदास के रूप में नजर आये विद्यार्थी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : ज़िला मुख्यालय के धर्मपुर पथ स्थित सरस्वती विद्या मंदिर,में बुधवार को गोस्वामी तुलसीदास मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यालय के भैया-बहनों ने भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान और गोस्वामी तुलसीदास का रूप धारण कर उनके जीवन और आदर्शों को मंच पर साकार किया। विद्यार्थियों की आकर्षक वेशभूषा और प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों का ध्यान खींचा।जयंती कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने तुलसीदास जी के जीवन, साहित्य और उनके व्यक्तित्व से जुड़े प्रसंगों पर अपने विचार रखे। श्रीरामचरितमानस में वर्णित भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र को अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए सत्य, धर्म, मयार्दा और कर्तव्य के महत्व को बताया गया। बच्चों की प्रस्तुतियों में भक्ति और भारतीय संस्कृति की झलक दिखाई दी।विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने कहा कि महापुरुषों और संतों के जीवन से बच्चों को परिचित कराने वाले आयोजन उनके भीतर संस्कार और नैतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति और परंपरा को समझने का अवसर भी देते हैं।कार्यक्रम में जयंती प्रमुख फूलचंद सिंह, वाटिका प्रमुख गीता कुमारी समेत विद्यालय के आचार्य-आचार्या और बड़ी संख्या में भैया-बहन उपस्थित रहे।

## आन्दोलन की चेतावनी के बाद प्रशासन सक्रिय

# चंदवा सीएचसी में जल्द शुरू होगी अल्ट्रासाउंड सेवा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय से बंद पड़ी अल्ट्रासाउंड सुविधा को जल्द बहाल किए जाने की पहल शुरू हो गई है। इसे लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता सौरभ श्रीवास्तव ने प्रशासन की पहल का स्वागत करते हुए उपायुक्त संदीप कुमार और सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलको के प्रति आभार जताया है।प्रेस बयान जारी कर सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले दिनों चंदवा के दामोदर में हुए सड़क हादसे के बाद घायलों के इलाज के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जरूरी चिकित्सा सुविधाओं की कमी सामने आई थी। विशेष रूप से अल्ट्रासाउंड सेवा उपलब्ध नहीं होने से मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को उन्होंने उपायुक्त और सिविल सर्जन के समक्ष प्रमुखता से रखा था। इसके बाद प्रशासन की ओर से सुविधा बहाल करने की दिशा में पहल की गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही चंदवा सीएचसी में अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा नियमित रूप से उपलब्ध होगी।सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि चंदवा जैसे बड़े क्षेत्र के सामुदायिक अस्पताल में जरूरी जांच और उपचार की सुविधाएं मौजूद रहना बेहद जरूरी है। मरीजों को छोटी-छोटी जांच के लिए बाहर जाने की मजबूरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल की सुविधाओं में सुधार से सबसे अधिक लाभ गरीब और जरूरतमंद मरीजों को मिलेगा।उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की हर सुविधा चंदवा की जनता के लिए है और इसे बेहतर बनाने के लिए वे आगे भी आवाज उठाते रहेंगे। साथ ही उन्होंने प्रशासन से अस्पताल में अन्य आवश्यक संसाधनों और चिकित्सा सुविधाओं को भी मजबूत करने की मांग की।

## जयदीप और आकाश राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में दिखायेंगे प्रतिभा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले के दो युवा एथलीट अब राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। 21वीं राष्ट्रीय युवा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 1 से 3 सितंबर तक पंजाब के लुधियाना स्थित गुरु नानक स्टेडियम में होगा। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के तत्वावधान में होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए लातेहार के आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के दो खिलाड़ियों का चयन किया गया है।प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ी जयदीप उरांव को सात स्पधाओं वाली व्यक्तिगत एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। वहीं आकाश उरांव मिश्रित रिले दौड़ में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। दोनों खिलाड़ियों के चयन से जिले के खेल प्रेमियों में उत्साह है।जिला खेल पदाधिकारी अविनेश कुमार त्रिपाठी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए जिले के दो खिलाड़ियों का चयन लातेहार के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने नियमित अभ्यास, अनुशासन और मेहनत के दम पर यह मुकाम हासिल किया है।

## आन्दोलनकारियों के बाल बच्चों व आश्रितों का क्षैतिज आरक्षण का अधिकार क्यों रोकी सरकार: पुष्कर महतो



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : झारखंड आंदोलनकारियों के बाल बच्चों एवं आश्रितों का क्षैतिज आरक्षण का अधिकार क्यों रोका गया के सवाल को लेकर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर जवाब मांगा है ।महतो ने इस संदर्भ में आज मुख्यमंत्री के नाम कांके रोड स्थित सचिवालय में लिखित ज्ञापन सौंपा है. उन्होंने अपने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि झारखंड आंदोलनकारियों के आश्रितों ,बाल - बच्चों को क्षैतिज आरक्षण का अधिकार देने से संबंधित गजट नोटिफिकेशन 22 अप्रैल 2025 में हो चुका है. इसके तहत झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के द्वारा सिर्फ एक बार 1/25 को कक्षपाल की नियुक्तियां के आवेदन भरने के कॉलम में झारखंड आंदोलनकारियों के आशिकों बाल बच्चों को क्षैतिज आरक्षण का अधिकार दशार्या गया था. झारखंड आंदोलनकारियों के आश्रितों ,बाल - बच्चों को क्षैतिज आरक्षण का अधिकार के तहत आवेदन भी भरे. दुर्भाग्यवस इस वैकेंसी को ही रद्द करके संविदा के आधार पर रिक्तियां भर दी गई, आखिर क्यों? किसके इशारे पर हुआ क्षैतिज आरक्षण का पालन क्यों नहीं किया गया, सरकार के द्वारा निर्धारित मापदंड को क्यों उल्लंघन किया गया?, सरकार के संकल्प का उल्लंघन होना संवैधानिक मूल्यों एवं मयार्दाओं का हनन है. इस मामले कि समुचित जांच हो और कार्रवाई भी निर्धारित होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि इसी प्रकार सचिवालय की रिक्तियां एवं स्वास्थ्य विभाग के व्यक्तियों में 2026 एक 20263 जे एसएससी के द्वारा नियुक्तियां के आवेदन पर झारखंड आंदोलनकारियों के आश्रितों ,बाल - बच्चों को क्षैतिज आरक्षण का अधिकार के कॉलम अंकित ही नहीं किए गए हैं ।

## जन समाधान कार्यक्रम में बच्ची की पढ़ाई की चिन्ता, उपायुक्त ने लिया तत्काल संज्ञान



**मेदिनीनगर** : जन समाधान कार्यक्रम में कक्षा 5 में पढ़ने वाली कृतिका कुमारी ने उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत को अपनी परेशानी बताई। मेदिनीनगर के वार्ड नंबर-2, बैंक कॉलोनी के पास रहने वाली कृतिका ने बताया कि हाल में हुई भारी बारिश और कोयल नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण उसके घर में पानी घुस गया था। इस दौरान उसकी कॉपी, किताबें एवं पढ़ाई की अन्य सामग्रियां बह गईं। कृतिका ने उपायुक्त से पढ़ाई जारी रखने के लिए कॉपी-किताब उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। बच्ची की बात सुनकर उपायुक्त ने तत्काल जिला शिक्षा पदाधिकारी को कृतिका को पठन-पाठन की आवश्यक सभी सामग्री उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## स्वास्थ्य कार्यक्रमों की शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर** : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर के सभागार में बुधवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को शत-प्रतिशत हासिल करने का निर्देश संबंधित कर्मियों को दिया गया। बैठक में एचएमआईएस रिपोर्ट, आयुष्मान आरोग्य शिविर, सिकल सेल एनीमिया, मलेरिया कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, गोल्डन कार्ड, प्रसव एवं टीकाकरण सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को सुबह नौ बजे से शाम तीन बजे तक नियमित रूप से खोलने का निर्देश दिया गया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी गौरव कुमार ने सभी सीएचओ एवं एएनएम के कार्यों की समीक्षा करते हुए अपने-अपने संस्थानों में निर्धारित समय पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक ने एएनएम एवं सीएचओ को वित्तीय प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान मुख्यमंत्री रखरखाव योजना एवं अनटाइड फंड से संबंधित कैशबुक के संधारण सहित वित्तीय अभिलेखों के रखरखाव की जानकारी दी गई।

## खेत में घास काट रही महिला को सांप ने डंसा




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर** : केतार टोला पाल नगर निवासी फूला देवी पति मदन साह बुधवार की सुबह खेत में घास काटने के दौरान विषैले सांप के डंसने से घायल हो गईं। परिजनों ने तत्काल महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर लाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार किया गया। बताया गया कि फूला देवी सुबह खेत में घास काट रही थीं, इसी दौरान घास के बीच छिपे विषैले सांप ने उनके पैर में डंस लिया। सांप के डंसते ही उन्होंने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। परिजनों ने बिना देर किए उन्हें अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद से परिजन चिंतित हैं। ग्रामीणों ने बरसात के मौसम में खेतों और आसपास के इलाकों में सांप निकलने की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। खासकर खेतों में काम करने के दौरान जूते-चप्पल पहनकर तथा झाड़ियों में हाथ डालने से बचने की सलाह दी गई है।

## विश्व फोटोग्राफी व विश्व मानवतावादी दिवस पर सांता पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : विश्व फोटोग्राफी दिवस एवं विश्व मानवतावादी दिवस के अवसर पर बुधवार को सांता पब्लिक स्कूल, शास्त्री नगर, गुमला के कक्षा 3 से 10 तक के विद्यार्थियों को गुमला के विभिन्न सरकारी कार्यालयों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को सरकारी संस्थानों की कार्यप्रणाली, विभिन्न सेवाओं तथा प्रशासनिक व्यवस्था की व्यावहारिक जानकारी देना था।शैक्षणिक भ्रमण की शुरूआत बच्चों के गुमला एसडीपीओ कार्यालय पहुंचने से हुई। यहां विद्यार्थियों ने एसडीपीओ श्री सुरेश प्रसाद यादव से मुलाकात की। उन्होंने बच्चों को कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस किस प्रकार कार्य करती है, थानों में किन-किन प्रकार के कार्य किए जाते हैं तथा आम लोगों की सुरक्षा में पुलिस की क्या भूमिका होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।इसके बाद विद्यार्थी गुमला प्रधान डाकघर पहुंचे। वहां पोस्ट मास्टर शिव शंकर ठाकुर सहित राजेश कुमार महतो, निरंजन ओहदार एवं शाहनवाज अनवर ने बच्चों को डाक विभाग की विभिन्न सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों ने कैश लेनदेन, पासपोर्ट सेवा, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, स्पीड पोस्ट, डाक टिकट सहित अन्य सेवाओं की कार्यप्रणाली को समझा। अधिकारियों ने डाक विभाग की ओर से वर्तमान में चल रही राखी बनाने की प्रतियोगिता के बारे में भी बच्चों को जानकारी दी।

## धान के खेत में गाय चराने से मना करने पर मारपीट, एक घायल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर** : खरौंधी थाना क्षेत्र के चेचरिया गांव में धान के खेत में गाय चराने को लेकर हुए विवाद में मारपीट की घटना सामने आई है। घटना में चेचरिया गांव निवासी सुरेन्द्र चौधरी पिता चमन चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों की मदद से घायल सुरेन्द्र चौधरी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर लाया गया, वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद चोट की गंभीरता को देखते हुए उसे बेहतर ईलाज के लिए उन्हें सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। घायल सुरेन्द्र चौधरी ने आरोप लगाया है, कि गांव के ही योगेंद्र चौधरी और उनके पुत्र रंजीत चौधरी धान के खेत में गाय चरा रहे थे। खेत में गाय चराने से मना करने पर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर योगेंद्र चौधरी और रंजीत चौधरी ने कुदाल और लाठी से सुरेन्द्र चौधरी के साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गए। उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मारपीट के कारणों और दोनों पक्षों के आरोपों की जांच की जा रही है।

## ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार, गुमला पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में दर्ज किया केस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : नशे के कारोबार और सेवन के खिलाफ गुमला पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में गुमला थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर जैसे पदार्थ की खरीद-बिक्री और सेवन के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान 21 वर्षीय निखिल लकड़ा पिता स्व. नीरज राजेश लकड़ा, निवासी पुग्गू चंपानगर, थाना व जिला गुमला के रूप में हुई है। इस संबंध में थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मामले को लेकर गुमला थाना कांड संख्या 318/26, दिनांक 18 अगस्त 2026 दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 21बी /22 बी /29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार निखिल लकड़ा को ब्राउन शुगर जैसा पदार्थ की खरीद-बिक्री एवं सेवन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को जेल भेजा गया।थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आरोपी तक नशीला पदार्थ कहां से पहुंचा तथा इसके पीछे किसी अन्य व्यक्ति या गिरोह की संलिप्तता है या नहीं। पुलिस इस दिशा में भी जांच कर रही है कि क्षेत्र में नशीले पदार्थ की आपूर्ति करने वाले लोग कौन हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से नशे के कारोबार में शामिल लोगों के बीच हड़कंप मचा है।

## गत वर्षों की तरह बोर्ड परीक्षा की तैयारी पुन: आरम्भ, विशेष परीक्षा, मॉक टेस्ट, रेमेडियल कक्षाओं सहित प्री बोर्ड होंगे आयोजित

# शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक कोर समिति के नवाचारी कार्य पुनः किये आरम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला**: आगामी वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2027 में जिले के विद्यार्थियों के बेहतर प्रदर्शन को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी सुश्री कविता खलखो की अध्यक्षता में डायट गुमला में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तय करते हुए परीक्षा तैयारी को मिशन मोड में संचालित करने का निर्देश दिया गया। ज्ञात हो कि इस वर्ष राज्य स्तरीय रैंकिंग में गुमला जिला मैट्रिक में प्रथम, इंटर आर्ट्स में प्रथम, विज्ञान में द्वितीय एवं वाणिज्य में तृतीय स्थान पर रहा था और अगले वर्ष भी जिले के इस श्रेष्ठ प्रदर्शन को बनाए रखने हेतु उपायुक्त गुमला के निर्देश अनुसार कार्य आरंभ किए जा रहे हैं । इस बैठक में एडीपीओ ज्योति खलखो, कार्यक्रम पदाधिकारी दिलदार सिंह, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक अमृत मेटे, डायट संकाय सदस्य सुन्दरम भारद्वाज, जिला टास्क फोर्स समिति के सदस्य डॉ. कृष्ण कुमार, प्रमोद कुजूर, जयंत पांडे, दीपक राम, सुमित कुमार नंद सहित विषयवार शैक्षणिक कोर समिति के सभी चयनित शिक्षक एवं जिले के सभी सरकारी, अल्पसंख्यक, स्थापना स्वीकृति प्राप्त एवं अन्य माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

बैठक में जिला स्तरीय शैक्षणिक कोर समिति का आवश्यकतानुसार पुनर्गठन करते हुए सभी शिक्षक सदस्यों को बोर्ड परीक्षार्थियों की तैयारी के लिए अभी से ही सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया गया। कोर टीम को कक्षा 10 एवं 12 के लिए विषयवार एवं वर्गवार नोट्स, अभ्यास सामग्री और मॉडल प्रश्नपत्र तैयार कर नियमित रूप से विद्यालयों तक उपलब्ध कराने तथा सभी विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को उसका दैनिक अभ्यास कराने को कहा गया।बोर्ड परीक्षा की तैयारी को मजबूत करने के लिए आगामी सितंबर माह में अर्धवार्षिक परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके माध्यम से विद्यार्थियों की तैयारी एवं विषयवार कमजोरियों का आकलन कर आवश्यक सुधारात्मक कक्षाएं एवं अभ्यास कराया जाएगा। विद्यालयों में जैक पैटर्न आधारित प्रश्नों के नियमित अभ्यास, प्रतिदिन गृहकार्य, प्रत्येक शनिवार छोटे-छोटे टेस्ट तथा साप्ताहिक रिवीजन की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया,डीईओ कविता खलखो ने कहा, बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम अंतिम समय की तैयारी से नहीं, बल्कि नियमित और योजनाबद्ध अभ्यास से प्राप्त होता है। प्रत्येक विद्यालय में दैनिक अभ्यास, साप्ताहिक टेस्ट और रिवीजन की व्यवस्था सुनिश्चित हो तथा कमजोर विद्यार्थियों को अतिरिक्त सहयोग मिले। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक विद्यार्थी अपनी क्षमता के अनुरूप बेहतर प्रदर्शन करे।

## एक झलक

### लोहानी ट्रेडिंग में चदरा काट कर चोरी, नकदी समेत जरूरी कागजात ले गये चोर

**गुमला** : शहर के बाजारटांड़ स्थित एमएस लोहानी ट्रेडिंग में बीती रात अज्ञात चोरों ने चदरा काटकर दुकान में प्रवेश किया और नकदी समेत कई सामान व जरूरी कागजात चोरी कर लिए। घटना की जानकारी बुधवार सुबह दुकान खोलने पर संचालक अभिषेक लोहानी को हुई। इसके बाद उन्होंने गुमला थाना में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। दुकान संचालक अभिषेक लोहानी ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उन्होंने मंगलवार शाम करीब 7:30 बजे दुकान बंद की थी। बुधवार सुबह करीब 11 बजे दुकान खोलने पहुंचे तो अंदर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। कैश काउंटर में रखे रुपये गायब थे तथा दुकान के कागजात इधर-उधर बिखरे हुए थे। जांच करने पर पता चला कि अज्ञात चोरों ने दुकान के चदरे को काटकर अंदर प्रवेश किया और चोरी की घटना को अंजाम दिया। संचालक के अनुसार चोर करीब 2,000 रुपये के चेंज पैसे, दो चांदी के सिक्के (लगभग 6,000 रुपये मूल्य), करीब 2,500 रुपये मूल्य का चार बंडल कॉपर तार, खाता-बही, स्टॉक-सेल रजिस्टर और कैश मेमो ले गए हैं। घटना के बाद दुकान संचालक ने गुमला थाना में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**शादी के बाद दहेज प्रताड़ना और दुष्कर्म का आरोप**

### महिला ने ससुराल पक्ष के छह लोगों पर लगाया गम्भीर आरोप

**गुमला** : शहर के आजाद बस्ती निवासी 24 वर्षीय महिला ने अपने पति समेत ससुराल पक्ष के छह लोगों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए महिला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला ने दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट, दुष्कर्म, अप्राकृतिक शारीरिक संबंध, लज्जा भंग करने, गहने ले लेने, गर्भपात कराने, धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।महिला के आवेदन के अनुसार उसकी शादी 25 मार्च 2026 को खड़िया पाड़ा निवासी मो. असद अंसारी से हुई थी। शादी से पहले ससुराल वालों ने पति को आर्ट्स ग्रेजुएट, एक्सिस बैंक में कार्यरत और करीब 40 हजार रुपये मासिक कमाने वाला बताया था। साथ ही फिल्म व वीडियो एडिटर के रूप में भी आय होने की जानकारी दी गई थी। आरोप है कि शादी के दौरान उसके पिता ने करीब पांच लाख रुपये नकद, लगभग 10 लाख रुपये के गहने, चारपहिया वाहन और करीब 10 लाख रुपये के घरेलू सामान दिए। शादी के बाद पति उसे कोलकाता ले गया। वहां महिला ने पति के मोबाइल में दूसरी महिला के साथ कथित आपत्तिजनक तस्वीर देखी, जिसके बाद विवाद हुआ। 10 अप्रैल को दोनों गुमला लौटे। महिला का आरोप है कि अगले दिन इस बात को लेकर सास-ससुर ने उसके साथ मारपीट की। आवेदन में महिला ने पति के बड़े भाई मो. अबुतलहा अंसारी पर कमरे में बुलाकर कथित रूप से दवा देने और बेहोशी जैसी स्थिति होने के बाद उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है।

उपायुक्त की अध्यक्षता में चार महत्वपूर्ण बैठकों का आयोजन, एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम, एकलव्य विद्यालयों के संचालन, पारम्परिक वाद्य यंत्रों की आपूर्ति एवं छात्रावास व्यवस्थाओं की हुई समीक्षा

# डीसी ने दिये प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : उपायुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में नया समाहरणालय भवन, चन्दाली, गुमला स्थित सभाकक्ष में जिला कल्याण विभाग सम्बंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों को लेकर संयुक्त समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठकों में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के क्रियान्वयन, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के संचालन, आदिवासी संस्कृति एवं कला केन्द्रों/धुमकुड़िया/मांझी हाउस में पारम्परिक वाद्य यंत्रों की आपूर्ति तथा कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों की व्यवस्था एवं सुरक्षा से संबंधित विषयों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त अनिमेष रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी राजीव नीरज, जिला कल्याण पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे। जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त मामलों की प्रगति की समीक्षा करते हुए पीड़ितों को ससमय राहत एवं विधिक सहायता उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।बैठक में जिले में नव निर्मित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के संचालन एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। विद्यालयों में पठन-पाठन सुचारू रूप से प्रारंभ करने के लिए शिक्षकों एवं अन्य कर्मियों की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। जिला कल्याण पदाधिकारी को नियमानुसार अतिथि/संविदा आधारित शिक्षकों की नियुक्ति के लिए आवश्यक प्रक्रिया एवं विज्ञापन शीघ्र प्रकाशित करने का निर्देश दिया गया,बैठक में आदिवासी संस्कृति एवं कला केन्द्रों, धुमकुड़िया भवनों, मांझी हाउस आदि में पारम्परिक वाद्य यंत्रों की आपूर्ति योजना की समीक्षा की गई। विभागीय स्वीकृत्यादेश के प्रावधानों के अनुसार समिति द्वारा प्रत्येक वाद्य यंत्र के विनिर्देशन, अधिकतम राशि तथा प्रत्येक केन्द्र/धुमकुड़िया भवन/मांझी हाउस में उपलब्ध कराए जाने वाले वाद्य यंत्रों की संख्या निर्धारित की जानी है। बैठक में कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति एवं अल्पसंख्यक छात्रावासों में छात्रावास पोषण योजना, 2024 (यथा संशोधित) के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई तथा,गठित समिति में अपर समाहर्त्ता, गुमला को अध्यक्ष, जिला कल्याण पदाधिकारी, संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, संबंधित प्रखंड कल्याण पदाधिकारी एवं संबंधित थाना प्रभारी को सदस्य बनाया गया है। वहीं परियोजना निदेशक, आईटीडीए, गुमला समिति के संरक्षक के रूप में कार्य करेंगे।उपायुक्त ने बैठक में संबंधित पदाधिकारियों को सभी कार्यों में समयबद्धता, प्रभावी समन्वय एवं योजनाओं के निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संबंधित योजनाओं एवं व्यवस्थाओं का लाभ पात्र लाभुकों एवं विद्यार्थियों तक प्रभावी रूप से पहुंचाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है ।



## राज इंटरनेशनल स्कूल, कोडरमा में 'राखी बनाओ और भेजो' प्रतियोगिता का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : राज इंटरनेशनल स्कूल, कोडरमा के विद्यार्थियों ने भारतीय डाक विभाग, हजारीबाग डिवीजन द्वारा आयोजित ह्राखी बनाओ और भेजो प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में भाई-बहन के पवित्र रिश्ते के प्रति प्रेम, भावनात्मक जुड़ाव तथा रचनात्मकता को बढ़ावा देना है।भारतीय डाक विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार, रक्षाबंधन 28 अगस्त 2026 को मनाया जाएगा। इसी अवसर पर विद्यार्थियों को अपने हाथों से सुंदर एवं आकर्षक राखी तैयार करने तथा उसके साथ अपने भाई के लिए भावनात्मक संदेश लिखने के लिए प्रेरित किया गया। तैयार राखी को निर्धारित लिफाफे में भेजने की व्यवस्था भी भारतीय डाक विभाग द्वारा की गई। राज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में अपनी कलात्मक प्रतिभा, रचनात्मक सोच और भावनाओं को राखियों के माध्यम से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न रंगों, सजावटी सामग्रियों और आकर्षक डिजाइनों का प्रयोग करते हुए सुंदर हस्तनिर्मित राखियां तैयार कीं।प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय से शीर्ष 10 प्रतिभागियों का चयन विद्यालय स्तर पर किया जाना है। चयनित प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। चयनित प्रतिभागी तान्या, नीलम मानसी, प्रगति,शैलजा, अनन्या वैष्णवी, रिद्धिमा, मयंक और परी है` इसके बाद विद्यालय स्तर से चयनित प्रविष्टियों में से श्रेष्ठ प्रविष्टियों का चयन हजारीबाग डाक मंडल स्तर पर किया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल घोष ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों में रचनात्मकता के साथ-साथ पारिवारिक एवं सामाजिक मूल्यों को मजबूत करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिवार ने भारतीय डाक विभाग की इस सुंदर पहल की सराहना की और विद्यार्थियों की सहभागिता को उनके सृजनात्मक कौशल, भाई-बहन के प्रेम तथा भावनात्मक अभिव्यक्ति का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। राज इंटरनेशनल स्कूल, कोडरमा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ कला, संस्कृति एवं सामाजिक मूल्यों से जुड़ी गतिविधियों को निरंतर प्रोत्साहित करता है।



ग्रिजली विद्यालय में गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर भारतीय संस्कृति और जीवन-मूल्यों का संदेश

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से तुलसीदास को किया नमन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में संत शिरोमणि एवं महान साहित्यकार गोस्वामी तुलसीदास की जयंती श्रद्धा, उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाई गई। विद्यालय के सभागार में वैलनेस क्लब के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को तुलसीदास के साहित्य, भारतीय संस्कृति तथा उनके द्वारा प्रतिपादित जीवन-मूल्यों से परिचित कराना था।कार्यक्रम का शुभारंभ गोस्वामी तुलसीदास के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता, प्राचार्या अंजना कुमारी, समन्वयक विजय कुमार सिंह, बी.डी. नस्कर एवं आर.डी. पांडेय के साथ वैलनेस क्लब की अध्यक्ष छात्रा श्रेया कुमारी, उपाध्यक्ष छात्रा मीनाक्षी कुमारी, सचिव छात्रा तन्वी, संयुक्त सचिव छात्र हृदय जैन एवं कोषाध्यक्ष छात्र नंदन कुमार ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। वैलनेस क्लब के अन्य विद्यार्थियों एवं कक्षा मॉनिटर्स ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।इस अवसर पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता एवं प्राचार्या अंजना कुमारी ने संयुक्त रूप से कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने अपनी रचनाओं के माध्यम से भारतीय संस्कृति, मानवीय मूल्यों एवं आदर्श जीवन की जो सीख दी, वह आज भी अत्यंत प्रासंगिक है। रामचरितमानस केवल भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र से परिचित कराने वाला ग्रंथ नहीं है, बल्कि यह सत्य, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, विनम्रता, करुणा एवं दूसरों के प्रति सम्मान जैसे जीवन-मूल्यों की भी शिक्षा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से इन आदर्शों को केवल पुस्तकों तक सीमित न रखकर अपने व्यवहार एवं दैनिक जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।



डंडई प्रखंड के निजी विद्यालयों के लिए 30 की तिथि डेडलाइन

## निर्धारित अवधि तक मान्यता नहीं लेनेवाले निजी विद्यालयों के खिलाफ शुरू होगी संवैधानिक कार्रवाई





**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**डंडई\गढवा** : प्रखंड क्षेत्र में संचालित हो रहे निजी विद्यालयों के लिए आगामी 30 अगस्त तक की तिथि डेट लाइन की तिथि है। उसके लिए अब मात्र 10 दिन का समय शेष बच गया है । उक्त तिथि के अंदर मान्यता नहीं लेने वाले निजी विद्यालयों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई शुरू हो जाएगी। क्षेत्र के तसरार,जरही,लवाही, रारो,डंडई ,जरदे और करके गांव में दर्जन भर से भी अधिक निजी विद्यालयों का इन दीनों व्यापक संचालन हो रहा है। उस बाबत प्राथमिक शिक्षा निदेशक झारखंड मनोज कुमार रंजन की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है ।जारी आदेश में उनके द्वारा कहा गया है कि निर्धारित अवधि तक विभाग के वेबसाइट पर आवेदन कर मान्यता नहीं लेने वाले निजी विद्यालयों के खिलाफ संबंधित अधिनियम तथा झारखंड निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली 2011 की धारा 12 /6 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा है कि इस धारा में आरटीई के तहत मान्यता नहीं लेने वाले निजी विद्यालयों को बंद करने की कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। साथ ही जारी आदेश में कहा गया है कि स्कूली शिक्षा एवम साक्षरता विभाग ने सभी निजी विद्यालयों को मान्यता लेने के लिए एक और अवसर प्रदान किया है।

सेक्रेड हार्ट स्कूल में हर्ष और उल्लास से मनी तुलसी जयंती

## हिन्दी साहित्य के पुरोधा थे तुलसी : प्राचार्य

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया** : सेक्रेड हार्ट स्कूल में 19 अगस्त को संत कबीर गोस्वामी तुलसीदास की जयंती हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। प्राचार्य प्रमोद शर्मा शिक्षक, कुरेश शर्मा, विक्रम दांगी, किशोर कुणाल, मनोज पांडेय और छात्रों ने तुलसी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके प्रति श्रद्धा अभिव्यक्त किया। इस दौरान छात्रा आराध्य श्री मैं जहां एक ओर तुलसी के जीवन पर प्रकाश डालकर हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत बताई वहीं दूसरी ओर अंशु कुमारी और स्वीटी कुमारी ने चौपाई और छंद सुनाकर माहौल को भक्तिमय कर दिया। प्राचार्य प्रमुख शर्मा ने कहा की तुलसी हिंदी साहित्य के पुरोधा थे। उन्होंने अपने साहित्य के माध्यम से लोक रंजन तथा लोकरक्षक का कार्य कर समाज को नई दिशा दिखाई। वहीं शिक्षक कुरेश शर्मा ने तुलसी रचित रामचरितमानस का उल्लेख करते हुए इसे संबंधों पर आधारित प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस में रिश्तो की अहमियत बताई गई है। राजा का प्रजा के साथ, पिता का पुत्र के साथ, भाई का भाई के साथ कैसा संबंध होना चाहिए, इसकी सीख हमें मिलती है। जबकि हिंदी शिक्षक विक्रम कुमार दांगी ने तुलसीदास के जीवन और साहित्य से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शों को आत्मसात करने और उनके बताए रास्ते पर चलने जरूर बताई। उन्होंने बच्चों को हिंदी विषय पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम का संचालन मनोज पाण्डेय ने किया। मौके पर सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। धन्यवाद ज्ञापन किशोर कुणाल ने किया।



## विशेष सघन वाहन जांच अभियान तेज, वाहनों की हुई जांच

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पलामू जिले में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से मंगलवार को पुलिस ने सघन वाहन जांच अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक, पलामू के निर्देश पर शाम 4 बजे से 6 बजे तक जिले के कुल 12 स्थानों पर अभियान संचालित किया गया। अभियान का उद्देश्य अवैध हथियार, मादक पदार्थ एवं अन्य अवैध सामग्रियों की तस्करी पर नियंत्रण, संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच, असामाजिक तत्वों पर प्रभावी निगरानी तथा यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखना था। जांच के दौरान बिना नंबर प्लेट, फैंसी नंबर प्लेट, ब्लैक फिल्म लगे वाहनों तथा नियमों के विपरीत किए गए अतिरिक्त मॉडिफिकेशन वाले वाहनों की जांच की गई। इनमें नेम बोर्ड, अतिरिक्त लाइट आदि लगाकर चलने वाले वाहन भी शामिल थे।



पश्चिम रेलवे
अहमदाबाद मण्डल
विभिन्न कोचेज़ के लिए AC कोच इलेक्ट्रिकल अटेंडेंट का आउटसोर्सिंग
ई-निविदा सूचना संख्या : Sr.DEE/ADI/29(26-27) दिनांक : 18.08.2026
निविदा सं. EL-ADI-G-T-20-2026-27
कार्य का नाम: अहमदाबाद मण्डल :- अहमदाबाद क्षेत्र (ICD SBI, RAJ एवं KKF) की प्राथमिक रखरखाव वाली ट्रेनों के LHB, AC, SG, AC और वंदे भारत कोचेज के एस्कॉर्टिंग, ऑपरेशन और ट्रबलशूटिंग के लिए (दो वर्ष के लिए) AC कोच इलेक्ट्रिकल अटेंडेंट का आउटसोर्सिंग करने कार्य । अनुमानित लागत: ₹ 9,91,28,109.19/- बयाना राशि: ₹ 19,82,600/- निविदा जमा करने एवं खुलने की तिथि एवं समय: दिनांक: 15/09/2026 को 15:00 बजे उसके बाद नहिं एवं दिनांक: 15/09/2026 को 15:30 बजे निविदा खोली जायेगी । कार्यालय का पता एवं वेबसाईट विवरण: वरिष्ठ मण्डल बिजली अभियंता, म.रे.प्र. कार्यालय (प.रे.), चामुंडा पुल के पास, जी.सी.एस. अस्पताल के सामने, नरोडा रोड़, अमदुपुरा, अहमदाबाद-382345 वेब साईट का पता: www.ireps.gov.in
ADI-140
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## जामडीह पहुंची स्वास्थ्य टीम, 125 ग्रामीणों की हुई मलेरिया जांच

■ शिक्षकों की समस्याओं को लेकर जेपीएसएस ने डीएसई को सौंपा ज्ञापन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार)** : दुर्गम इलाकों में रहने वाले लोगों तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अक्सी पंचायत के जामडीह गांव में शिविर लगाया। विद्यालय परिसर में आयोजित शिविर के दौरान 125 ग्रामीणों की मलेरिया जांच की गई। जांच के बाद मौसमी बीमारी से पीड़ित लोगों को जरूरत के अनुसार दवाएं दी गईं। जामडीह की भौगोलिक स्थिति के कारण यहां स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना आसान नहीं है। गांव महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से करीब 75 किलोमीटर की दूरी पर है। ग्रामीणों को स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने के लिए छत्तीसगढ़ की सीमा से होकर गुजरना पड़ता है। गांव तक सीधी और बेहतर सड़क नहीं होने से बरसात में परेशानी और बढ़ जाती है। पथरीले रास्तों के कारण मरीजों को अस्पताल ले जाना भी ग्रामीणों के लिए चुनौती बना रहता है।स्वास्थ्य शिविर लगने से ग्रामीणों को जांच और दवा के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ी। शिविर में स्वास्थ्य कर्मियों ने लोगों को बारिश के मौसम में मलेरिया, बुखार और अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव के उपाय बताए। मच्छरों से बचने, आसपास पानी जमा नहीं होने देने और बीमारी के लक्षण दिखने पर समय पर जांच कराने की सलाह दी गई।शिविर में एमटीएस अरुण भूषण गिरधा, एमपीडब्ल्यू यशवंत राम, जॉन मनीष मिंज, एएनएम दीपिका नगेसिया, चालक रामविलास नगेसिया और सहिया सुशीला नगेसिया मौजूद रहे।



## डीवीसी केटीपीएस ने किया करियावां पंचायत में सामान्य स्वास्थ्य शिविर व जागरूकता कार्यक्रम

**कोडरमा** : दामोदर घाटी निगम (डीवीसी), कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन (केटीपीएस) द्वारा डीवीसी केटीपीएस के कमांड क्षेत्र के अंतर्गत करियावां पंचायत में जल-जनित एवं वेक्टर-जनित रोगों पर सामान्य स्वास्थ्य शिविर-सह-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सीएसआर पहल के तहत किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय समुदाय के बीच निवारक स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देना तथा जल-जनित एवं वेक्टर-जनित रोगों के कारणों, रोकथाम एवं नियंत्रण के संबंध में जागरूकता उत्पन्न करना था।



## रबी-उल-अव्वल पर 26 अगस्त को निकलेगा जुलूस, तैयारियों को लेकर बैठक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार)** : रबी-उल-अव्वल शरीफ के मौके पर महुआडांड़ में इस वर्ष भी भव्य जुलूस निकाला जाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर बुधवार को जामा मस्जिद में कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सदर रेहान रजा ने की। इसमें जुलूस के मार्ग, कार्यक्रम और लोगों की भागीदारी सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि 26 अगस्त को सुबह 8:30 बजे जामा मस्जिद से जुलूस शुरू होगा। कमेटी ने इस बार पिछले वर्षों की तुलना में आयोजन को बेहतर ढंग से कराने का निर्णय लिया है। जुलूस के दौरान नातख्वानी और सलाम-दरूद शरीफ का आयोजन होगा। इसके अलावा रास्ते में अलग-अलग स्थानों पर उलेमाओं की ओर से तकरीर भी की जाएगी। कमेटी सदस्यों ने कहा कि जुलूस में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए समुदाय के लोगों से समय पर जामा मस्जिद पहुंचने की अपील की गई है।



## शिक्षकों की समस्याओं को लेकर जेपीएसएस ने डीएसई को सौंपा ज्ञापन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ (जेपीएसएस), जिला इकाई लातेहार का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को जिला शिक्षा अधीक्षक ऋषिकेश कुमार से मिला। जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव के नेतृत्व में पहुंचे शिक्षकों ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपते हुए विभागीय स्तर पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की।प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों को समय पर वेतन भुगतान नहीं होने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। इसके अलावा विद्यालयों को विद्यालय विकास मद की राशि उपलब्ध कराने, मध्याह्न भोजन योजना के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक राशि समय पर जारी करने की मांग भी रखी गई। संघ ने सहायक आचार्यों के लंबित वेतन का भुगतान कराने तथा उनके प्रमाणपत्रों के शत-प्रतिशत सत्यापन की प्रक्रिया जल्द पूरी कराने का आग्रह किया।शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि इन समस्याओं के कारण शिक्षकों के साथ-साथ विद्यालयों के नियमित कार्यों पर भी असर पड़ रहा है। इसलिए विभाग को लंबित मामलों का जल्द निपटारा करना चाहिए।जिला शिक्षा अधीक्षक ऋषिकेश कुमार ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि शिक्षकों की ओर से रखी गई समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों का जल्द समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।प्रतिनिधिमंडल में जिला सचिव प्रदीप कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष संजीव कुमार चंद्र, उपाध्यक्ष रशीद अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह, धीरज कुमार, संजय प्रसाद, सहायक आचार्य जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार यादव, रूपेश प्रसाद, विनोद कुमार यादव व अन्य लोग उपस्थित रहे ।




### जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची।
### आवश्यक सूचना

झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची जिला अन्तर्गत विज्ञापन सं0–01/2025 के तहत् ग्रामीण एवं शहरी (गैर–तकनीकि) महिला व पुरूष अभ्यर्थियों का प्रकाशित परीक्षाफल में अंकित सफल महिला व पुरूश अभ्यर्थियों का प्रखण्डवार मूल दस्तावेज सत्यापन हेतु दिनांक–24.08.2026 से 12.09.2026 तक स्थल–केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, धुर्वा, राँची निर्धारित किया जा सकता है, जो निम्नवत है :–

| क्र0 | प्रखण्ड का नाम | तिथि | स्थल |
|---|---|---|---|
| 1. | कांके एवं माण्डर | 24.08.2026 | केन्द्रीय प्रषिक्षण संस्थान, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, धुर्वा, राँची। |
| 2. | लापुंग एवं बुढ़मू | 25.08.2026 | |
| 3. | चान्हो एवं तमाड़ | 27.08.2026 | |
| 4. | रातु, बेड़ो एवं खलारी | 29.08.2026 | |
| 5. | नामकुम | 31.08.2026 | |
| 6. | अनगढ़ा | 01.09.2026 | |
| 7. | सिल्ली | 02.09.2026 | |
| 8. | नगड़ी | 03.09.2026 | |
| 9. | इटकी | 05.09.2026 | |
| 10. | राहे एवं बुण्डू | 07.09.2026 | |
| 11. | सोनाहातु | 08.09.2026 | |
| 12. | तमाड़ | 09.09.2026 | |
| 13. | ओरमांझी | 10.09.2026 | |
| 14. | शहरी (गैर–तकनीकी) पुरूष | 11.09.2026 | |
| 15. | शहरी (गैर–तकनीकी) महिला | 12.09.2026 | |

विज्ञापन सं0–01/2025 के तहत् प्रकाशित परीक्षाफल में अंकित सभी सफल महिला व पुरूश अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे उपरोक्त तालिका के अनुसार अपने–अपने प्रखण्ड के सामने अंकित निर्धारित तिथि व स्थल पर अपने सभी मूल दस्तावेज (04 फोटो सहित) के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें। यदि किसी अभ्यर्थी का सत्यापन के क्रम में दस्तावेज असत्य/जाली/फर्जी पाया जाता है तो वैसे अभ्यर्थी की उम्मीदवारी स्वतः रद्द हो जायेगी साथ ही निर्धारित तिथि को दस्तावेज सत्यापन के क्रम में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थी को बाद में कोई अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा एवं उनकी उम्मीदवारी स्वतः समाप्त समझी जायेगी। उनके आवेदन पर समिति द्वारा कोई विचार नहीं किया जायेगा।

उपरोक्त तालिका के अनुसार निर्धारित तिथि को उक्त प्रखण्ड के अंचल अधिकारी एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संबंधित प्रखण्ड के अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन हेतु उपस्थित रहेगें।

सफल अभ्यर्थियों में जिन अभ्यर्थी का दस्तावेज सत्यापन सही पाया जायेगा, उनका चरित्र सत्यापन एवं चिकित्सीय जाँच हेतु फॉर्म "अ" एवं "ग" भरवाने की प्रक्रिया की जायेगी, जिसके सत्यापनोपरांत अभ्यर्थियों के बुनियादी प्रशिक्षण हेतु झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, मुख्यालय, राँची प्रेषित की जायेगी।

जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,राँची।

PR 387931 Police(26-27)D

## कोसी-मेची परियोजना से सीमांचल में सिंचाई का होगा विस्तार

# किसानों की समृद्धि को मिलेगी नयी गति

एजेंसी

**सुपौल :** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को जिले के छातापुर प्रखंड अंतर्गत चैनपुर गांव में निर्माणाधीन कोसी-मेची अंतरराज्यीय रिवर लिंक परियोजना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परियोजना की प्रगति, निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति और कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को परियोजना का निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने चैनपुर स्थित परियोजना के कैंप कार्यालय में समीक्षा बैठक की। जल संसाधन विभाग के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने परियोजना की कार्य प्रगति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया, जबकि जिलाधिकारी सावन कुमार ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से परियोजना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोसी-मेची अंतरराज्यीय रिवर लिंक परियोजना सीमांचल और बिहार के लिए ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण परियोजना है। इसके पूरा होने से क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा, कृषि उत्पादकता बढ़ेगी और किसानों की समृद्धि को नई गति मिलेगी। परियोजना पूर्ण होने पर 2,14,813 हेक्टेयर कृषि भूमि को अतिरिक्त एवं सुनिश्चित सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। परियोजना के तहत अररिया में 69,642 हेक्टेयर, पूर्णिया में 69,970 हेक्टेयर, किशनगंज में 39,548 हेक्टेयर तथा कटिहार में 35,653 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र को अतिरिक्त सिंचाई सुविधा मिलने की उम्मीद है। इससे सीमांचल के किसानों को खेती के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। परियोजना के तहत पूर्वी कोसी मुख्य नहर की जल वहन क्षमता को 15,000 क्यूसेक से बढ़ाकर 20,000 क्यूसेक किया जाएगा। मुख्य नहर के विस्तार के साथ चार शाखा नहरों, छह वितरिकाओं तथा आवश्यक नहर प्रणालियों का निर्माण किया जाएगा। परियोजना के अंतिम छोर पर लगभग



950 क्यूसेक पानी मेची नदी में प्रवाहित किया जाएगा। इस परियोजना की अनुमानित कुल लागत 6,282.32 करोड़ रुपये है और इसे मार्च 2029 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके तहत कोसी के अधिशेष जल को लिंक नहर के माध्यम से मेची नदी तक पहुंचाया जाएगा। इससे बाढ़ के दौरान कोसी नदी के अतिरिक्त पानी के प्रबंधन में भी मदद मिलेगी और जल संसाधनों का बेहतर उपयोग संभव होगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य के दौरान किसानों को कृषि कार्य में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने परियोजना में गति, गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के साथ सभी संबंधित अधिकारियों को लगातार निगरानी करने को कहा। साथ ही कोसी और गंडक नदियों के व्यवस्थित प्रबंधन के लिए समग्र योजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने जल संसाधनों के संरक्षण और समुचित प्रबंधन के लिए दीर्घकालिक योजना तैयार करने पर भी जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोसी के अधिशेष जल का समुचित उपयोग कर सीमांचल के खेतों तक पानी पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। इससे कृषि उत्पादन और किसानों की आय में वृद्धि के साथ क्षेत्र के समग्र आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक के दौरान उपमुख्यमंत्री सह जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, विधायक नीरज कुमार बबलू, विधायक रामविलास कामत, विधायक देवांती यादव, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, जल संसाधन विभाग के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह, जिलाधिकारी सावन कुमार, पुलिस अधीक्षक शरथ आर.एस. सहित अन्य अधिकारी एवं अभियंता मौजूद रहे।

## एक झलक

### सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत

**भागलपुर :** जिले के अकबरनगर थाना क्षेत्र के पैन गांव में सड़क दुघर्टना में घायल हुए नरेश साह की मायागंज अस्पताल में बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि तेज रफ्तार मैजिक वैन की चपेट में आने से 75 वर्षीय बुजुर्ग नरेश शाह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। यह हादसा बीती 16 अगस्त की रात करीब 8 से 9 बजे के बीच उस समय हुआ, जब वे खाना खाने के बाद अपने घर के पास सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान सुल्तानगंज से भागलपुर की ओर जा रही एक अनियंत्रित मैजिक वैन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें सुल्तानगंज रेफरल अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी नाजुक हालत को देखते हुए भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन के अनुसार, डॉक्टरों ने सिर में गंभीर चोट और ब्लड क्लॉटिंग (खून का थक्का जमना) होने की बात बताई थी। अस्पताल में दो दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद आखिरकार बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक के नाती प्रशांत कुमार ने बताया कि घटना की लिखित सूचना अकबरनगर थाने में दे दी गई है। थाना अध्यक्ष ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उचित कार्रवाई और जांच का भरोसा दिया है। फिलहाल पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर दुर्घटना के कारणों का पता लगाने और फरार मैजिक वैन चालक की तलाश में जुट गई है।

### दहेज हत्याकांड का फरार आरोपित गिरफ्तार

**सारण :** भेल्दी थाना पुलिस ने अपराध नियंत्रण और फरार अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत भेल्दी थाना पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे नामजद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गुप्त सूचना के आधार पर भेल्दी थानाध्यक्ष और पुलिस टीम ने छापामारी कर भेल्दी खदुमपुर ग्राम निवासी प्रभु राय के पुत्र संजय राय को गिरफ्तार किया है। आरोपित के खिलाफ भेल्दी थाना में दहेज हत्या के तहत मामला दर्ज था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ अग्रतर कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## एसएसबी फिर बना ग्रामीणों का सहारा, विशेष एम्बुलेंस से गर्भवती महिला को अस्पताल पहुंचाया



एजेंसी

**पश्चिम चम्पारण :** दोन क्षेत्र के दुर्गम खैरानी गांव में एक गर्भवती महिला के लिए सशस्त्र सीमा बल (रइ) की 21वीं वाहिनी एक बार फिर संकट की घड़ी में सहारा बनी है। महिला को प्रसव पीड़ा होने की सूचना मिलते ही वाहिनी की ओर से विशेष एंबुलेंस तत्काल भेजी गई और महिला को सुरक्षित हरनाटांड़ अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकीय देखरेख में उनका सुरक्षित प्रसव कराया गया। जानकारी के अनुसार खैरानी गांव निवासी गर्भवती चंद्रज्योति कुमारी को प्रसव के लिए तत्काल चिकित्सा सहायता की आवश्यकता थी। सूचना मिलते ही 21वीं वाहिनी के कमांडेंट तपेश्वर संबित राउत ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुमारचिनवा स्थित ई-कंपनी में तैनात विशेष एंबुलेंस को घटनास्थल के लिए रवाना किया। एसएसबी की टीम ने दुर्गम क्षेत्र में पहुंचकर गर्भवती महिला को सुरक्षित एंबुलेंस से हरनाटांड़ अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा आवश्यक उपचार एवं जांच के बाद महिला का सुरक्षित प्रसव कराया गया। मां और नवजात शिशु दोनों स्वस्थ बताये गए हैं। समय पर एंबुलेंस की उपलब्धता और एसएसबी जवानों की त्वरित कार्रवाई से महिला को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकी।

## मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन, हथियार बनाते 01 गिरफ्तार

### छह निर्मित व अर्धनिर्मित हथियार सहित उपकरण बरामद

एजेंसी

**डेहरी आन सोन :** रोहतास जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र के डिहरा गांव में पुलिस ने छापेमारी कर बुधवार को मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। पुलिस ने मौके से हथियार बनाते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके घर से छह निर्मित व अर्धनिर्मित देसी हथियार, हथियार निर्माण में प्रयुक्त होने वाले उपकरण व अन्य सामान बरामद किए गए हैं। छापेमारी के दौरान एक अन्य व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर मौके से भाग निकला। एसपी रौशन कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि सूचना मिली कि डिहरा गांव में अवैध रूप से मिनी गन फैक्ट्री संचालित की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद प्रभारी सदर डीएसपी एक गौरव



कुमार के नेतृत्व में शिवसागर थानाध्यक्ष, जिला एसटीएफ व तकनीकी शाखा की टीम गठित कर छापेमारी की गई। पुलिस टीम के पहुंचते ही एक व्यक्ति भाग निकला, जबकि मौके पर हथियार बना रहे नागेंद्र शर्मा उर्फ नन्हक शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपित के घर की तलाशी लेने पर एक देसी राइफल का बट व बैरल, अर्धनिर्मित देसी कट्टे, लोहे के बैरल समेत कुल छह निर्मित व अर्धनिर्मित हथियार बरामद किए गए। इसके अलावा हथियार बनाने में प्रयुक्त होने वाले लोहे के विभिन्न पुर्जे, बट, पिन, ट्रिगर, पिस्टल की बॉडी तथा मशीन व अन्य उपकरण भी बरामद किए गए हैं। पूछताछ में पुलिस को आरोपित ने बताया कि वह कथित रूप से कई वर्षों से हथियार बनाने का काम कर रहा था। तैयार हथियारों को मांग के अनुसार बेचने की बात भी सामने आई है। पुलिस फरार आरोपित की पहचान और उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## बेतिया में पलटी यात्रियों से भरी बस बाल-बाल बचे करीब 40 यात्री

एजेंसी

**बेतिया :** पश्चिम चंपारण ज़िला स्थित मैनाटांड़ थाना क्षेत्र के पूर्वी पकुहवा गांव के समीप बुधवार को उस समय अफरातफरी मच गई, जब बेतिया से मैनाटांड़ आ रही यात्रियों से भरी शिवदानी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित पोखरे में पलट गई। हादसे के वक्त बस में करीब 40 यात्री सवार थे। अचानक बस के पोखरे में पलटते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। घटना की सूचना मिलते ही मैनाटांड़ पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। ग्रामीणों और पुलिस की तत्परता से बस में फंसे यात्रियों को एक-एक कर सुरक्षित बाहर निकाला गया। राहत की सबसे बड़ी बात यह रही कि फिलहाल किसी भी



यात्री के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद कुछ देर तक घटनास्थल पर अफरातफरी का माहौल रहा। स्थानीय लोगों ने बिना देर किए राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया। पुलिस के पहुंचने के बाद यात्रियों को सुरक्षित निकालने की कार्रवाई तेज की गई। मैनाटांड़ थानाध्यक्ष बबलू यादव ने बताया कि बस में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। यात्रियों की पहचान की जा रही है तथा उनके परिजनों से बातचीत की जा रही है।

## पेंशनर्स की 11 सूत्री मांगों को लेकर रांची में धरना-प्रदर्शन




फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** फोरम ऑफ सिविल पेंशनर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय आह्वान पर बुधवार को शहीद चौक, रांची में 11 सूत्री मांगों के समर्थन में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इसमें पोस्टल एवं आरएमएस पेंशनर्स के साथ-साथ बीएसएनएल और अन्य केंद्रीय पेंशनर्स ने भाग लिया। धरना के दौरान पेंशनर्स ने नई पेंशन योजना (NPS) एवं यूनिफाइड पेंशन स्कीम (UPS) को वापस लेकर पुरानी पेंशन योजना (OPS) बहाल करने सहित विभिन्न मांगों को प्रमुखता से उठाया। धरना-प्रदर्शन के बाद 11 सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रधानमंत्री, भारत सरकार, नई दिल्ली को स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा गया। धरना को एम. जेड. खान, नरेश लाल, शिव सेवक पाठक, के. डी. राय व्यथित एवं त्रिवेणी ठाकुर ने संबोधित किया। कार्यक्रम में हसीना तिग्गा, इकबाल हुसैन, ए. पी. सिंह, बी. एन. सिंह, इसाक मिंज, देव चरण साहू, त्रिलोकी नाथ साहू, एस. पी. सिन्हा, जयराम प्रसाद, बचनू साह सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित रहे। एसोसिएशन के अनुसार, बुधवार को झारखंड के विभिन्न जिलों, विशेषकर धनबाद, जमशेदपुर और पलामू में भी राष्ट्रव्यापी आह्वान पर धरना-प्रदर्शन आयोजित किए गए।

**प्रमुख मांगें**

- नयी पेंशन योजना/यूपीएस की वापसी एवं पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली।
- पेंशन अधिनियम संशोधन 2025 को वापस लेना तथा डी.एस. नकारा के फैसले के अनुरूप सभी पेंशनर्स का वेतन आयोग की अनुशंसा के अनुसार पेंशन पुनरीक्षण सुनिश्चित करना।
- टर्म्स ऑफ रेफरेंस में सुधार कर वर्तमान पेंशनर्स के पेंशन पुनरीक्षण को सुनिश्चित करना।
- 01 जनवरी 2017 से बीएसएनएल पेंशनर्स का पेंशन पुनरीक्षण करना।
- 50 प्रतिशत महंगाई भत्ते/महंगाई राहत को मूल वेतन एवं पेंशन में समायोजित करना।
- आठवें वेतन आयोग में हो रहे विलंब को देखते हुए अंतरिम राहत की मंजूरी देना।
- पेंशन कम्यूटेशन की अवधि को 15 वर्ष से घटाकर 10 वर्ष 8 महीने करना।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय में भारी गड़बड़ी, 59 में से सिर्फ 18 बच्चों ने खाया मध्याह्न भोजन, ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच की मांग की

एजेंसी

**सुपौल :** जिले के राघोपुर प्रखंड के वायसी ब्राह्मण टोला स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। बुधवार को पत्रकारों की एक टीम ने ग्रामीणों की सूचना पर विद्यालय का दौरा किया और पाया कि मध्याह्न भोजन करते हुए केवल 18 छात्र-छात्राएं मौजूद थे, जबकि उपस्थिति पंजी में 59 बच्चों की हाजिरी दर्ज थी। विद्यालय की आधारभूत सुविधाएं भी बदहाल मिलीं, जहाँ कई कक्षाओं का फर्श टूटा हुआ था और बिजली के तार बेतरतीब ढंग से लटक रहे थे, जिससे छात्रों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। विद्यालय के प्रभारी सहायक शिक्षक सचिन कुमार ने बताया कि कुल 122 छात्र-छात्राओं का नामांकन है और बुधवार को 59 छात्रों की उपस्थिति दर्ज की गई थी। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय में प्रधानाध्यापिका सहित कुल तीन शिक्षक पदस्थापित हैं,



लेकिन बुधवार को प्रधानाध्यापिका और एक अन्य शिक्षिका अवकाश पर थीं तथा सात कमरों में से केवल तीन में ही पढ़ाई हो रही थी। जब शिक्षक सचिन कुमार से 59 छात्रों की उपस्थिति दर्ज होने के बावजूद केवल 18 छात्रों के मध्याह्न भोजन करने के बारे में पूछा गया, तो वे कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए और इस संबंध में कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। इस मामले को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है और उन्होंने छात्रों की वास्तविक उपस्थिति, मध्याह्न भोजन योजना तथा शैक्षणिक व्यवस्था की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की बात कही है ताकि शिक्षा व्यवस्था में सुधार हो सके। इस पर राघोपुर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) सुनील कुमार देव ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि शिकायत की जांच कराई जाएगी और अनियमितता पाए जाने पर जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## अंतिम सोमवारी पर टांगरकेला से नरसिंह मंदिर तक जलाभिषेक यात्रा का होगा आयोजन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लापुंग :** सावन माह की अंतिम सोमवारी के अवसर पर सोमवार को लापुंग प्रखंड के टांगरकेला गांव से भव्य जलाभिषेक यात्रा निकाली जायेगी। इस दौरान सैकड़ों शिवभक्त कामडरा के नरसिंहपुर स्थित नरसिंह मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया जाएगा। जिसे लेकर बैठक का आयोजन किया गया। टांगरकेला बाजार टाड़ से आगामी सोमवार को सुबह नौ बजे मंत्रोच्चार के साथ कांवर यात्रा शुरू होगी। हाथों में भगवा झंडा और 'बोल बम' के नारों के साथ कांवर यात्रा में पुरुषों के साथ-साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होगें। कामडरा नरसिंहपुर मंदिर पहुंचकर श्रद्धालु विधि-विधान से बाबा का जलाभिषेक करेंगे। बैठक में आयोजन समिति के अध्यक्ष रमेश साहु, उपाध्यक्ष रामचंद्र, सचिव विरेन्द्र साहु, कोषाध्यक्ष बसंत साहू, रंथु महतो, लालमोहन साहु, छटकु महतो, धर्मा, विगना सुरेन्द्र, राजु, योगेश्वर, महेंद्र, अशोक, चमारा, अरविंद , कुशल, छेदु, जितेन्द्र, मुकेश, महाजर, पंकज समेत कई लोग मौजूद रहे।

### राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर में तुलसीदास की जयंती के अवसर पर सुन्दरकाण्ड गायन प्रतियोगिता आयोजित

## भटकते बच्चों के उचित मार्गदर्शन के लिए सही प्रयोग हो सकता है सुन्दरकांड : सुमन्त कुमार मिश्र

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर अशोक नगर धनसार धनबाद में 19 अगस्त ,बुधवार को तुलसी जयंती के शुभ अवसर पर अंतर विद्यालयीय सुन्दरकांड गायन प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जिसमें धनबाद जिला के 07 विद्यालयों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की शुरूआत माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुई। प्रतियोगिता की शुरूआत में विद्यालय के प्राचार्य ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मानस का सुन्दरकांड मनुष्य के सभी संकटों को दूर करनेवाला, इससे मनुष्य के हृदय में मनुष्यता एवं देवत्व का भाव जगता है। विद्यालय के अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि सुन्दरकांड का पाठ करने से मनुष्य के जीवन में कभी पराजय नहीं आती। सभी संकटों और मुसीबत से पार पाने के लिए वर्तमान युग में रामचरितमानस का यह कांड बेहतर नाव की भूमिका निभा सकता है। जिन विद्यालयों ने इस



प्रतियोगिता में भाग लिया, उनमें धनबाद पब्लिक स्कूल केजी आश्रम, धनबाद पब्लिक स्कूल हीरक ब्रांच, राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, सिंबोसिस पब्लिक स्कूल, किड्स गार्डन झरिया, एवं सरस्वती विद्या मंदिर श्यामडीह इत्यादि के नाम शामिल हैं। उक्त विद्यालयों के प्रतिभागियों ने सुन्दरकांड का सस्वर पाठ करके सभी का मन मोह लिया। कुछ घंटे तक तो राजकमल का कलावती सभागार पूर्णतया आध्यात्मिक बन गया।

- प्रथम स्थान धनबाद पब्लिक स्कूल, केजी आश्रम के प्रतिभागियों को मिला। जिसमें 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- द्वितीय स्थान राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, धनबाद को प्राप्त हुआ।
- तृतीय स्थान सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह को प्राप्त हुआ।
- प्रोत्साहन पुरस्कार धनबाद पब्लिक स्कूल हीरक ब्रांच और सिंबोसिस पब्लिक स्कूल को प्राप्त हुआ ।

इस कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में डॉ. मृत्युंजय सिंह, डॉ. ताप्ती चक्रवर्ती एवं वरिष्ठ पत्रकार संजय चौरसिया उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन के क्रम में हिन्दी विभागाध्यक्ष राकेश कुमार मिश्र ने तुलसीदास जी के जीवन पर गहरा प्रकाश डालते हुए बच्चों को आज के समय में उनकी महत्ता और दूरदर्शिता को बड़े ही अच्छे तरीके से परिभाषित किया। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक शंकर दयाल बुधिया, अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान, सचिव संजीव अग्रवाल, प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्र, उपप्राचार्य मनोज कुमार, उप प्राचार्या लीला सिंह, प्रभारी कमल नयन, पार्थ सारथी सरकार, हिन्दी विभाग की पूजा कुमारी, अर्चना कुमारी, मीना कुमारी, सीमा सिंह उपस्थित थीं। धन्यवाद ज्ञापन हिन्दी विभाग के वरिष्ठ शिक्षक कल्याण नारायण पाठक ने किया।

# हस्ताक्षरित-सीलबंद...और निर्यात शुरू, भारत के व्यापार समझौते अपने कार्य की ओर अग्रसर

गतांक से आगे

**निर्यात में मजबूत प्रदर्शन :** वित्त वर्ष 2024-25 में कुल द्विपक्षीय व्यापार 24.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। ऑस्ट्रेलिया को भारत का निर्यात वित्त वर्ष 2020-21 में 4 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 में 7.28 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया, जो 80%+ की तेजी दशार्ता है।

**पूर्ण शुल्क-मुक्त बाजार तक पहुंच : ऑस्ट्रेलिया** ने अपनी 98.3% टैरिफ लाइनों पर तत्काल शून्य-शुल्क पहुंच प्रदान की। 2026 से, सभी भारतीय निर्यात ऑस्ट्रेलियाई बाजार में शून्य-शुल्क पहुंच के लिए पात्र होंगे।

**नयी पहलों के माध्यम से सफलता : ईसीटीए एक अधिक महत्त्वाकांक्षी**

**व्यापक** आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) की नींव प्रदान करता है, जिस पर वर्तमान में चर्चा चल रही है। इसका उद्देश्य वस्तुओं, सेवाओं, गतिशीलता, डिजिटल व्यापार, मूल नियमों और सहयोग के उभरते क्षेत्रों को शामिल करना है। शुरूआती लाभ टैरिफ रियायतों के बढ़ते इस्तेमाल और निर्यात किए जाने वाले उत्पादों की व्यापक श्रेणी में भी परिलक्षित होते हैं। ये दशार्ते हैं कि व्यवसाय इन समझौतों द्वारा निर्मित अवसरों का तेजी से लाभ उठा रहे हैं।

**निर्यातकों को एफटीए लाभ तक पहुंच प्रदान करना**

**व्यापार** समझौता तरजीही बाजार पहुंच प्रदान करता है, जबकि इसका व्यावहारिक इस्तेमाल निर्यातकों की ओर से उपलब्ध लाभ का दावा करने पर निर्भर करता है। एफटीए के तहत, निर्यातकों को आमतौर पर अपने माल के मूल का प्रमाण देना होता है। इससे समझौते के तहत उपलब्ध तरजीही टैरिफ व्यवस्था के लिए उनकी पात्रता स्थापित होती है। तरजीही मूल प्रमाण पत्र (सीओ) इस बात की पुष्टि करता है कि माल निर्धारित मूल नियमों को पूरा करता है। इससे योग्य माल पर कम या शून्य सीमा शुल्क लागू होता है। विभिन्न कार्यान्वयन चरणों में समझौतों में तरजीही पहुंच का इस्तेमाल किया जा रहा है। संयुक्त अरब अमीरात के सीईपीए और ऑस्ट्रेलिया के ईसीटीए, जो 2022 से लागू हैं, ने बड़ी संख्या में मूल प्रमाणन (सीओ) जारी किए हैं, जो टैरिफ रियायतों के मजबूत इस्तेमाल को दर्शाता है। नए समझौतों के अंतर्गत भी तेज इस्तेमाल देखा गया है। ईएफटीए टीईपीए के अक्टूबर 2025 में लागू होने के बाद 7,885 सीओओ जारी किए गए। ओमान सीईपीए के जून 2026 में लागू होने के बाद 783 सीओओ जारी किए गए हैं। निर्यातकों के लिए प्रक्रियाओं को सरल बनाने वाले सरकारी तरीकों से रियायती सीओओ जारी करने में बढ़ोतरी को सहयोग मिला है।

**हालिया एफटीए के अंतर्गत निर्यातित टैरिफ लाइनों में विस्तार**

**बाजार :** संयुक्त अरब अमीरात
प्रारंभिक टैरिफ-लाइन कवरेज : 7,546 (2021-22)
नवीनतम टैरिफ-लाइन कवरेज (2025-26): 8,053
**बढ़ोतरी :** 6.7%

**बाजार :** ऑस्ट्रेलिया प्रारंभिक टैरिफ-लाइन **कवरेज :** 5,396 (2020-21)
नवीनतम टैरिफ-लाइन कवरेज (2025-26): 5,668
**बढ़ोतरी :** 5.0%

**बाजार :** मॉरीशस प्रारंभिक टैरिफ-लाइन **कवरेज :** 3,593 (2021-22)
नवीनतम टैरिफ-लाइन कवरेज (2025-26): 4,345
**बढ़ोतरी :** 20.9%

**बाजार :** ओमान प्रारंभिक टैरिफ-लाइन कवरेजः 2,879 (मई 2026)
नवीनतम टैरिफ-लाइन कवरेज (2025-26): 3,371 (जून 2026)
बढ़ोतरीः 17.08%

एफटीए भारतीय वस्तुओं और कौशल को वैश्विक बाजारों से जोड़ते हैं।

**ई-सीओओ 2.0 : यह** प्रणाली रियायती और गैर-रियायती सीओओ के आखिरी छोर तक डिजिटल जारीकरण की सुविधा प्रदान करती है, जिससे निर्यातक, जारीकर्ता एजेंसियां और वाणिज्य मंडल एक साझा मंच पर आ जाते हैं। आधार-आधारित इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर और क्यूआर-कोड सत्यापन सुरक्षित प्रमाणीकरण और त्वरित सेवा वितरण में मददगार होते हैं।

**मुक्त व्यापार समझौतों के तहत सरलीकृत नियम**

**नये** समझौतों के तहत दस्तावेजीकरण संबंधी जरूरतों को भी सरल बनाया गया है। भारत-ईएफटीए टीईपीए और भारत-यूके सीईटीए निर्यातकों को स्व-घोषणा के माध्यम से मूल स्थान स्थापित करने की अनुमति देते हैं। यूके समझौता आयातक की जानकारी को भी मान्य करता है और ख1,000 से कम के माल के लिए मूल स्थान संबंधी दस्तावेजीकरण की आवश्यकता को माफ करता है। ये प्रावधान ई-कॉमर्स शिपमेंट और छोटे व्यवसायों को सहायता प्रदान करते हैं। भारत-ऑस्ट्रेलिया ईसीटीए एक ही सीओओ में कई योग्य उत्पादों को शामिल करने की मंजूरी देता है।

**ट्रेड कनेक्ट के माध्यम से सहायता : यह** प्लेटफॉर्म निर्यातकों को एफटीए के लाभों को पहचानने और उनका इस्तेमाल करने में मदद करके उपरोक्त उपायों का पूरक है। इसका टैरिफ एक्सप्लोरर विभिन्न बाजारों में टैरिफ अनुसूचियों तक पहुंच प्रदान करता है। एमएसएमई सहित निर्यातक व्यापार संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, मार्गदर्शन ले सकते हैं और सीओओ से संबंधित चिंताओं को उठा सकते हैं, जिससे निर्यात प्रक्रियाओं को समझने में लगने वाला समय कम हो जाता है।

क्रमशः

# भारत ने श्रीलंका को 165 रनों से हराया

एजेंसी

**गाले :** भारतीय टीम ने गाले में खेले गए पहले टेस्ट मैच में श्रीलंका को 165 रनों से हराकर दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। भारत ने मेजबान टीम के सामने 372 रनों का विशाल लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में श्रीलंका की दूसरी पारी बुधवार को 206 रनों पर सिमट गई। भारतीय बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल टेस्ट की दोनों पारियों में कुल 211 रन बनाकर प्लेअर ऑफ दी मैच बने। भारतीय टीम की इस जीत में स्पिन ऑलराउंडर मानव सुथार और बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल का अहम योगदान रहा। सुथार ने जहां पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 6 विकेट हासिल करते हुए 10 श्रीलंकाई बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा, वहीं पडिक्कल ने अपने बल्ले से कमाल का प्रदर्शन करते हुए मुकाबले में कुल 211 रन बनाए। पडिक्कल ने पहली पारी में 167 रन और दूसरी पारी में 44 रनों की पारी खेली। मुकाबले में भारत ने अपनी पहली पारी में 462 रन बनाए थे। श्रीलंका की पहली पारी 284 रन पर सिमट गई थी। इससे भारतीय टीम को दूसरी पारी में 178 रन की बढ़त मिली। इसके बाद भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी में 193 रन बनाए और कुल 371 रन की बढ़त हासिल की। इस तरह श्रीलंका को 372 रनों का लक्ष्य मिला था। जवाब में मेजबान टीम 206 रन ही बना पाई। इस जीत के साथ भारत ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। सीरीज का दूसरा और आखिरी टेस्ट 23 अगस्त से कोलंबो में खेला जाएगा।




**पांचवें दिन श्रीलंका ने 122 रन पर गंवाये छह विकेट**

**मैच** के पांचवें और आखिरी दिन श्रीलंका ने अपनी दूसरी पारी 84/4 के स्कोर से आगे शुरू की। कप्तान धनंजय डी सिल्वा और सोनल दिनुषा ने संभलकर बल्लेबाजी करते हुए टीम को शुरूआती झटकों से उबारा। दोनों ने अपने-अपने अर्धशतक पूरे किए और टीम का स्कोर 140 रन के पार पहुंचाया। इस साझेदारी को रवींद्र जडेजा ने तोड़ा। उन्होंने धनंजय डी सिल्वा को मानव सुथार के हाथों कैच कराया। धनंजय ने 151 गेंदों पर सात चौकों की मदद से 59 रन बनाए। श्रीलंका का छठा विकेट 156 रन के स्कोर पर गिरा। निरोशन डिकवेला 10 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद टीम ने कुछ और रन जोड़े, लेकिन 199 के स्कोर पर एक के बाद एक तीन विकेट गंवा दिए। सोनल दिनुषा 128 गेंदों पर 84 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद प्रभात जयसूर्या और लाहिरू कुमारा खाता खोले बिना पवेलियन लौट गए। श्रीलंका का आखिरी विकेट केशरा नुवंता के रूप में गिरा, जिन्होंने 20 रन बनाए। भारत ने दूसरी पारी में बनाए 193 रनभारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी में 193 रन बनाए थे। इस पारी में भारत की ओर से ऋषभ पंत ने सर्वाधिक 66 रन बनाए। देवदत्त पडिक्कल ने 44 और केएल राहुल ने 35 रन का योगदान दिया। श्रीलंका के लिए असिथा फर्नांडो ने चार विकेट लिए, जबकि प्रभात जयसूर्या ने तीन, लाहिरू कुमारा ने दो और केशरा नुवंता ने एक विकेट हासिल किया। श्रीलंका की पहली पारी 284 रन पर सिमटीइससे पहले श्रीलंका की पहली पारी 284 रन पर सिमट गई थी। सोनल दिनुषा ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए निरोशन डिकवेला के साथ 146 रन की साझेदारी की।

## महिला हॉकी विश्व कप
## आज इंग्लैंड से भिड़ेगी भारतीय टीम

**एम्स्टेलवीन :** भारतीय महिला टीम गुरुवार को एम्स्टेलवीन में एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के पहले चरण के अपने अंतिम मैच में इंग्लैंड से भिड़ते हुए पूल डी में शीर्ष स्थान हासिल करने की कोशिश करेगी। सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ में बने रहने के लिए यह मुकाबला बेहद अहम है। भारतीय टीम फिलहाल पूल डी में दो मैचों में चार अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। उसके अंक चीन के बराबर हैं, लेकिन गोल अंतर के आधार पर भारत उससे आगे है। दोनों टीमों के बीच पहला मैच 2-2 से ड्रॉ रहा, जिसके बाद सलीमा टेटे की अगुवाई वाली भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 6-1 से करारी शिकस्त दी। इंग्लैंड की महिला टीम तीन अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है और टूर्नामेंट में अपनी दावेदारी बनाए हुए है।

## एक झलक

### रोहित के 96 रन और बस्तब के चार विकेट से गुवाहाटी रॉयल्स की 30 रन से जीत

**गुवाहाटी :** गुवाहाटी रॉयल्स ने बुधवार को एसीए स्टेडियम में खेले गए इंडियन ब्लू पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर असम प्रीमियर लीग (एपीएल) 2026 के 37वें मुकाबले में चराईदेव सनराइजर्स को 30 रन से हराकर सेमीफाइनल की अपनी उम्मीदें मजबूत कर लीं। इस हार के साथ चराईदेव सनराइजर्स टूर्नामेंट से बाहर हो गया, जबकि बराक लीजेंड्स ने भी सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। पहले बल्लेबाजी करते हुए गुवाहाटी रॉयल्स ने रोहित सेन की शानदार 96 रन की पारी की बदौलत 20 ओवर में 5 विकेट पर 182 रन बनाए। रोहित ने 57 गेंदों पर छह चौकों और आठ छक्कों की मदद से 96 रन बनाए। गुनजन ज्योति डेका ने छह गेंदों पर नाबाद 19 रन बनाकर टीम के स्कोर को 182 तक पहुंचाया। चराईदेव की ओर से रिषभ दीपक ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चराईदेव सनराइजर्स ने कप्तान सुमित घडिगांवकर और ऋषिकेश तामुली की मदद से अच्छी शुरूआत की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 53 रन जोड़े। तामुली ने 21 गेंदों पर 32 रन बनाए, जबकि सौम्य कांति पॉल ने 10 गेंदों पर 23 रन बनाए। मानस ज्योति गोगोई ने भी 21 गेंदों पर 32 रन बनाकर संघर्ष किया, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से टीम दबाव में आ गई। गुवाहाटी रॉयल्स के लिए बास्तब रॉय ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 21 रन देकर चार विकेट झटके। रूपेश छेत्री और दीपक गोहाई ने दो-दो विकेट लिए। चराईदेव की पूरी टीम 17.3 ओवर में 152 रन पर सिमट गई और 30 रन से मुकाबला हार गई।

### विद्यालय कराटे प्रतियोगिता में छात्रा वेदांशी ने गोल्ड और संध्या ने जीता कांस्य

**मुरादाबाद :** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में राजकीय इंटर कॉलेज की छात्राओं ने प्रदेश स्तरीय विद्यालय कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। जिला कराटे एसोसिएशन के सचिव शाहवेज अली ने बुधवार को बताया कि लखनऊ में 17 अगस्त से आयोजित हो रही उक्त प्रतियोगिता में बुधवार को वेदांशी शर्मा ने अंडर-14 के 42 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। वहीं संध्या ने अंडर-14 के 22 किलोग्राम भार वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। जिला कराटे एसोसिएशन के सचिव शाहवेज अली ने आगे बताया कि लखनऊ में आयोजित हो रही प्रदेश स्तरीय विद्यालय कराटे प्रतियोगिता का समापन 20 अगस्त को लखनऊ में होगा।

### जिला क्रिकेट संघ ने अंडर-14 और 19 ट्रायल का कार्यक्रम किया जारी

**रायगढ़ :** बीसीसीआई के निर्देश एवं छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की अनुमति के बाद जिला क्रिकेट संघ रायगढ़ ने नए क्रिकेट सत्र के लिए अंडर-14 और अंडर-19 वर्ग के ट्रायल का कार्यक्रम जारी कर दिया है। दोनों वर्गों के ट्रायल आईटीआई कॉलेज ग्राउंड, बोईरदादर रोड में आयोजित होंगे। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचंद्र शर्मा ने बुधवार को बताया कि ट्रायल के लिए पंकज बोहिदार, अभिषेक गुप्ता और जफर उल्लाह सिद्धीकी को चयनकर्ता नियुक्त किया गया है। चयनकर्ता खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर अंतिम टीम का चयन करेंगे। ट्रायल से पहले प्रतिदिन शाम पांच बजे से रात आठ बजे तक जिला क्रिकेट संघ कार्यालय में खिलाड़ियों का पंजीयन किया जाएगा। पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। इसके लिए रोहित नामदेव के मोबाइल नंबर 9302982991 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को पंजीयन के लिए दो नवीनतम पासपोर्ट आकार के फोटो, पिछले एक वर्ष की मूल शैक्षणिक अंकसूची, डिजिटल एवं मैनुअल जन्म प्रमाणपत्र, नवीनतम फोटोयुक्त आधार कार्ड, मूल पैन कार्ड तथा बैंक पासबुक अथवा कैंसिल चेक प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

## एक दशक का दबदबा कायम रखने उतरेगा भारत, हॉकी विश्व कप में पाकिस्तान से महामुकाबला आज

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** हॉकी विश्व कप 2026 में आज शाम भारत और पाकिस्तान की बहुप्रतीक्षित भिड़ंत होगी। नीदरलैंड्स के एम्स्टेलवीन के वागेनर हॉकी स्टेडियम में होने वाले इस हाई-वोल्टेज मुकाबले पर दुनियाभर के हॉकी प्रशंसकों की नजरें रहेंगी। पूल डी के इस अहम मुकाबले में भारतीय टीम जीत के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी, जबकि पाकिस्तान के लिए यह मुकाबला करो या मरो का होगा। दोनों टीमों के लिए यह मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण है। पूल डी से शीर्ष दो टीमें अगले दौर की दौड़ में बनी रहेंगी, जबकि तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों को वर्गीकरण मुकाबले खेलने होंगे। भारत ने टूर्नामेंट में अब तक दो मुकाबले खेले हैं। टीम ने अपने अभियान की शुरूआत वेल्स के खिलाफ 3-1 की जीत के साथ की थी, लेकिन दूसरे मैच में इंग्लैंड के हाथों 2-4 से हार का सामना करना पड़ा था। पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला भारत का ग्रुप चरण में तीसरा और आखिरी मैच है। दूसरी ओर, पाकिस्तान ने दो मुकाबलों में एक ड्रॉ और एक हार के साथ सिर्फ एक अंक हासिल किया है और वह ग्रुप डी में चौथे स्थान पर है।




**भारत को ड्रॉ भी दिला सकता है अगला दौर**

**ग्रुप** डी में इंग्लैंड अपने दोनों मुकाबले जीतकर शीर्ष दो में जगह पक्की कर चुका है। अब दूसरे स्थान के लिए भारत, पाकिस्तान और वेल्स के बीच मुकाबला है। भारत को पाकिस्तान के खिलाफ कम से कम ड्रॉ की जरूरत है, जबकि पाकिस्तान और वेल्स को अपनी उम्मीदें कायम रखने के लिए जीत दर्ज करनी होगी।

**पाकिस्तान पर भारत का दबदबा**

**बीते** कई वर्षों में पाकिस्तान के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड बेहद शानदार रहा है। 2016 के दक्षिण एशियाई खेलों के फाइनल के बाद दोनों टीमें 19 बार आमने-सामने आई हैं। इनमें भारत ने 17 मुकाबले जीते हैं, जबकि दो मैच ड्रॉ रहे। यानी पाकिस्तान पिछले एक दशक से भारत को नहीं हरा सका है। मुकाबले से पहले हॉकी इंडिया ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर भारतीय टीम के दबदबे को रेखांकित करते हुए कहा कि एक दशक से पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सीनियर पुरुष टीम का पलड़ा भारी रहा है। अब, 'दस साल का दबदबा' विश्व कप के मंच पर लौट रहा है। कप्तान हरमनप्रीत और उनकी टीम इस महामुकाबले में इस प्रतिद्वंद्विता के एक और अध्याय के लिए तैयार है।

## साउथ दिल्ली की रोमांचक जीत, नॉर्थ दिल्ली को 04 विकेट से हराया

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज ने बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) 2026 के मुकाबले में नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को रोमांचक अंदाज में चार विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ साउथ दिल्ली की टीम ने दो महत्वपूर्ण अंक हासिल किए। पहले बल्लेबाजी करते हुए नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने कप्तान सार्थक रंजन और यश डबास की शानदार पारियों की बदौलत 20 ओवर में नौ विकेट पर 207 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। सार्थक ने 23 गेंदों पर 45 रन बनाए, जबकि यश डबास ने 38 गेंदों में 78 रन की तूफानी पारी खेली। दोनों ने मिलकर नॉर्थ दिल्ली को तेज शुरूआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 107 रन की बड़ी साझेदारी की।




सार्थक के आउट होने के बाद नॉर्थ दिल्ली ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। हालांकि, अर्जुन रापड़िया ने 11 गेंदों पर तेज 27 रन बनाकर पारी को गति दी और अपनी टीम को 200 रनों के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। साउथ दिल्ली की ओर से दिवांश रावत सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने चार ओवर में 22 रन देकर तीन विकेट चटकाए। अंकित डबास और अंशुमन ने दो-दो विकेट हासिल किए। 208 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी साउथ दिल्ली की शुरूआत अच्छी नहीं रही और टीम ने 50 रन तक पहुंचते-पहुंचते तीन विकेट गंवा दिए। इसके बाद कप्तान आयुष बडोनी ने मोर्चा संभाला और तेजस्वी दहिया के साथ पारी को आगे बढ़ाया। तेजस्वी ने 19 गेंदों पर 28 रन का उपयोगी योगदान दिया। साउथ दिल्ली ने इसके बाद कुछ और विकेट गंवाए लेकिन बडोनी ने एक छोर संभाले रखा। उन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए महज 47 गेंदों पर 90 रनों की पारी खेली और अपनी टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाया।

# झारखंड

### वज्रपात से सुरक्षा के लिए भवनों पर तड़ित चालक लगाने की प्रक्रिया तेज
## 1569 में से 675 स्कूलों में काम पूरा विधानसभा में सरकार ने दी जानकारी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चतरा:** झारखंड के पहाड़ी एवं सघन वनाच्छादित चतरा जिले में हर वर्ष वज्रपात से होने वाली जन-धन की हानि और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर झारखंड विधानसभा के आगामी सत्र में विधायक कुमार उज्जवल द्वारा पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या (ग-07) के जवाब में राज्य सरकार के गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है। आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री डॉ. इरफान अंसारी द्वारा दिए गए आधिकारिक उत्तर के अनुसार, सरकार ने यह स्वीकारा है कि चतरा जिला भौगोलिक दृष्टिकोण से वज्रपात के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है और यहाँ प्रतिवर्ष आकाशीय बिजली गिरने से कई लोगों की असमय मृत्यु हो जाती है तथा अनेक लोग घायल होते हैं। सार्वजनिक स्थानों एवं शैक्षणिक संस्थानों में तड़ित चालक की अपर्याप्त व्यवस्था से जुड़े सवाल पर आंशिक सहमति व्यक्त करते हुए सरकार ने बताया कि चतरा उपायुक्त के पत्रांक-1865 (दिनांक 05.08.2026) के तहत प्राप्त अद्यतन रिपोर्ट के अनुसार, जिले में चिन्हित कुल 1569 सरकारी विद्यालयों में से 675 विद्यालयों में उच्च क्षमता वाले तड़ित चालक स्थापित करने का अधिष्ठापन कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है।

### गोसाईंडीह में सतर्कता जागरूकता बैठक आयोजित
## साइबर अपराध से बचने के दिये संकेत

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चतरा:** बैंक ऑफ इंडिया, गोसाईंडीह शाखा द्वारा ग्रामीण और स्थानीय क्षेत्र के लोगों को वित्तीय धोखाधड़ी से बचाने के लिए एक विशेष 'सतर्कता जागरूकता बैठक' का आयोजन किया गया। इस बैठक के माध्यम से बैंक ने बड़े पैमाने पर साइबर अपराध नियंत्रण को लेकर एक जागरूकता अभियान चलाया।ओटीपी और गोपनीय जानकारी साझा न करने की सलाहबैठक के दौरान बैंक के शाखा प्रबंधक श्री श्याम लाल एवं सतर्कता अधिकारी हिमांशु गर्ग ने संयुक्त रूप से उपस्थित ग्राहकों और स्थानीय लोगों को संबोधित किया। अधिकारियों ने डिजिटल बैंकिंग के दौर में बढ़ते साइबर खतरों के प्रति लोगों को आगाह किया। उन्होंने कड़े शब्दों में सलाह दी कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी), बैंक खाता विवरण, यूपीआई पिन (यूपीआई) या एटीएम कार्ड का सीवीवी (उश्र) नंबर



भूलकर भी साझा न करें। शाखा प्रबंधक श्री श्याम लाल एवं सतर्कता अधिकारी हिमांशु गर्ग ने साइबर फ्रॉड की पहचान करने के लिए कई महत्वपूर्ण संकेत और सुरक्षा सूत्र साझा किए:फर्जी कॉल और लॉटरी से सावधान: बैंक कभी भी फोन पर ग्राहकों से गोपनीय जानकारी नहीं मांगता। लॉटरी या इनाम के नाम पर आने वाले कॉल्स से पूरी तरह सतर्क रहें।असुरक्षित लिंक पर न करें क्लिकः एसएमएस या व्हाट्सएप पर मिलने वाले संदिग्ध और आकर्षक लिंक्स पर क्लिक करने से बचें, इससे बैंक खाता खाली हो सकता है।

## दि आर्ट ऑफ लिविंग का श्रावण मास महारुद्राभिषेकम पूजा 2026 सम्पन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चतरा :** दि आर्ट ऑफ लिविंग चतरा चैप्टर के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पवित्र श्रावण मास में वैदिक धर्म संस्थान, बेंगलुरु से अपने वेदाचार्यों के साथ पधारे स्वामी गुग्राज जी के परम सान्निध्य में स्थानीय गंदौरी मंदिर कैंपस, चतरा स्थित अक्षरा पैलेस में आज दिनांक 19 अगस्त 2026 दिन बुधवार प्रातः 7 बजे से बाबा भोलेनाथ जी का महारुद्राभिषेक किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व लिविंग के वैदिक धर्म संस्थान के चतरा समन्वयक व मुख्य यजमान श्री चंद्रशेखर लाल गुप्ता, प्रशिक्षक श्री विकास कुमार स्नेही व जिला विकास समिति सदस्य श्री अमित कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में 2 दर्जन से अधिक संकल्पित यजमानों सहित सौ से अधिक श्रद्धालु



भक्तजनों ने भाग लेकर रुद्राभिषेक पूजा का पुण्यलाभ किया। पूजा के उपरांत सत्संग का नेतृत्व श्री बिकास रॉय, प्रशिक्षिका श्रीमती रेणु रीना, दीपक कुमार व राजेश दुबे ने किया। उन्होंने अपने अपने सुमधुर शिव भजनों से उपस्थित भक्तजनों को भक्तिमय कर दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में लिविंग के वरीय प्रशिक्षकद्वय श्री दीपक कुमार व श्रीमती रेणु रीना सहित सर्व श्री बिपिन जायसवाल, कृष्णा कुमार पाण्डेय, नवल किशोर, मनिता कुमारी, मीना देवी, अन्नपूर्णा गुप्ता व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## झारखण्ड को लैंड ऑफ आर्चरी के रूप में भी जाना जाता है : राज्यपाल

■ एन ती पी सी नेशनल रैंकिंग आर्चरी टूर्नामेंट के उद्घाटन में शिरकत किये राज्यपाल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बोकारो :** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बोकारो के मोहन कुमार मंगलमय स्टेडियम में आयोजित सेकंड एन ती पी सी नेशनल रैंकिंग आर्चरी टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड को लैंड ऑफ आर्चरी के रूप में भी जाना जाता है। यहाँ की कई प्रतिभाओं ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर राज्य का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि उचित अवसर और मार्गदर्शन मिलने पर झारखण्ड की प्रतिभाएँ विश्व के बड़े मंचों पर अपनी पहचान बनाने की क्षमता रखती हैं। राज्यपाल ने कहा कि तीरंदाजी केवल धनुष-बाण चलाने का खेल नहीं, बल्कि एकाग्रता, धैर्य, अनुशासन, संतुलन और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता का खेल है। उन्होंने कहा कि तीरंदाजी हमें जीवन में भी यही संदेश देती है कि लक्ष्य स्पष्ट हो, मन एकाग्र हो और प्रयास निरंतर हो, तो सफलता की दिशा स्पष्ट होती जाती है।



राज्यपाल ने कहा कि भारत की परंपरा में धनुर्विद्या का गौरवशाली इतिहास रहा है। भगवान श्रीराम, अर्जुन एवं एकलव्य जैसे चरित्रों के माध्यम से धनुर्विद्या साधना, एकाग्रता, आत्मसंयम एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण का प्रतीक रही है। आधुनिक तीरंदाजी ने इस परंपरा को वैज्ञानिक प्रशिक्षण, आधुनिक तकनीक एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के साथ नई ऊँचाइयाँ प्रदान की हैं राज्यपाल ने कहा कि झारखण्ड के ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता है कि प्रतिभाओं की समय पर पहचान कर उन्हें योग्य प्रशिक्षक, आधुनिक प्रशिक्षण, आवश्यक उपकरण तथा प्रतियोगिताओं के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराए जाएं।

## बीएसएनएल के संचार प्रमुख मणि कांत धान समेत 25 अधिकारियों का प्रमोशन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो स्टील प्लांट में कई अधिकारियों का प्रमोशन किया गया है (मानव संसाधन विभाग के आ ॅ र्गनाइजेशनल डेवलपमेंट सेक्शन की ओर से जारी ऑफिस ऑर्डर में विभिन्न सेक्शन और विभागों के लिए संबंधित हेड ऑफ डिपार्टमेंट की सूची जारी की गई है। अधिकारी अपने-अपने विभाग में डीओ पी के तहत एच ओ डी की शक्तियों का प्रयोग करेंगे।जीएम ( आई ई डी ) धीरज कुमार चौधरी को इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट का एचओडी बनाया गया है। वहीं कॉन्ट्रैक्ट सेल (वर्क्स) में कमलेश



कुमार दुबे, एम आर डी में राजेश कुमार और एसीपीएस में राजीव सिंह को संबंधित विभागों का एचओडी बनाया गया है। सी ई डी की जिम्मेदारी अंजनी कुमार अविनाश, जबकि पीपीसी एंड एस सी में कमल रंजन त्रिपाठी को विभाग का मुखिया बनाया गया। सी एम ई में हिमांशु गुप्ता तथा सी एम ई कैपिटल रिपेयर में वैश्य राम नारायण को जिम्मेदारी मिली है। इसके अलावा सी एम एस ई आर एस में मनोज कुमार झा, सी एम ई - ई टी एल में प्रकाश कुमार और सी एम ई - एच एम ई में योगेश प्रसाद साहू को संबंधित विभागों की कमान सौंपी गई है।

## गुप्त दवा सप्लाई का आरोप

**चतरा :** चतरा जिले के सिमरिया शहर में एक दवा फार्मा प्रतिष्ठानों के बिना ट्रेड लाइसेंस संचालन किए जाने का आरोप सामने आया है। स्थानीय स्तर पर यह भी एक दवा फार्मा कथित तौर पर गुप्त स्थान से संचालित होकर जेनेरिक और प्रतिबंधित दवाओं की बड़े पैमाने पर चतरा और हजारीबाग जिले के कई प्रखंडों में आपूर्ति कर रहा है। आरोप है कि संबंधित प्रतिष्ठानों की नियमानुसार जांच की जाए तो ट्रेड लाइसेंस के अलावा टैक्स और जीएसटी से जुड़े मामलों में भी अनियमितता सामने आ सकती है। साथ ही, जेनेरिक व प्रतिबंधित दवाओं की कथित आपूर्ति के संबंध में भी संबंधित विभागों द्वारा दस्तावेजों और लाइसेंस की जांच किए जाने की मांग उठ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस पूरे खेल में मास्टरमाइंड संचालक पूर्व में भी जेल जा चुका है और गुप्त स्थान पर प्रतिबंधित दवा सिरप प्रशासन ने जप्त भी किया है।

## प्रतापपुर में सामाजिक अंकेक्षण की प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई, शिकायतों के लिए लोगों से अपील

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चतरा :** प्रतापपुर प्रखंड क्षेत्र में संचालित विद्यालयों से जुड़े मामलों को लेकर बुधवार, 19 अगस्त को सामाजिक अंकेक्षण की प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आम लोगों को अपनी शिकायत, आपत्ति और समस्याएं रखने का अवसर मिला। क्षेत्र के विद्यालयों में मध्याह्न भोजन (एमडीएम), स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के अध्यक्ष का चुनाव, स्कूल विकास मद की राशि के उपयोग समेत अन्य मामलों को लेकर यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति या शिकायत है, तो वह प्रखंड कार्यालय पहुंचकर अपनी शिकायत लिखित रूप में दर्ज की गई। जनसुनवाई का उद्देश्य विद्यालयों में पठन पाठन, मध्याह्न भोजन, शौचालय, भवन, चाहरदीवारी, विद्युत आदि की व्यवस्था, शिक्षकों की उपस्थिति सहित तमाम तरह की शिकायतों का समाधान करना एवं जवाबदेही तय करना है साथ हीं क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना तथा ग्रामीणों की शिकायतों का उचित संज्ञान लेना है।

## चतरा में जिला फोटोग्राफी एसोसिएशन ने मनाया विश्व फोटोग्राफी दिवस

■ मरीजों के बीच बांटे फल और वरिष्ठ फोटोग्राफर हुए सम्मानित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चतरा :** विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर चतरा जिला फोटोग्राफी एसोसिएशन की ओर से मानवीय सामाजिक पहल और सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष दिन को यादगार बनाने के लिए एसोसिएशन के सदस्यों ने सदर अस्पताल चतरा पहुंचकर मरीजों के बीच फल और बिस्कुट का वितरण किया। अस्पताल में भर्ती मरीजों ने एसोसिएशन की इस मानवीय पहल की काफी सराहना की।



इसके पश्चात एसोसिएशन से जुड़े जिले के सभी फोटोग्राफरों ने सामूहिक रूप से केक काटकर एक-दूसरे को विश्व फोटोग्राफी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर चतरा जिला फोटोग्राफी एसोसिएशन द्वारा जिले के तमाम वरिष्ठ फोटोग्राफरों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि फोटोग्राफी समाज का आईना है और वरिष्ठ साथियों का अनुभव नए फोटोग्राफरों का मार्गदर्शन करता है इनकी रही अहम भूमिका इस पूरे गरिमामयी कार्यक्रम को मुख्य रूप से सुव्यवस्थित और सफल बनाने में चतरा जिला फोटोग्राफी एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार,निलेश कुमार,सोनु कुमार, कृष्णा प्रसाद,भैरो प्रजापति व अन्य उपस्थित रहें।

## मेरिडियन किड्स फ्लोरेट में गोस्वामी तुलसीदास जयंती श्रद्धापूर्वक मनी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता


**झुमरी तिलैया :** मेरिडियन किड्स फ्लोरेट में महान संत, कवि एवं रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गईकार्यक्रम का शुभारंभ गोस्वामी तुलसीदास जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। विद्यालय के शैक्षणिक प्रभारी राजीव रॉय ने तुलसीदास जी के जीवन, व्यक्तित्व एवं साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तुलसीदास जी ने अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज को भक्ति, सत्य, मर्यादा, कर्तव्य और मानवीय मूल्यों का



संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से तुलसीदास जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की अपील की।इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों ने एक-एक कर गोस्वामी तुलसीदास जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

# लगातार सातवें दिन कमजोरी के साथ बंद हुआ निफ्टी

**नयी दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में लगातार जारी तेजी का असर भारतीय शेयर बाजार पर भी साफ-साफ नजर आया। शेयर बाजार में निफ्टी लगातार सातवें कारोबारी दिन और सेंसेक्स लगातार चौथे कारोबारी दिन कमजोरी के साथ बंद हुए। कारोबार की शुरुआत भी मामूली गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद कुछ देर तक तेजड़ियों ने लिवाली का जोर लगाया लेकिन इसके बाद बाजार पर पूरी तरह से मंदड़ियों का कब्जा हो गया। पूरे दिन दबाव में कारोबार करने के बाद सेंसेक्स ने 0.42 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। वहीं, निफ्टी 0.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई का सेंसेक्स 17.41 अंक की मामूली कमजोरी के साथ 77,218.05 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारी शुरू हो जाने के कारण पहले 5 मिनट में ही यह सूचकांक 112.35 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की मजबूती के साथ 77,347.81 अंक के स्तर तक पहुंच गया। इसके बाद बाजार में शेयरों की बिक्री शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स गिरता चला गया। लगातार हो रही बिकवाली के कारण यह सूचकांक दिन के ऊपरी स्तर से लगभग 525 अंक लुढ़क कर 412.57 अंक यानी 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76,822.89 अंक के स्तर तक पहुंच गया। इसके बाद आखिरी वक्त में हुई खरीदारी की वजह से सेंसेक्स दिन के निचले स्तर से करीब 85 अंक से अधिक की रिकवरी कर 325.78 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की



गिरावट के साथ 76,909.68 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 2.85 अंक की सांकेतिक कमजोरी के साथ 24,152.05 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद पहले 5 मिनट में ही यह सूचकांक तेजी दिखाते हुए ओपनिंग लेवल से 20 अंक से अधिक उछल कर हरे निशान में 24,172.85 अंक के स्तर तक पहुंच गया। इसके बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से निफ्टी ने दोबारा लाल निशान में गोता लगा दिया। लगातार हो रही बिकवाली के कारण यह सूचकांक दिन के ऊपरी स्तर से 145 अंक से अधिक टूट कर 129.25 अंक यानी 0.54 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,025.65 अंक के स्तर तक गिर गया। आखिरी वक्त में बाजार में हुई मामूली खरीदारी के कारण यह सूचकांक दिन के निचले स्तर से 50 अंक से अधिक सुधर कर 76.60 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,078.30 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दिनभर के कारोबार के दौरान आईटी सेक्टर के शेयरों की लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण निफ्टी का आईटी इंडेक्स 0.73 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, कैपिटल गुड्स, डिफेंस और एनर्जी सेक्टर के शेयरों की लगातार बिकवाली होती रही। इस बिकवाली के कारण बीएसई का कैपिटल गुड्स इंडेक्स 1.59 प्रतिशत लुढ़क गया। इसी तरह डिफेंस इंडेक्स 1.50 प्रतिशत और एनर्जी इंडेक्स 1.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। इनके अलावा बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, एफएमसीजी, हेल्थकेयर, मेटल, ऑयल एंड गैस तथा पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी कमजोरी के साथ लाल निशान में बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.51 प्रतिशत लुढ़क कर आज के कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन के कारोबार के बाद घट कर 488.67 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया।

## एक झलक

### हुंडई की कारें हो जायेंगी महंगी, सितम्बर से एक फीसदी तक बढ़ेंगी कीमतें

**नयी दिल्ली :** हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) अपने सभी मॉडलों और वेरिएंट्स के वाहनों की कीमतों में सितंबर से एक फीसदी तक की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। यह वृद्धि बढ़ती इनपुट लागत, महंगे कच्चे माल, परिचालन खर्चों तथा भू-राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितताओं की वजह से की जा रही है। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को रेगुलेटरी फाइलिंग में दी सूचना में बताया कि हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) लागत संबंधी दबाव कम करने के लिए सितंबर से अपने वाहनों की कीमतों में 1 फीसदी तक की बढ़ोतरी करने की योजना बना रही है। कंपनी ने कहा कि कीमतों में बढ़ोतरी की मात्रा मॉडल और संस्करण के हिसाब से अलग-अलग होगी। हुंडई ने कहा कि कंपनी लागत को सुधार करने और बढ़ी हुई लागत का असर ग्राहकों पर कम से कम रखने की लगातार कोशिश कर रही है। हालांकि, लगातार बने कीमतों पर प्रेशर के कारण सितंबर, 2026 से यह मामूली कीमत में बदलाव करना जरूरी हो गया है। कंपनी ने बताया कि वह बढ़ी हुई लागत का बोझ खुद वहन करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है, ताकि ग्राहकों पर इसका असर कम से कम हो। उल्लेखनीय है कि कंपनी की वाहन श्रृंखला में शुरूआती मॉडल ग्रैंड आई10 निओस से लेकर इलेक्ट्रिक एसयूवी आयोनिक 5 तक शामिल हैं। इनकी कीमतें करीब 5.6 लाख से 55.7 लाख रुपये के बीच हैं।

### क्रॉम्पटन ने अपनी नयी मास्टर ब्रांड आइडेंटिटी का किया अनावरण

**रांची :** भारत की अग्रणी कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल कंपनियों में शामिल क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने अपनी नयी मास्टर ब्रांड आइडेंटिटी का अनावरण किया। यह क्रॉम्पटन 2.0 के तहत कंपनी के अगले चरण की शुरुआत को दर्शाता है, जिसमें कंपनी खुद को एक इनोवेशन-लेड और कंज्यूमर-सेंट्रिक बिजनेस के रूप में आगे बढ़ा रही है। पिछले एक दशक में क्रॉम्पटन ने टेक्नोलॉजी और प्रोडक्ट इनोवेशन में लगातार निवेश करते हुए अपनी पारंपरिक प्रमुख श्रेणियों से आगे विस्तार किया है। इस अवसर पर क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, प्रोमीत घोष ने कहा कि होम सॉल्यूशंस इंडस्ट्री बदलाव के एक महत्वपूर्ण दौर से गुजर रही है, जहां सोच-समझकर किए गए इनोवेशन, सहज अनुभव और भरोसेमंद सॉल्यूशंस के जरिए रोजमर्रा की जिंदगी को आसान बनाया जा रहा है। हमारा मानना है कि भविष्य के सबसे मजबूत ब्रांड किसी एक कैटेगरी से नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं की रोजमर्रा की जिंदगी में अपनी भूमिका से पहचाने जाएंगे। क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, तन्मय प्रस्ती ने कहा कि क्रॉम्पटन पिछले कुछ वर्षों में काफी विकसित हुआ है और हमारी नई ब्रांड आइडेंटिटी इसी बदलाव को दर्शाती है। यह एक यूनिफाइड ब्रांड सिस्टम है, जिसमें हमारी विजुअल और सोनिक आइडेंटिटी शामिल है और जिसका उद्देश्य उपभोक्ताओं के लिए एक अधिक विशिष्ट ब्रांड एक्सपीरियंस तैयार करना है।

## पीडब्लूएनएसएटी 2026 : टॉप 500 जेईई/नीट छात्रों को मुफ्त पढ़ाई और हॉस्टल, 2.5 करोड़ तक कैश प्राइज जीतने का मौका

**रांची :** फिजिक्सवाला पीडब्लूएनएसएटी 2026 जेईई/नीट की तैयारी करने वाले टॉप 500 छात्रों को मुफ्त पढ़ाई और हॉस्टल, 2.5 करोड़ तक के कैश प्राइज का मौका। यह फिजिक्सवाला की हर साल होने वाली स्कॉलरशिप पहल है, जिसका मकसद जेईई और नीट की तैयारी करने वाले छात्रों को सपोर्ट करना है। रजिस्ट्रेशन बिल्कुल मुफ्त है और कक्षा श से क्क तक के छात्रों के साथ-साथ कक्षा क्क पास कर चुके छात्र भी इसमें शामिल हो सकते हैं। यह सुविधा पीसीएम और पीसीबी, दोनों स्ट्रीम के छात्रों के लिए है। इस साल के पीडब्लूएनएसएटी के जरिए योग्य छात्रों को 100% तक ट्यूशन फीस की स्कॉलरशिप मिल सकती है और



वे 2.5 करोड़ तक के कैश प्राइज जीत सकते हैं। इसके अलावा, स्कॉलरशिप प्रोग्राम के तहत टॉप 500 योग्य छात्रों को मुफ्त पढ़ाई और हॉस्टल की सुविधा भी दी जायेगी। पीडब्लूएनएसएटी 2026 ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों मोड में आयोजित किया जाएगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा छात्र इसमें हिस्सा ले सकें। ऑनलाइन परीक्षा देने वाले छात्र 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2026 के बीच परीक्षा दे सकते हैं। वहीं, ऑफलाइन परीक्षा 3, 4, 10 और 11 अक्टूबर 2026 को देशभर के पीडब्लू विद्यापीठ, पाठशाला और ट्यूशन सेंटरों में आयोजित की जाएगी। रिजल्ट की घोषणा बाद में की जायेगी। फिजिक्सवाला के शिक्षक, फाउंडर और सीईओ, अलख पांडे ने कहा, अच्छी शिक्षा पाने का मौका किसी छात्र की आर्थिक स्थिति पर निर्भर नहीं होना चाहिए। पीडब्लूएनएसएटी के जरिए हमारा मकसद छात्रों की कुछ आर्थिक परेशानियों को कम करना और उन्हें पढ़ाई से जुड़ी सही गाइडेंस देना है, ताकि वे पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी तैयारी जारी रख सकें। हमें उम्मीद है कि यह पहल देशभर के ज्यादा से ज्यादा छात्रों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करेगी और आर्थिक परेशानी उनकी राह में रुकावट नहीं बनेगी।

## एयर इंडिया के निवर्तमान सीईओ कैम्पबेल विल्सन एयर न्यूजीलैंड के निदेशक मंडल में शामिल

**नयी दिल्ली :** विमानन कंपनी एयर न्यूजीलैंड ने एयर इंडिया के निवर्तमान मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कैंपबेल विल्सन को अपने निदेशक मंडल में शामिल किया है। एयर न्यूजीलैंड ने बुधवार को शेयर बाजार को रेगुलेटरी फाइलिंग में दी जानकारी में बताया, ह्यह्यविमानन कंपनी के पूर्व कार्यकारियों कैंपबेल विल्सन और रॉबर्ट मैकडोनाल्ड को निदेशक मंडल में शामिल किया गया है। ये नियुक्ति विमानन कंपनी की वार्षिक आम बैठक में मतदान के जरिये उनके पुनर्निर्वाचन के अधीन है। कंपनी ने कहा कि एयर न्यूजीलैंड की वार्षिक आम बैठक (एएसएम) 24 सितंबर को होगी। विल्सन न्यूजीलैंड के मूल निवासी हैं। विल्सन के पास विमानन क्षेत्र में तीन दशक से अधिक का अनुभव है और उन्होंने सिंगापुर एयरलाइंस में विभिन्न वरिष्ठ कार्यकारी पदों पर काम किया है।

## ब्रिक्स युवा ऊर्जा शिखर सम्मेलन में ऊर्जा सुरक्षा, तकनीकी नवाचार पर हुई चर्चा

**नयी दिल्ली :** भारत ने अपनी ब्रिक्स अध्यक्षता के तहत आठवें ब्रिक्स युवा ऊर्जा शिखर सम्मेलन 2026 की वर्चुअल माध्यम से मेजबानी की। इस सम्मेलन में ऊर्जा सुरक्षा, स्वच्छ ऊर्जा और तकनीकी नवाचार जैसे विषयों पर चर्चा की गई। विद्युत मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में बताया कि भारत ने ब्रिक्स की अपनी अध्यक्षता में 17 अगस्त को आठवें ब्रिक्स युवा ऊर्जा शिखर सम्मेलन 2026 की वर्चुअल मेजबानी की। इस शिखर सम्मेलन में शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी संस्थानों और ब्रिक्स सदस्य देशों के ऊर्जा मंत्रालयों के युवा ऊर्जा पेशेवरों




सहित 100 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। सम्मेलन में ब्रिक्स युवा ऊर्जा एजेंसी (ब्रिक्स वाईईए) के प्रतिनिधियों के साथ-साथ सस्टेनेबल एनर्जी फॉर ऑल (एसईफॉरएएल), इंटरनेशनल सोलर अलायंस (आईएसए) और इंटरनेशनल रिन्यूएबल एनर्जी एजेंसी (आईआरईएनए) जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। मंत्रालय ने कहा कि शिखर सम्मेलन में ब्रिक्स ऊर्जा सहयोग के केंद्र में युवाओं को रखा गया और नवाचार, उद्यमिता, तकनीकी उन्नति और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के प्रेरक के रूप में उनकी भूमिका को मान्यता दी गई। सम्मेलन की चचाओं में ब्रिक्स देशों के युवा पेशेवरों, शिक्षाविदों, सरकारी संस्थानों और उद्योग जगत के बीच सहयोग को मजबूत करने के महत्व पर भी बल दिया गया। विद्युत मंत्रालय ने बताया कि आठवें ब्रिक्स युवा ऊर्जा शिखर सम्मेलन ने सभी के लिए ऊर्जाऱ की परिकल्पना के अनुरूप, ऊर्जा सहयोग को आगे बढ़ाने और एक सुरक्षित, टिकाऊ, समावेशी तथा भविष्य के लिए ऊर्जा क्षेत्र को मजबूत करने में ब्रिक्स देशों के युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका की पुष्टि की।

## स्कोडा ऑटो इंडिया ने नयी स्लाविया का किया अनावरण

**रांची/जमशेदपुर :** स्कोडा ऑटो इंडिया ने नयी स्लाविया का अनावरण किया है, जो आधुनिक तकनीक, सुरक्षा और ड्राइविंग आनंद के साथ सेडान की शाश्वत अपील की सराहना करने वाले ग्राहकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। भारत के सबसे लोकप्रिय सेडान प्लेटफॉर्म्स में से एक की सफलता पर आधारित, नई स्लाविया यूरोपीय इंजीनियरिंग प्रदान करने की ब्रांड की परंपरा को जारी रखती है, जो ड्राइव करने में आकर्षक, स्वामित्व में व्यावहारिक और भारत के चुनिंदा ग्राहकों के लिए निर्मित है। यह अनावरण स्कोडा की वैश्विक सेडान विरासत के उत्सव का भी प्रतीक था, जिसमें नई स्लाविया ने दो प्रतिष्ठित नेमप्लेट्स-ऑक्टेविया आरएस और ऑल-न्यू सुपर्ब के साथ भारत में अपनी वापसी का केंद्र स्थान लिया। क्लॉस



जेलमर, सीईओ, स्कोडा ऑटो, कहते हैं, भारत हमारे सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक विकास बाजारों में से एक बना हुआ है और यह इस बात का एक बेहतरीन उदाहरण है कि जब हम अपने ग्राहकों की बात ध्यान से सुनते हैं, तो स्कोडा ऑटो क्या हासिल कर सकता है। नई स्लाविया इसी दृष्टिकोण पर आगे बढ़ती है। यह एक ऐसे मॉडल को और मजबूत करती है, जो वास्तविक सफलता की कहानी बन गया है, जिसने ग्राहकों का विश्वास अर्जित किया है। मार्टिन जाह्न, कंपनी के सेल्स एंड मार्केटिंग, कहते हैं, स्लाविया का यह अपडेट भारत के लिए हमारी सुस्थापित और सफल सेडान की यात्रा का अगला कदम है। हम आश्वस्त हैं कि रोजमर्रा की व्यावहारिकता, अत्याधुनिक तकनीक और उत्कृष्ट आराम का संयोजन उन नए ग्राहकों को आकर्षित करेगा जो एक आधुनिक, सम्मोहक सेडान की तलाश में हैं। पीयूष अरोड़ा, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, स्कोडा ऑटो वोक्सवैगन इंडिया, ने कहा हमारा ध्यान विश्व स्तर पर मानक उत्पादों को लाने पर बना हुआ है, जो भारतीय ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए इंजीनियर और निर्मित किए गए हैं। आशीष गुप्ता, ब्रांड डायरेक्टर ने कहा, यह सेडान अनुभव को ताजा, प्रासंगिक और आकांक्षी बनाए रखने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है, साथ ही भारत में व्यापक दर्शकों के लिए यूरोपीय इंजीनियरिंग और नवाचार को और अधिक सुलभ बना रही है।

## सीएएस को बदनाम करने के किसी भी प्रयास से सख्ती से निपटा जायेगा : सेबी प्रमुख

**नयी दिल्ली/मुंबई :** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बुधवार को बाजार भागीदारों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि समापन नीलामी सत्र (सीएएस) को बदनाम करने या इसमें किसी भी प्रकार का हेरफेर (मैनिप्युलेशन) करने के प्रयास से बहुत सख्ती और तुरंत निपटा जाएगा। सेबी प्रमुख तुहिन कांत पांडेय ने यहां उद्योग संगठन फिक्की द्वारा आयोजित कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, ह्यह्यहम सीएएस में हेरफेर को अपेक्षाकृत आसानी से पकड़ सकते हैं। सीएएस पारदर्शिता के लिए है। अगर किसी को लगता है कि वे इस नई प्रणाली को बदनाम करने के लिए सीएएस में हेरफेर करेंगे, तो वे मुसीबत में पड़ेंगे। तुहिन कांत पांडेय ने आगाह किया कि समापन नीलामी सत्र (सीएएस) यानी बाजार बंद होने के बाद शेयर के अंतिम भाव तय करने की व्यवस्था को बदनाम करने के किसी भी प्रयास के खिलाफ पूंजी बाजार नियामक सख्ती से कार्रवाई करेगा।

## सब्सक्रिप्शन के लिए खुला धनवेल हाइब्रिड सीड्स का आईपीओ

**नयी दिल्ली :** एग्रीकल्चर सेक्टर के लिए उन्नत गुणवत्ता वाले बीज तैयार करने वाली कंपनी धनवेल हाइब्रिड सीड्स लिमिटेड का 26.73 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में निवेशक 21 अगस्त तक बोली लगा सकेंगे। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 24 अगस्त को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 25 अगस्त को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 26 अगस्त को बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। लॉन्चिंग के बाद पहले दिन इस आईपीओ को सिर्फ नौ प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिला था। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 95 रुपये से लेकर 99 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को दो लॉट यानी 2,400




शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 2,37,600 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 27 लाख नए शेयर जारी हो रहे हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए सिर्फ 1.07 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 46.93 प्रतिशत हिस्सा हिस्सा रिजर्व है। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए भी 46.93 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व रखा गया है। इसके अलावा मार्केट मेकर के लिए 5.07 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इस इश्यू के लिए वेल्थ माइन नेटवर्क्स लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि कैमियो कॉरपोरेट सर्विसेज लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। वहीं, ऐक्यम कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का मार्केट मेकर है।

धनवेल हाइब्रिड सीड्स लिमिटेड की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी को 1.91 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 2.16 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। वहीं पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी को 6.12 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में इसे 35.49 करोड़ रुपये का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 44.13 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी को 74.59 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस अवधि में कंपनी पर लदे कर्ज के बोझ में भी लगातार बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 के अंत में कंपनी पर 1.94 करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 5.97 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की बात करें, तो इस दौरान कंपनी पर लदे कर्ज का बोझ उछल कर 7.68 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इस अवधि में कंपनी के नेटवर्थ में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में ये 3.65 करोड़ रुपये के स्तर पर था।

## पेज एक के शेष

**सेमीकंडक्टर के लिए तैयार हो रहा इकोसिस्टम : ऐसे बनेगा भारत सेमीकंडक्टर में अग्रणी देश...**

पृष्ठभूमि में हो रहा है और साथ ही सेमीकॉन 2.0 के छह प्रमुख स्तम्भों के साथ भारत की मजबूत और लचीली सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम बनाने की प्रतिबद्धता और स्पष्ट हुई है।'

एस. कृष्णन ने बताया कि 15 जुलाई 2026 को केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 1,27,500 करोड़ रुपये के परिव्यय वाले सेमीकॉन 2.0 को मंजूरी दी। इसका लक्ष्य सेमीकंडक्टर डिजाइन एवं विनिर्माण इकोसिस्टम को अगले स्तर पर ले जाना है। इसमें भारतीय डिजाइन वाले चिप्स के विकास, फैब का विस्तार, उन्नत पैकेजिंग तथा सेमीकंडक्टर निर्माण में इस्तेमाल होने वाली सामग्री, गैसों और उपकरणों जैसे क्षेत्रों को मजबूत करने पर जोर है ।

**'सिलिकॉन से सिस्टम तक' क्यों है महत्त्वपूर्ण**

**इसी** व्यापक सोच को सेमीकॉन इंडिया 2026 का विषय, 'सिलिकॉन से सिस्टम तक : इकोसिस्टम का निर्माण' व्यक्त करता है, इसलिए इस बार सम्मेलन में विनिर्माण एवं प्रौद्योगिकी के साथ एआई और डिजिटल परिवर्तन, आपूर्ति शृंखला, रसायन एवं सामग्री, नीति, स्थिरता एवं ईएसजी, उत्पाद निर्माण एवं डिजाइन, स्टार्टअप एवं नवाचार, प्रतिभा एवं कौशल तथा भारत ब्रांड और बाजार विकास जैसे विषय केन्द्र में होंगे।

**डिजाइन में भारत की ताकत को बनाया जा रहा आधार**

**सेमीकंडक्टर** क्षेत्र में भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी प्रतिभा है। सरकार डिजाइन इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों और स्टार्टअप्स को अत्याधुनिक डिजाइन उपकरण उपलब्ध करा रही है। मूल कार्यक्रम के अनुसार 332 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों और 105 स्टार्टअप्स को ऐसे उपकरणों तक पहुंच दी जा रही है, जबकि डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव के तहत 24 स्टार्टअप्स को मंजूरी दी गयी है।

सरकारी कार्यक्रमों के तहत डिजाइन प्रतिभा के विकास पर भी बड़ा जोर है। हालिया सरकारी जानकारी के अनुसार 320 शैक्षणिक संस्थानों में ईडीए टूल्स की तैनाती और 68,000 से अधिक विद्यार्थियों के प्रशिक्षण जैसी पहलें इस क्षमता को भविष्य की जरूरतों से जोड़ रही हैं। यही वह क्षेत्र है जहां भारत विनिर्माण स्थल से चिप डिजाइन और बौद्धिक सम्पदा का केन्द्र बन सकता है।

**भारत के सामने 200 अरब डॉलर का अवसर**

**सेमीकंडक्टर** की वैश्विक मांग भारत के लिए सबसे बड़ा अवसर पैदा कर रही है। आईएसएम के सीईओ एवं इलेक्ट्रॉनिकी एवं आईटी मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव अमितेश कुमार सिन्हा का कहना है, 'वैश्विक सेमीकंडक्टर आवश्यकता लगभग 1 ट्रिलियन डॉलर से बढ़ कर 2 ट्रिलियन डॉलर होने की उम्मीद है। इसी अवधि में भारत की सेमीकंडक्टर आवश्यकता भी लगभग 100 अरब डॉलर से बढ़ कर 200 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है।'

सिन्हा के मुताबिक, 'सेमीकॉन इंडिया 2026 उन देशों और कम्पनियों को एक मंच पर लाने का अवसर है, जो भारत में निर्माण करना चाहते हैं, भारतीय कम्पनियां, जो पहले ही विनिर्माण के लिए स्वीकृत हो चुकी हैं, केन्द्र और राज्य सरकारों के नीति निमार्ता तथा आपूर्ति शृंखला के भागीदार सभी इस इकोसिस्टम का हिस्सा बनेंगे।

**500 से अधिक प्रदर्शक, 40 से ज्यादा देशों की भागीदारी**

**सेमीकॉन** इंडिया 2026 का पैमाना भी भारत की बढ़ती महत्त्वाकांक्षा को दर्शाता है। आयोजन में 500 से अधिक प्रदर्शक, 240 से अधिक अंतरराष्ट्रीय कम्पनियां, 150 से अधिक अंतरराष्ट्रीय वक्ता और 40 से अधिक देशों के प्रतिनिधिमंडल भाग लेंगे। 15,000 वर्गमीटर से अधिक प्रदर्शनी क्षेत्र में छह देशों के पवेलियन, 10 राज्य सरकारों के पवेलियन, स्टार्टअप पवेलियन और इनोवेशन शोकेस भी होंगे। वहीं, स्टार्टअप पिच प्रतियोगिता, छात्र हैकाथॉन और कार्यबल विकास पवेलियन यह दिखायेंगे कि भारत इस उद्योग को केवल बड़ी कंपनियों के भरोसे नहीं छोड़ रहा, बल्कि अगली पीढ़ी के नवाचार और प्रतिभा को भी साथ जोड़ रहा है।

**वैश्विक दिग्गजों की मौजूदगी बढ़ा रही भरोसा**

**एएसएमएल**, एप्लाइड मैटेरियल्स, टेराडाइन, इनफिनॉन, एबारा, जाबिल, आईबीएम रिसर्च, एनएक्सपी, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, माइक्रोन, मर्क केजीएए, रैपिडस, लैम रिसर्च, सीजी पावर, एडवांटेस्ट, एसईएमआई, होरिबा एसईसी, स्क्रीन, टोक्यो इलेक्ट्रॉन और अन्य प्रमुख कम्पनियों के उद्योग नेता आयोजन में हिस्सा लेंगे।

**भारत को वैश्विक सप्लाई चेन का 'अभिन्न हिस्सा' बनना है**

**एसईएमआई** के अध्यक्ष एवं सीईओ अजीत मनोचा ने भारत के अवसर को बेहद स्पष्ट शब्दों में रेखांकित किया है। उनके अनुसार, 'भारत अपनी गति, महत्वाकांक्षा, प्रतिभा और दीर्घकालीन दृष्टिकोण के कारण इस क्षेत्र में आगे बढ़ने की मजबूत स्थिति में है, ऐसे में भारत की मंशा यही है कि वह अवसर का लाभ उठाते हुए वैश्विक आपूर्ति शृंखला में सिर्फ शामिल ही नहीं रहे, वह उसका अभिन्न हिस्सा बनकर विश्व के सामने आये । दरअसल, यही बदलाव भारत की सेमीकंडक्टर रणनीति का सबसे बड़ा लक्ष्य है।'

**'रेत से सिलिकॉन से सिस्टम' दिखायेगा पूरी यात्रा**

**सेमीकॉन** इंडिया 2026 में पहली बार ह्यरेत से सिलिकॉन से सिस्टम तकह्न मूल्य शृंखला अनुभव भी विशेष आकर्षण होगा। सेमीकॉन इंडिया और आईईएसए के अध्यक्ष अशोक चंदक का कहना है कि अनुभव दिखायेगा कि भारत किस तरह विश्वसनीयता बनाने से आगे बढ़ कर क्षमता प्रदर्शन की ओर जा रहा है और पूरे सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम में उसकी ताकत बढ़ रही है।

उन्होंने कहा, भारत की रणनीति वैश्विक कंपनियों और तकनीकी साझेदारों के साथ मिल कर अपनी महत्त्वपूर्ण क्षमताओं को मजबूत करने की है। सेमीकॉन इंडिया 2026 में छह अंतरराष्ट्रीय देशों की गोलमेज बैठकें इसी दृष्टिकोण को आगे बढ़ायेंगी। सम्मेलन सहयोग, निवेश और तकनीकी साझेदारी के लिए एक ऐसा मंच तैयार करेगा, जहां भारत अपने बाजार के साथ-साथ अपनी निर्माण और डिजाइन क्षमता भी प्रदर्शित करेगा।

**नीट पेपर लीक पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, बोला...**

कि संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा व्यवस्था को देखा जाना चाहिए। अदालत के मुताबिक यूपीएससी की परीक्षाएं अपेक्षाकृत व्यवस्थित तरीके से आयोजित हो रही हैं और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को भी उसी तरह की विश्वसनीय व्यवस्था विकसित करनी होगी। कोर्ट ने बदलती तकनीक को समझने वाले विशेषज्ञ अधिकारियों की नियुक्ति की जरूरत पर भी जोर दिया।

**अनशनकारी छात्रों ने सरकार को दो माह में बेहतर तरीके से जांच करने की शर्त पर तोड़ा अनशन...**

प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की बेहतर जांच का आश्वासन दिया है। सरकार के इस आश्वासन और आगे की कार्रवाई को दो माह तक देखा जायेगा।

छात्रों ने कहा कि इस अवधि में सरकार की ओर से उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होने पर वे दोबारा आन्दोलन शुरू करने के लिए बाध्य होंगे। इसके लिए सरकार को 60 दिनों का समय दिया गया है।

इस अवसर पर पीयूष सिंह ने आन्दोलन में शामिल होनेवाले मीडिया, सामाजिक संगठन सहित अन्य लोगो के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि मांगों छात्रों की हर समस्या पर रिफॉर्म मंच आगे भी बढ़-चढ़ कर कार्य करता रहेगा।

मौके पर कुणाल प्रताप सिंह ने कहा कि आन्दोलनकारियों की प्रमुख मांग कथित परीक्षा धांधली की सीबीआई जांच है। लेकिन, सरकार जो कर रही है। उसे दो माह देखना होगा। सबकुछ छात्रहित और भ्रष्टाचार के खिलाफ होना चाहिए नहीं, तो छात्रों को एकजुटता दिखाने में देर नहीं लगेगी।

छात्रों का कहना है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए पूरे मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच जरूरी है। उनका कहना है कि सिर्फ विभागीय या सीमित जांच से अभ्यर्थियों के मन में उठ रहे सवालों का समाधान नहीं होगा।

छात्र प्रतिनिधियों ने कहा कि दो माह की मोहलत संघर्ष से पीछे हटना नहीं, बल्कि सरकार को अपनी मांगों पर कार्रवाई का अवसर देना है। निर्धारित अवधि में अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई, तो आन्दोलन फिर शुरू किया जायेगा।

मौके पर पीयूष कुमार, कुणाल प्रताप सिंह, उमेश प्रसाद, देवाशीष सहित बड़ी संख्या में छात्र और अभ्यर्थी सहित मौजूद थे।

**जेपीएससी परीक्षा रद्द होने के बाद नियुक्त कर्मियों को हटाने के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती...**

वर्तमान में नौकरी कर रहे थे।

उल्लेखनीय है कि सीआईडी जांच में सामने आये तथ्यों के आधार पर राज्य सरकार ने टीडीपीएल से जुड़ी सभी परीक्षाओं को रद्द करने की घोषणा की थी। इसके अलावा वर्ष 2014 से आयोजित सभी नियुक्ति परीक्षाओं में सम्भावित अनियमितताओं को देखते हुए जांच कराने का भी निर्णय लिया गया है।

इसी के मद्देनजर कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग ने परीक्षाएं रद्द करने, परीक्षा प्रक्रिया स्थगित करने और जांच कराने से सम्बन्धित अधिसूचना जारी की है।

अधिसूचना में 22 परीक्षाओं को रद्द करने, छह परीक्षाओं की प्रक्रिया स्थगित करने और 17 परीक्षाओं को जांच के दायरे में शामिल करने का उल्लेख किया गया है।

**धनबाद-कोयम्बतूर के बीच 22 अगस्त से चलेगी अमृत भारत एक्सप्रेस...**

वापसी में ट्रेन मंगलवार सुबह 7.50 बजे कोयम्बतूर से रवाना होगी। इसके बाद गुरुवार को दीनदयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गयाजी, कोडरमा, हजारीबाग रोड, पारसनाथ और गोमो में ठहराव करते हुए दोपहर एक बजे धनबाद पहुंचेगी।

नयी अमृत भारत एक्सप्रेस में कुल 22 कोच होंगे। इनमें 11 अनारक्षित श्रेणी, आठ शयनयान श्रेणी, एक पैंट्री कार और दो एलएसएलआरडी कोच शामिल हैं।

ट्रेन के परिचालन से धनबाद और दक्षिण भारत के बीच सीधी रेल कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी। इससे यात्रियों के आवागमन के साथ क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

## एक झलक

### चुनाव में धांधली रोकने के लिए लायेंगे कानून : ट्रम्प

**वॉशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव को लेकर एक बार फिर धांधली का दावा किया है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मतदाता और नागरिकता रिकॉर्ड की जांच के दौरान 24 हजार से अधिक गैर-अमेरिकी नागरिकों के वोट डालने का पता चला है। उन्होंने दावा किया कि जैसे-जैसे रिकॉर्ड की जांच आगे बढ़ेगी, कथित अवैध मतदान के मामलों की संख्या और बढ़ सकती है। ट्रम्प के मुताबिक अमेरिकी जनगणना ब्यूरो मतदाता रिकॉर्ड और नागरिकता संबंधी रिकॉर्ड का मिलान कर रहा है। अब तक करीब 12.8 करोड़ मतदाताओं के रिकॉर्ड की जांच की जा चुकी है, जबकि लगभग 3.2 करोड़ रिकॉर्ड की जांच अभी बाकी है। ट्रम्प ने एक बार फिर कहा कि 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में उनकी जीत हुई थी। हालांकि आधिकारिक चुनाव परिणामों के मुताबिक डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जो बाइडेन ने उस चुनाव में ट्रम्प को हराया था। बाइडेन को करीब 8.1 करोड़ लोकप्रिय वोट मिले थे, जबकि ट्रम्प को करीब 7.4 करोड़ वोट मिले।

### यूरिनरी ब्लैडर से निकली 03 किलो की पथरी

**अभी तक के इतिहास में सबसे बड़ी पथरी**

**कोलंबो :** श्रीलंका के त्रिंकोमाली अस्पताल में डॉक्टरों ने 55 वर्षीय मरीज के यूरिनरी ब्लैडर से 3.1 किलोग्राम वजन और 17 सेंटीमीटर लंबी पथरी निकाली है। स्ट्रोक के बाद भर्ती मरीज को पेशाब करने में दिक्कत होने पर जांच की गई थी। जांच में ब्लैडर में बड़े आकार की पथरी का पता चला। डॉक्टरों ने सर्जरी कर इसे सफलतापूर्वक बाहर निकाला। डॉक्टरों का दावा है कि यह अब तक सर्जरी से निकाला गया सबसे बड़ा ब्लैडर स्टोन हो सकता है। फिलहाल मरीज की हालत स्थिर है और उसका इलाज जारी है।

### होर्मुज पर तनाव बढ़ा, अमेरिकी सहयोगियों से ईरान खफा

**अबूधाबी/वाशिंगटन/तेहरान :** लगभग सात माह से सैन्य टकराव और तनाव के बादलों से घिरे होर्मुज जलडमरूमध्य में स्थिति और गंभीर हो गई है। अमेरिका और ईरान के बीच सुलह के कभी बनते और बिगड़ते प्रयासों के बीच संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर हुए हमले के बाद होर्मुज की सुरक्षा को लेकर मध्य क्षेत्र में खलबली मच गई है। ईरान इस समय अमेरिका के सहयोगी देशों के रवैये से खफा है। उसने यूएई के समुद्री नौवहन को बैलिस्टिक मिसाइलों से निशाना बनाकर अपना रुख साफ कर दिया है। इसके बाद अमेरिका के विदेश सचिव मार्को रुबियो ने यूएई के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) शेख तहनून बिन जायद अल नाहयान से क्षेत्र की अहम सुरक्षा चिंताओं पर चर्चा की है। अल जजीरा, गल्फ न्यूज और सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त अरब अमीरात ने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमले के बाद बड़ा कदम उठाया है। यूएई ने आज तत्काल प्रभाव से ईरान के साथ सभी तरह के व्यापार, वाणिज्यिक आदान-प्रदान और वित्तीय लेनदेन पर रोक लगा दी। यूएई ने यह कदम क्षेत्र में बढ़ती अस्थिरता, क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए बढ़ते खतरों को देखते हुए उठाया है।

### सऊदी अरब की जिजान रिफाइनरी को बनाया निशाना

**सना/रियाद :** यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब के दक्षिणी लाल सागर तट पर स्थित जिजान में सऊदी अरामको की तेल रिफाइनरी को ड्रोन से निशाना बनाने का दावा किया है। हूती मीडिया के अनुसार, यह हमला यमन के सादा और हज्जाह प्रांतों में कथित हवाई क्षेत्र उल्लंघन के जवाब में किया गया। हूती समाचार एजेंसी सबा ने एक सैन्य सूत्र के हवाले से बताया कि समूह ने इफ्राई ड्रोनड्रोन के जरिए जिजान स्थित अरामको रिफाइनरी को निशाना बनाया। हालांकि, हमले से हुए नुकसान या किसी के हताहत होने की सूचना फिलहाल नहीं है।

# वन, वन्यजीव और समुदायों की रक्षा को सफलता का पैमाना बनायें : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**देहरादून :** उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने बुधवार को कहा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं, बल्कि दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने वन, वन्यजीव और स्थानीय समुदायों की रक्षा को सफलता का पैमाना बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक वैज्ञानिक वानिकी और भारत के सभ्यतागत ज्ञान का समन्वय सतत भविष्य के निर्माण की कुंजी है। उपराष्ट्रपति देहरादून स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी (आईजीएनएफए) में भारतीय वन सेवा के 2025-27 बैच के परिवीक्षार्थियों और प्रशिक्षण ले रहे रॉयल भूटान वन सेवा के अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आने वाले दशकों में इन अधिकारियों पर देश के वन, वन्यजीव, जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबंधन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत@2047 की दिशा में आगे बढ़ते हुए भारतीय वन सेवा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। देश की पारिस्थितिक सुरक्षा मजबूत करने और वर्ष 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करने में वन सेवाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। राधाकृष्णन ने अधिकारियों से संरक्षण और विकास, पारिस्थितिक सुरक्षा और आजीविका और वर्तमान आवश्यकताओं



और भावी पीढ़ियों के हितों के बीच संतुलन स्थापित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत उत्कृष्टता से अधिक महत्वपूर्ण टीम की उत्कृष्टता है और निरंतर सामूहिक प्रयासों से ही मजबूत संस्थानों और राष्ट्र का निर्माण होता है। उन्होंने वनों और प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्रों के साथ पीढ़ियों से सामंजस्य बनाकर रहने वाले समुदायों के पारंपरिक ज्ञान का सम्मान करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को अपनाना आवश्यक है। उपराष्ट्रपति ने लोक सेवा में सत्यनिष्ठा को सर्वोच्च महत्व देते हुए कहा कि सत्यनिष्ठा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। कठिन निर्णय लेते समय संविधान, कानून, विज्ञान और व्यापक जनहित को मार्गदर्शक बनाया जाना चाहिए। वानिकी क्षेत्र में तकनीक की बढ़ती भूमिका का उल्लेख करते हुए उन्होंने नई पीढ़ी के वन अधिकारियों से रिमोट सेंसिंग, जीआईएस, ड्रोन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा आधारित प्रणालियों का उपयोग क्षेत्रीय अनुभव, विवेकपूर्ण निर्णय क्षमता और जनसंवेदनशीलता के साथ करने का आह्वान किया। उन्होंने वन सेवाओं में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को उत्साहजनक बदलाव बताते हुए कहा कि वर्तमान बैच में लगभग 17 प्रतिशत महिलाएं हैं। इसे उन्होंने नारी शक्ति की बढ़ती भागीदारी का प्रमाण बताया। उपराष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा कि वे अपने करियर की सफलता का आकलन केवल पदों के आधार पर न करें। उनके कार्य का वास्तविक मूल्यांकन पुनर्स्थापित किए गए वनों, संरक्षित वन्यजीवों, अर्जित जनविश्वास और भावी पीढ़ियों के लिए छोड़ी गई विरासत से होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का आह्वान करते हुए कहा, 'राष्ट्र प्रथम।'

### केन-बेतवा प्रोजेक्ट के प्रभावितों से मुलाकात का वीडियो जारी कर बोले राहुल गांधी

# आदिवासी भाई-बहनों की लड़ाई में साथ हूं मैं

एजेंसी

**छतरपुर :** केन-बेतवा लिंक परियोजना को लेकर बुंदेलखंड में चल रहे विरोध के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आंदोलनकारियों के समर्थन का ऐलान किया है। परियोजना से प्रभावित आदिवासी परिवारों की समस्याओं और विस्थापन से जुड़े मुद्दों को लेकर आंदोलन के प्रमुख कार्यकर्ता अमित भटनागर ने राहुल गांधी से मुलाकात की। इस दौरान प्रभावित परिवारों के पुनर्वास, भूमि अधिकार, आजीविका और वन अधिकारों से जुड़े मुद्दे राहुल गांधी के सामने रखे गए। राहुल गांधी ने बुधवार को इस मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। उन्होंने कहा कि अपने जायज हक की लड़ाई लड़ रहे बुंदेलखंड के लोगों को सम्मान और समर्थन मिलना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आदिवासी परिवारों की इस लड़ाई में वे और कांग्रेस पार्टी उनके साथ खड़े हैं। आंदोलनकारियों ने राहुल गांधी को बताया कि केन-बेतवा परियोजना से पन्ना और छतरपुर जिले के कई परिवार प्रभावित हो रहे हैं। उनका कहना है कि परियोजना के कारण आदिवासी समुदाय के सामने विस्थापन के साथ-साथ आजीविका का संकट भी खड़ा हो रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने भूमि अधिग्रहण, मुआवजा और पुनर्वास से जुड़े मुद्दे भी उठाए। आंदोलनकारियों का दावा है कि कई प्रभावित परिवारों को भूमि के बदले भूमि और कानून के तहत मिलने वाले पुनर्वास अधिकार पर्याप्त रूप से नहीं मिल पाए हैं। मुलाकात के दौरान परियोजना के पर्यावरणीय प्रभाव का मुद्दा भी उठाया गया। आंदोलनकारियों ने पन्ना टाइगर रिजर्व और आसपास के वन क्षेत्रों पर परियोजना के संभावित प्रभाव को लेकर चिंता जताई। उनका आरोप है कि परियोजना के लिए बड़े पैमाने पर वन क्षेत्र प्रभावित हो सकता है और पेड़ों की कटाई से पर्यावरण को नुकसान पहुंचने की आशंका है। आंदोलनकारियों ने ग्राम सभा की सहमति और परियोजना से जुड़ी प्रशासनिक प्रक्रियाओं को लेकर भी सवाल उठाए।



#### संसद से सड़क तक आवाज उठाने का भरोसा

**राहुल** गांधी ने आंदोलनकारियों को भरोसा दिलाया कि उनके पुनर्वास, भूमि अधिकार और विस्थापन से जुड़े मुद्दों को संसद में उठाया जाएगा। उन्होंने जरूरत पड़ने पर खुद प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर आंदोलनकारियों के साथ खड़े होने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि किसी भी परिवार को गरिमापूर्ण पुनर्वास, वैकल्पिक आजीविका और कानूनी अधिकार सुनिश्चित किए बिना बेघर नहीं किया जाना चाहिए।

#### आन्दोलन को मिला राजनीतिक समर्थन

**राहुल** गांधी के समर्थन के बाद केन-बेतवा परियोजना के विरोध में चल रहे आंदोलन को राजनीतिक स्तर पर भी मजबूती मिलने की उम्मीद है। आंदोलनकारियों का कहना है कि अब उनके मुद्दे संसद और राष्ट्रीय स्तर पर उठाए जा सकते हैं। हालांकि, केन-बेतवा लिंक परियोजना को केंद्र सरकार बुंदेलखंड क्षेत्र में जल संकट दूर करने और सिंचाई एवं पेयजल की उपलब्धता बढ़ाने वाली महत्वपूर्ण परियोजना के रूप में देखती है।

**वन अधिकार कानून के पालन की मांग**

राहुल गांधी ने वन अधिकार अधिनियम, 2006 यानी एफआरए के प्रावधानों के पारदर्शी पालन की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रभावित आदिवासी परिवारों के अधिकारों और पुनर्वास से जुड़े मामलों में कानून का पूरी तरह पालन होना चाहिए। उन्होंने शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे आदिवासियों के खिलाफ कथित बल प्रयोग और दमनात्मक कार्रवाई की भी आलोचना की। राहुल ने केंद्र सरकार और मध्यप्रदेश प्रशासन से प्रभावित परिवारों की मांगों पर तत्काल संज्ञान लेने की अपील की।

# भाजपा में युवाओं का भविष्य उज्ज्वल : अक्षित दहिया

श्रीओम शर्मा

**बहादुरगढ़ :** भाजपा युवा मोर्चा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अक्षित दहिया बुधवार को झज्जर कमलम पहुंचे। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य धनखड़ की अगुवाई में मोर्चा के सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ अपने अध्यक्ष का जोरदार अभिनंदन किया। कार्यालय में पहुंचने पर युवा नेताओं ने जिला भाजपा प्रभारी हरविंदर कोहली और जिला अध्यक्ष विकास वाल्मीकि से मार्गदर्शन प्राप्त किया और युवा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य धनखड़ ने जिला भर से पहुंचे युवा कार्यकर्ताओं का प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष अक्षित दहिया से परिचय कराया। अक्षित दहिया ने पार्टी कार्यालय सभागार में आयोजित स्वागत एवं संगठनात्मक परिचय बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सशक्त नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। मोदी जी का संकल्प हर भारतीय का सपना है खासकर युवाओं का। कुछ विपक्षी दल युवाओं को भ्रमित करने के लिए झूठे नैरेटिव सेट कर रहे हैं। ऐसे राजनीतिक दलों की मंशा केवल कुछ खास परिवारों को आगे बढ़ाने तक सीमित है। जबकि भाजपा की नीति और नीयत हर देशवासी और हर परिवार की चिंता है। अक्षित ने कहा कि आज देश भर में युवा भाजपा से जुड़ रहे हैं। भाजपा में हर युवा को अपनी मेहनत के दम पर आगे बढ़ने का बराबर अवसर मिलता है। इसलिए युवाओं का भाजपा में भविष्य उज्ज्वल है। प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य धनखड़ ने कहा कि झज्जर में भाजपा युवा मोर्चा कड़ी मजबूत हुआ है। दिन प्रतिदिन युवाओं की संख्या बढ़ रही है। युवा मोर्चा को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से पूरा मार्ग दर्शन और भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। युवाओं को पूरा मान सम्मान दिया जा रहा है। उन्होंने युवा मोर्चा द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी। अक्षित ने कहा कि झज्जर में युवा मोर्चा द्वारा आयोजित युवा संसद कार्यक्रम काफी सराहनीय रहा था। बैठक में सभी युवाओं से परिचय लिया गया और पार्टी के लिए मजबूती से कार्य करने का संकल्प लिया गया। संगठनात्मक बैठक में आगामी कार्यक्रमों के बारे में भी चर्चा की गई।



### मायावती ने सतीश मिश्र को दी बड़ी जिम्मेदारी

**लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी नेता सतीश चंद्र मिश्र को बड़ी जिम्मेदारी दी है। सतीश चंद्र मिश्र को उत्तर प्रदेश में ब्राह्मण समुदाय का बड़ा चेहरा माना जाता है। मायावती ने बुधवार को अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर बताया कि पार्टी के लिए लंबे समय से काम करते आ रहे सीनियर एडवोकेट सतीश चंद्र मिश्र को पार्टी के द्वारा लीगल और मीडिया के काम के साथ-साथ चुनाव आयोग संबंधी मामलों की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। मायावती ने कहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान सतीश मिश्रा की भूमिका काफी अहम रहेगी।

### न्यू मार्केट होटल अग्निकांड पूर्ववर्ती सरकार की लापरवाही का नतीजा : शुभेंदु



एजेंसी

**कोलकाता :** कोलकाता के न्यू मार्केट स्थित मिर्जा गालिब स्ट्रीट के होटल में मंगलवार रात हुए भीषण अग्निकांड को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार पर अग्नि सुरक्षा नियमों की अनदेखी और अव्यवस्थित निर्माण को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। वहीं, पूर्व नगर विकास मंत्री और कोलकाता के पूर्व मेयर फिरहाद हकीम ने पलटवार करते हुए कहा कि केवल आरोप-प्रत्यारोप से समस्या का समाधान नहीं होगा। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को सोशल मीडिया पर कहा कि न्यू मार्केट के होटल में हुआ अग्निकांड पूर्ववर्ती सरकार की लापरवाही का भयावह उदाहरण है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्षों से पर्याप्त नियंत्रण के बिना बुनियादी ढांचे का निर्माण होता रहा और अग्नि सुरक्षा नियमों की अनदेखी करते हुए कई इमारतों को होटल तथा अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के रूप में इस्तेमाल करने की अनुमति दी गई।

# सुरक्षाबलों ने नक्सली डंप से विस्फोटक सामग्री का बड़ा जखीरा किया बरामद

एजेंसी

**सुकमा :** सुकमा जिले के चिंतलनार थाना क्षेत्र अंतर्गत इत्तलंका के जंगल में बुधवार को सुरक्षाबलों ने नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखा गया विस्फोटक सामग्री का बड़ा डंप बरामद किया। बरामद सामग्री में जिलेटिन स्टिक, बीजीएल हेड, डेटोनेटर केस, मीटर कॉर्डेक्स वायर, इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, बीजीएल प्लंजर और अन्य विस्फोटक सामग्री शामिल है। सुकमा पुलिस अधीक्षक (एसपी) मयंक गुर्जर ने बरामदगी की पुष्टि की है। पुलिस के अनुसार, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार एरिया डोमिनेशन और सर्च ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में 18 अगस्त को इत्तलंका के जंगल में नक्सलियों द्वारा सामग्री छिपाकर रखे जाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर सुकमा एसपी मयंक गुर्जर, 150वीं बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कमांडिंग ऑफिसर राकेश चंद्र शुक्ला और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नक्सल ऑप्स) रोहित शाह के समन्वय में संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया। अभियान के लिए एफ/150 बटालियन सीआरपीएफ, क्यूएटी 150 बटालियन सीआरपीएफ और चिंतलनार थाना पुलिस की संयुक्त टीम को रवाना किया गया।



### आप नेता सत्येन्द्र जैन को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की अदालत ने जल बोर्ड घोटाला मामले में पूर्व मंत्री और आप नेता सत्येंद्र जैन समेत 4 आरोपियों को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं, एक आरोपी और अडीजेबी कर्मचारी अंकित श्रीवास्तव को दो दिन के लिए एसीबी की हिरासत में भेजा गया है। एसीबी ने सभी को मंगलवार को गिरफ्तार किया था। इस मामले की जांच दिल्ली सरकार के भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो (एसीबी) द्वारा की जा रही है। गिरफ्तार लोगों में जैन के अलावा अडीजेबी के पूर्व कॉन्ट्रैक्चुअल कंसल्टेंट अंकित श्रीवास्तव, एएन एंटरप्राइजेज के मालिक नागेंद्र यादव, यूरोटेक एनवायरनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के मालिक राजा कुमार कुर्रा और सृजनहार के मालिक पंकज वर्मा शामिल हैं।

# दशहरा पर रिलीज होगी यामी गौतम की 'नयी नवेली'

**मुम्बई :** वर्ष 2026 में दशहरा के मौके पर दर्शकों के लिए एक नई फैंटेसी फैमिली एंटरटेनर 'नई नवेली' सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। अमेजन एमजीएम स्टूडियो और कॉलर येलो के बैनर तले बनी इस फिल्म में यामी गौतम धर मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन बालाजी मोहन ने किया है, जबकि कहानी हिमांशु शर्मा और दिव्य निधि शर्मा ने लिखी है। आनंद एल राय और हिमांशु शर्मा फिल्म के निर्माता हैं। संगीत की जिम्मेदारी मशहूर संगीतकार जी.वी. प्रकाश कुमार ने संभाली है। फिल्म 16 अक्टूबर 2026 को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 'नई नवेली' की कहानी मेरठ के एक बेहद अजीबोगरीब और अव्यवस्थित परिवार में आने वाली एक दुल्हन के इर्द-गिर्द घूमती है। शुरूआत में वह एक परफेक्ट बहू के रूप में परिवार में घुल-मिल



जाती है और उसकी मौजूदगी से घर में खुशियां लौट आती हैं। हालांकि, जल्द ही कहानी में रहस्य और फैंटेसी का रंग घुलने लगता है। दुल्हन का देवर उसके व्यवहार को लेकर शक करने लगता है और उसके मन में सवाल उठता है कि कहीं उसकी भाभी डायन तो नहीं है। इसके बाद परिवार के रिश्तों, हास्य, रोमांच और रहस्य से जुड़ी घटनाएं कहानी को एक अलग दिशा में ले जाती हैं। फिल्म में यामी एक ऐसे किरदार में नजर आएंगी, जिसमें मासूमियत, गर्मजोशी और शरारत का अनोखा मेल देखने को मिलेगा। निर्माता आनंद एल राय के मुताबिक, 'नई नवेली' की कहानी अपने अनोखे संसार और हर मोड़ पर चौंकाने वाले घटनाक्रम के कारण खास है। फिल्म में पारिवारिक रिश्तों के साथ फैंटेसी, हास्य और रोमांच को जोड़ा गया है।

# यूपी में निवेश करें, हर स्तर पर मिलेगा पूरा सहयोग : योगी आदित्यनाथ

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी-जापान इन्वेस्टमेंट मीट के दौरान प्रमुख कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) व बिजनेस लीडर्स के साथ आयोजित राउंड टेबल मीटिंग में निवेशकों का प्रदेश में निवेश के प्रति उत्साह दिखाने के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश में 360 डिग्री का व्यापक परिवर्तन हुआ है। इसी बदलाव के कारण आज उत्तर प्रदेश भारत के प्रमुख और ड्रीम इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन के रूप में उभरकर सामने आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश करने वाले उद्यमियों और कंपनियों को सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने निवेशकों का आह्वान करते हुए कहा कि वे उत्तर प्रदेश आएं और यहां अपनी औद्योगिक एवं कारोबारी गतिविधियों का विस्तार करें। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि निवेशकों को किसी भी स्तर पर अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। निवेशकों के सुझावों पर गंभीरता से होगा विचारयोगी ने कहा कि इन्वेस्टमेंट मीट को लेकर जिस तरह की उत्सुकता प्रमुख उद्योगपतियों और सीईओज ने दिखाई है, उसके लिए वह सभी का हृदय से धन्यवाद करते हैं। निवेशकों की ओर से दिए गए सुझावों को प्रदेश सरकार की टीम ने गंभीरता से संज्ञान में लिया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि निवेशकों के सुझावों और अपेक्षाओं पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और जो भी व्यावहारिक समस्याएं सामने आएंगी, उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। सरकार और उसकी पूरी टीम निवेश अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। युवा मैनपावर और स्किलिंग बनेगी ताकतमुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पास बड़ी संख्या में युवा मैनपावर है। सरकार युवाओं को उद्योगों की जरूरत के अनुरूप स्किलिंग और अपस्किलिंग के अवसर उपलब्ध करा रही है। इससे निवेशकों को प्रशिक्षित और सक्षम मानव संसाधन उपलब्ध होगा। प्रदेश में बदलते औद्योगिक परिदृश्य के अनुरूप इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, स्किल्ड मैनपावर और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को लगातार मजबूत किया जा रहा है। इसका सीधा लाभ प्रदेश में निवेश करने वाली कंपनियों को मिलेगा।



#### उप्र-जापान इन्वेस्टमेंट मीट में मुख्यमंत्री के साथ केन्द्रीय मंत्री भी हुए शामिल

उत्तर प्रदेश और जापान के बीच निवेश, तकनीक, नवाचार, विनिर्माण, कौशल विकास एवं औद्योगिक सहयोग को नई गति प्रदान करने के उद्देश्य से बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित उत्तर प्रदेश-जापान इन्वेस्टमेंट मीट-2026 में राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और अश्विनी वैष्णव भी शामिल हुए। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश को जापानी उद्योगों के लिए दीर्घकालिक निवेश एवं औद्योगिक साझेदारी के प्रमुख केन्द्र के रूप में विकसित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। कार्यक्रम में एस्कॉर्ट्स कुबोटा लि. तथा स्पार्क मिण्डा कॉरपोरेशन लि. की परियोजनाओं की वर्चुअल ग्राउण्ड ब्रेकिंग की गयी। एस्कॉर्ट्स कुबोटा लि. द्वारा ट्रैक्टर एवं निर्माण उपकरणों के निर्माण के लिए यीडा के सेक्टर-10 में परियोजना स्थापित की जा रही है, जिससे लगभग 3,800 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होने की सम्भावना है। स्पार्क मिण्डा कॉरपोरेशन लि. द्वारा यीडा में दो बड़े विनिर्माण प्रोजेक्ट स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें कुल 10 हजार 166 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है तथा लगभग 6,440 रोजगार के अवसर सृजित होंगे।